'रुपया'

मूल्य का मापक

या

शोषण का साधन ?

लेखक

घनश्याम वर्मा 'आचार्य'

सह-लेखक

देवेंद्र बल्हारा 'निडर'

‘रुपया’ मूल्य का मापक या शोषण का साधन ?

लेखक

घनश्याम वर्मा ‘आचार्य’

सह-लेखक

देवेंद्र बल्हारा ‘निडर’

सप्तऋषि पब्लिकेशन,
चण्डीगढ़

'RUPIYA' Mulya ka Maapak ya Shoshan ka Sadhan?

by

Ghanshyam Verma 'Acharya'

Bhatni, Distt. Deoria, U.P.

E-mail: ghanshyamverma01995@gmail.com

Co-Auhtor:

Devender Balhara 'NIDER'

Phaphrana (Karnal), Haryana

E-mail: drdev.nider@gmail.com

ISBN: 978-81-978908-7-1

First Edition: 2024

Second Edition: 2025

© Author

इस शोध ग्रन्थ का सर्वाधिकार लेखक के अधीन है

Published by

Saptrishi Publication

Plot No.25/6, Industrial Area, Phase-2,

Near Tribune Chowk, Chandigarh.

E-mail: sapatrishi94@gmail.com

94638-36591,77174-65715

All rights reserved. No part of this book maybe reproduced or transmitted in any form or by any means, electronic or mechanical, including photocopying, recording or any information storage and retrieval system, without permission in writing from the Author.

Visitusat:www.saptrishipublication.com

Printed at S.R. Printers

बाबा जय गुरूदेव जी महाराज का संदेश

अंग्रेजो का राज था, न्याय होता था। उसके अर्न्तगत रहते थे। ये सब परेशानी नहीं थी । न्याय मिलता था। इतने झगड़े नहीं थे। इतनी चोरी नहीं थी। इस तरह की बेईमानी नहीं थी। ये कुछ नहीं था। बड़ी सस्ती थी। चांदी का एक रुपया था, फिर धोखा हो गया। उसी में हम ऐसे रास्ते चले गए। हमारे घर की शान्ति चली गयी। हमारे भाइयों की शान्ति चली गयी। हमारे बच्चों की शान्ति चली गयी। हमारे समाज की शान्ति चली गई। हमारे देश की शान्ति, ये सब का सब खत्म हो गयी।

असम के सन्देश

(06-03-1986)

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की घोषणा

21 अक्टूबर 1943 को स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में स्वर्णिम दिन माना जाएगा। पूर्वी एशिया के समस्त भागों के भारतीय स्वतंत्रता लीग के प्रतिनिधि सिंगापुर के कैथे सिनेमा हॉल में स्वतंत्र भारत की अस्थाई सरकार की स्थापना की ऐतिहासिक घोषणा सुनने के लिए एकत्रित हुए खचाखच भरे हाल में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने घोषणा में कहा कि ' अस्थाई सरकार का यह कार्य होगा कि वह भारत से अंग्रेज़ो और उनके मित्रों को निस्कासित करे। अस्थाई सरकार का यह भी कर्तव्य होगा कि भारतीयों की इच्छानुकूल और उनके विश्वास की आजाद हिंद की स्थाई सरकार का निर्माण करें।

नेता जी द्वारा घोषणा का प्रेरणापूर्ण अपील के साथ समापन हुआ - " ईश्वर के नाम पर, पूर्वजों के नाम पर जिन्होंने भारतीयों को एक सूत्र में बांधकर एक राष्ट्र बनाया, उन स्वर्गवासी वीरों के नाम पर जिन्होंने शौर्य एवम आत्म बलिदान की परम्परा बनाई, हम भारतवासियों से देश की स्वतंत्रता के लिए युद्ध करने और भारतीय झंडे के नीचे आने का आह्वान करते हैं।"

यह घोषणा आजाद हिंद सरकार की ओर से निम्नलिखित द्वारा हस्ताक्षरित थी -

सुभाष चन्द्र बोस (राज्याध्यक्ष, प्रधानमंत्री,युद्ध एवम विदेश मंत्री)

कप्तान श्रीमती लक्ष्मी (महिला संगठन)

एम.ए.अय्यर (प्रचार एवम प्रसारण)

लै. कर्नल ए.सी.चटर्जी (वित्त)

लै. कर्नल अजीज़ अहमद, लै. कर्नल एन.एस.भगत, लै. कर्नल जे.के.भोंसले, लै. कर्नल गुलजार सिंह, लै. कर्नल एम.जेड. कियानी, लै. कर्नल ए.डी.लोगनादन, लै. कर्नल एहसान कादिर, लै. कर्नल शाहनवाज (सशस्त्र सेना के प्रतिनिधि), ए.एम. सहायक सचिव (मंत्री स्तर), रासबिहारी बोस (उच्चतम परामर्शदाता), करीम गनी, देवनाथ दास, डी.एम. खान, ए. यलप्पा, जे. थीवी, सरदार इशर सिंह (परामर्शदाता), ए. एन. सरकार (कानूनी सलाहकार)

विनोबा भावे जी के विचार

6 अगस्त 1948 को राजघाट पर अपने वक्तव्य में विनोबा कहते हैं— "पैसे (करेंसी) की कीमत रोज बदलती रहती है। वह पैसा पक्की बात क्या कर सकता है। वह तो लफंगा है। जो आज एक बात कहता है , कल दूसरी कहता है, और परसों तीसरी। उसी को हम लफंगा कहते हैं न ? वही पैसे की हालत है। उसी पैसे को हमने अपना कारोबारी बना लिया है। इसी से हमारी सरकार घाटे में आ गई है और लोग भी तंग हो रहे हैं। पैसे की असली कीमत तो कोई है ही नहीं। इसलिए इसकी कीमत चढ़ा और उतरा करती है (इन्फ्लेशन और डिफ्लेशन)। अनाज की (वास्तिवक) कीमत तो न चढ़ती है न उतरती है। उसकी पोषकशिक्त में ही कमी-बेशी हो तो दूसरी बात है। लेकिन वैसा कम होता है।" (शांति यात्रा, विनोबा, पृष्ठ-141)

आगे एक अन्य स्थान पर भी वे करेंसी को लफंगा करार देते हुए कहते हैं— "रुपया तो लफंगा है। कभी कहता है रुपये में 4 सेर जवारी, कभी कहता है रुपये में 2 सेर जवारी। और ऐसे लफंगे को हमने अपना कारभारी (प्रबंधक) बनाया हुआ है। इसलिए हमारा जीवन भी वैसा ही बन गया है। आजकल हमारे देहातों का जीवन भी कांचन लोभ के कारण परावलंबी और दुःखी बन गया है। अन्न को छोड़कर जीवन की दूसरी बहुत सारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए देहातियों को भी रुपये की जरूरत होने लगी है। और रुपया प्राप्त करने का एकमात्र साधन है अनाज। वह उनको शहरों में लाचारी से मुंहमागें भाव बेचना पड़ता है। देहाती लोग अगर अपने जीवन की मुख्य जरूरतें अपने देहातों में ही पूरी करेंगे तो लफंगे रुपये की गुलामी से वे मुक्त होंगे।" (विनोबा समग्र साहित्य, खं ड-15, भाग-1, पृष्ठ-19-20)

डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के विचार

26 जनवरी, 1950 को हम अंतर्विरोधों के जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं। राजनीति में हम समानता प्राप्त करेंगे और हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन में असमानता होगी। राजनीति में हम एक आदमी एक वोट, एक वोट एक कीमत के सिद्धांत को पाने जा रहे है। हम सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में अपने सामाजिक एवं आर्थिक ढांचे के अंतर्गत एक आदमी, एक कीमत के सिद्धांत को अस्वीकार करते रहेंगे।

प्रतिरोधों के इस जीवन को हम कब तक वहन करते रहेंगे? हम अपने सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में कब तक समानता को नकारते रहेंगे?

अगर यह असमानता की स्थिति लगातार बनी रही तो राजनैतिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाएगी। जितनी जल्दी हो सके इस अंतर्विरोध को खत्म करना होगा, वरना वे लोग जो इस असमानता को भोग रहे हैं, राजनैतिक लोकतंत्र के ढांचे का जिसे संविधान सभा ने बड़ी मेहनत से बनाया है, उड़ाकर रख देंगे।

25 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा में डॉ0 बी.आर. अम्बेडकर द्वारा दिए गए भाषण से उद्धृत।

राजीव दीक्षित जी के विचार

जिस सिस्टम को हम चला रहे हैं वो सिस्टम अंग्रेजों ने बनाया था लूटने के लिए, गरीबी पैदा करने के लिए, भूखमरी पैदा करने के लिए।

हम दुर्भाग्य से वही सिस्टम चला रहे हैं जो अंग्रेज हमें देकर गये थे। जिसको हम Parliamentary Democratic System कहते हैं। यह अंग्रजों की देन है हमें। हमने अपने देश में इसका इन्वेंशन नहीं किया।

अंग्रेजों ने ये सिस्टम जो बनाया जिसको हम Parliamentary Democratic System कहते हैं। ना तो वो पार्लियामेंट्री ना वो डेमोक्रटिक है। वो हंड्रेड एण्ड वन पर्सेंट Aristocratic System है।

कुछ बातें.................आभार

.................आभार व्यक्त करने के लिए पर्याप्त शब्द ना होते हुए भी आप सभी का सदैव ऋणी रहूँगा

सर्वप्रथम मैं ईश्वर को बारंबार प्रणाम करने के उपरांत अपने स्व. माता-पिता का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं, जिनके आशीर्वाद से ही यह ग्रन्थ पूर्ण हो सका है।

मेरे समस्त परिवार का आभार, विशेष रूप से मेरी अर्द्धांगिनी श्रीमती निर्मला देवी जी, पुत्र विनय कुमार वर्मा, पुत्री ज्योति वर्मा, सभ्या वर्मा, शालिनी वर्मा का, जिन्होंने हमें इस खोज तथा लेखन में पूर्ण सहयोग, प्रेरणा एवम् मार्गदर्शन प्रदान किया।

राम और भरत सरीखे मेरे भाईयों का विशेष आभार। छोटे भाई संतोष वर्मा को बहुत-बहुत आभार।

देशभक्त साथियों!

चूँकि मैं कोई लेखक नहीं हूँ, अतः पुस्तक में भाषा की त्रुटि के लिए क्षमा चाहता हूं। इस पुस्तक को मैं वर्षो चली खोज की तपस्या से प्रसन्न उस प्रभु की कृपा रूपी प्रसाद मानता हूं।

रुपए के माध्यम से देश और दुनिया के लोगों से हो रही लूटपाट, शोषण तथा इसके दुष्परिणाम ने हमें लेखन के लिए विवश कर दिया। जिससे हम अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करते हुए भारत के किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, अधिकारियों की तथाकथित रुपए से हो रही शोषण को तथ्यों, उदाहरण और दस्तावेजी प्रमाण के साथ प्रकाशित कर रहे हैं। आपको यह खोजी ग्रंथ कैसा लगा, आप अपनी प्रतिक्रियाएं अवश्य दें।

मैं अपने उन सभी मित्रों का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने इस " रुपया मूल्य का मापक या शोषण का साधन?" के अनुसंधान में हमारा सहयोग किया और आज भी तन, मन, धन से भारत भक्ति में लगे हैं।

हम विशेष रूप से अपने मित्र 'अर्थशास्त्री' संजीव शर्मा जी का आभार प्रकट करता हूं, जिनके प्रयास से भारत के अनेक विद्वानों, संत-महात्माओं तथा देशभक्त संगठन प्रमुखों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

भारत के समस्त प्रांतों में भारत की सेवा में समर्पित "जनता सरकार मोर्चा" के समस्त कार्यकर्ताओं सहित देवेंद्र बल्हारा जी की कर्मठता, विद्वता तथा भारत भक्ति ने इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए विवश कर दिया।आप सभी का हार्दिक वंदन, अभिनंदन और आभार प्रकट करता हूं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, राजीव दीक्षित, भगत सिंह, उधम सिंह आदि देशभक्तों की "व्यवस्था परिवर्तन" करके भारत को सम्पूर्ण आजादी प्राप्त करने की जो मनोकामना थी, उस अधूरे कार्य को पूरा करने निकले डा. देवेंद्र बल्हारा एवम् 'जनता सरकार मोर्चा' के देशभक्त कार्यकर्ताओं को ईश्वर इतनी शक्ति दें कि यह शहीदों की अंतिम इच्छा "व्यवस्था परिवर्तन" के कार्य को पूर्ण कर सकें।

आभार...........

घनश्याम वर्मा

प्रस्तावना

भारत भक्ति अर्थात भारत की सेवा का नाम ही योग है। भारत की सेवा बिना सत्यानुभूति संभव नहीं है। यही सेवा सृष्टि चक्र को चला रही, सकाम होने पर सगुण ब्रह्म है, और निष्काम होने पर परम ब्रह्म है। अपने विविध रूपों में पालन, सृजन, रक्षा करती सेवा, कर्म क्षेत्र में कर्तव्य एवम दायित्व का निर्वाह करती सेवक है। भारत की सेवा में चरण पादुका को मांजते, चमकाते, मरम्मत करते रविदास की कठौती में गंगा बहती थी, जिसमे गोता लगाती जनता ने अस्पृश्यता के बाड़े को तोड़ डाला था। मोची को सतगुरु कहते हुए, जमाने को कदमों में झुकना पड़ा। काशी के विद्वानों के बीच बैठ कर, वैचारिक क्रान्ति (ज्ञान युद्ध) का सूत्रपात करते, अनपढ़ कबीर की सेवा ने भारत केसरी ही नहीं बनाया बल्कि करगह चलाते जुलाहे को गुरुदेव कहते हुए, जमाने को माथा टेकना पड़ा। भारत की सेवा में भिक्षुक बना अशोक सम्राट से महान बन गया, तो मदन मोहन मालवीय को महामना की उपाधि मिली। श्री कृष्ण सारथी बन कर, भगौड़े अर्जुन को क्षत्रियत्व का बोध कराते, भारत की सेवा में अपने पिता, पितामह, गुरु, बंधु-बांधवों के वध को ही मुक्तिद्वार, भक्तियोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग बताते, श्री कृष्ण को अहंकारी (कौरवपक्ष) ग्वाला कहते, खिल्लियां उड़ाते थे। कुरुक्षेत्र में भीष्म के प्रदर्शन को देखकर, भयभीत पांडवदल पलायनवादी हो गया। किंकर्तव्यविमुढ़ अर्जुन का गांडीव बेकाम हो गया। अहंकारवाद की जय-जयकार होने लगी। तब भारत की सेवा में समर्पित, हथियार न उठाने की अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ता, द्वापर का ग्वाला सुदर्शन चक्र लेकर मैदान में कूद पड़ा। चारों खाने चित्त अहंकारवादियों के सरगना भीष्म को ही नहीं, बल्कि जमाने को भी ग्वाले को योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हुए माथा टेकना पड़ा था।

भारत की सम्पदा लूटकर भारत भक्तों का खून पी-पीकर अट्टहास भरते अंग्रेजों से लड़ना, सूली पर चढ़ने के समान था। उन्हीं अंग्रेजों का दरबार करते तथाकथित नेता, आजादी की भीख मांग रहे थे। ऐसी बेला में भारत के सेवक खुदीराम बोस, भगत सिंह, उधम सिंह इत्यादि भारत भक्तों ने अपनी समाधि फांसी के फंदे पर लगाई। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आह्वान पर महादानी दधीचि की तरह जर्मन से जापान तक समाधि लगाते शहीदों ने स्वाधीनता संग्राम के महायज्ञ में पूर्णाहुति अपना खून देकर की। तब अंग्रेज भागे और तथाकथित आजादी मिली।

भारत को विदेशों में बंधक रखकर, कर्ज पर कर्ज की खेपें लाते, घोटाले पर घोटाले करते, कर्ज की रकम डकारते, मूल्य की मापक 'रुपए' के सैद्धांतिक मानक 1.166 ग्राम एवम् विधि मान्य मानक 777 मिलीग्राम स्वर्ण प्रति रुपए मात्रा को लूट-पाट करते-कराते, रुपए के मानक (Standard) को ही खत्म करते, बैंक नोटों के "प्रतिभूति"(Guarantee) को "समर्थन" के रूप में कहते, गवर्नर के वचन-खण्ड को गैरकानूनी तरीके से कूटकरण कर, वचन-खण्ड को बदलते, भारत में आर्थिक अस्थिरता फैलाते, भारत की जनता का सर्वांगीण शोषण करते, अकूत धन विदेशी बैंको में भरते, तथाकथित सरकारों के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा मंत्री हैं- कर्जखोर और दिवालिया

(Defaulter), न कि भारत के किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और जनता। उनकी भ्रष्ट व्यवस्था में दिवालिया हो गई सारी योजनाएं, परियोजनाएं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हवाले चली गई।

इस तरह भ्रष्ट नेताओं ने भारत को कर्ज के भंवरजाल में फंसाकर, अपनें छल-कपट, धोखे को पूंजीनिवेश के बहाने छिपाते हुए देश को पुनः गुलामी में झोंक रहे हैं। इससे सिद्ध होता है यह भ्रष्ट नेता बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बैंको के एजेंट (दलाल) हैं। जो अवैध रुपए के बदले कर्जदारों के वैध संपत्तियों की जब्ती, गिरफ्तारी और नीलामी कर रहे हैं। वास्तव में संविधान का गला घोंट रहे हैं। सच कहूं तो कर्जदारों की गिरफ्तारी, असल में अपहरण है, और नीलामी हल्ला-बोल डकैती समान राष्ट्रीय महा अपराध (देशद्रोह) है, जिसे करने वाले, करवाने वाले राष्ट्रीय महा अपराधी राष्ट्रद्रोही हैं। इन्ही देशद्रोहियों से देश के लूटे गए धन की वसूली (रिकवरी) करना और करवाना ही असल देशभक्ति है।

उत्पादन का स्रोत खेत-खलिहानों, उद्योग-धंधों और योजनाओं-परियोजनाओं में कर्मयोग रमाते, कर्मयोगी किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, सभी जैविक संसाधनों के उत्पादनकर्ता, अन्नदाता, प्राणदाता, जीवनदाता हैं। सार्वभौम सत्य, गणित, नियम, अधिनियम, सत्य-तथ्यों, दस्तावेजों से प्रमाणित हो गया है कि उत्पादन बढ़ा है, वस्तुएं सस्ती हुई है, किंतु छल-कपट कर गैरकानूनी तरीके से रुपए का मानक परिमाण घटाकर (कूटकरण) अर्थात मुद्रा स्फीति अवमूल्यन से किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, कर्मचारियों और कर्जदारों की निरंतर घटती क्रय शक्ति शून्य की ओर अग्रसर होने से बढ़ती जा रही महंगाई जानलेवा होती जा रही है। असल कर्मयोगी भी नंगे और भूखे होकर आत्महत्या करने पर मजबूर हैं एवम् घुट-घुट कर दम तोड़ते जा रहे हैं, और उनका खून पी-पीकर यह अपराधी राष्ट्रद्रोही अरबपति से पदमपति होते जा रहे हैं।

हे कर्मयोगी तुम्हारे कोटि-कोटि हाथ जो पालनहार, सृजनहार हैं, अवैध रुपया और डालर के धनात्मक शोषण से तुम्हें रोजी रोटी नहीं दे सके, तो क्या जनता के खून-पसीने की गाढ़ी कमाई को चूस-चूसकर पानी की तरह बहा रही कार्यपालिका, विधायिका और तथाकथित अवतारों के छूमंतर से क्या रोजी रोटी मिल जाएगी ? कर्मयोग से नहीं ? क्या कभी, किसी युग में ऐसा हुआ है, जो अब संभव होगा ? हे कर्मयोगी तुम्हारे कथित सेवक, रक्षक से भक्षक बनकर, तुम्हें लूट रहे हैं और विदेशियों से तुम्हें लुटवा भी रहे हैं।

हे कर्मयोगियों! तथाकथित नेताओं द्वारा आर्थिक और मानसिक गुलामी की जंजीरों में तुम्हे जकड़ दिया गया है। शहीदों के मंदिर, भारत के भगवान किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी आदि कर्मयोगियों की आर्थिक, मानसिक गुलामी की मुक्ति की युक्ति का केवल एक ही विकल्प है- वैचारिक महासंग्राम। इसी ज्ञानयुद्ध से अब देशवासियों की कर्जमुक्ति और रोजी-रोटी संभव है।

कोटि-कोटि भुजाओं वाले, हे कर्मयोगी! तुम ही भूपाल, महिपाल, स्वयं सम्राट भारत हो। तुम ही सर्व-समर्थ, तुम ही नियामक, नियंता प्रभु श्री राम हो, श्री कृष्ण के रूप हो। शहीदों के इष्टदेव भी तुम ही हो। तुम्हारी सेवा में शहीद हुए, शहीदों की समाधि पर जमाने को माथा टेकना पड़ा है। तुम्हारी सेवा से ही धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। शहीदी पथ के पथिक, तुम्हारी सेवा के व्रतधारी हम तुच्छ सेवक तुम्हारे चरणों में शीष झुकाते कोटि-कोटि प्रणाम कर रहे हैं।

घनश्याम वर्मा

अनुक्रमणिका

- भारतीय मुद्रा 'रुपया' का इतिहास 19
- वैध मुद्रा का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है- वित्त मंत्रालय भारत सरकार 20
- भारतीय रुपया- 20
- अंग्रेजों द्वारा भारतीय सैद्धान्तिक मौद्रिक प्रणाली का अन्त 21
- रुपया में सोना की मात्रा (मानक) ही रुपया है- 22
- कूटकरण का इतिहास -रेगुलेशन एवं एक्ट (कानून) द्वारा शोषण लूट-पाट 23
- ब्रिटिश शासन द्वारा शोषण लूट-पाट 25
- ब्रिटिश इण्डिया संसद द्वारा भारतीय सिक्का अधिनियम-1906 पारित 27
- भारत को लूटने के लिए भयानक षडयंत्र 28
- अर्थशास्त्री डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं अनर्थशास्त्री प्रो. केन्स की टक्कर 29
- ब्रिटिश शासन द्वारा भारत की लाखों टन सोना की लूट-पाट 31
- भारत की तबाही, बर्बादी के लिए हिल्टन यंग आयोग द्वारा रिजर्व बैंक की स्थापना 34
- 'सूचना का अधिकार' के अन्तर्गत रिजर्व बैंक की गोल-माल, रद्दो-बदल सामने आया 35
- 'सूचना का अधिकार अधिनियम' द्वारा पकड़ा गया रिजर्व बैंक की झूठ एवं रद्दो-बदल 39
- रिजर्व बैंक द्वारा आर. टी. आई. के उत्तर में रद्दो-बदल कर दिया गया- उत्तर 40
- राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का सम्मान या अपमान ? 43
- भारतीय न्याय संहिता के अनुसार कूटकरण अपराध 44
- चाँदी के सिक्का, रुपया का प्रथम कूटकरण-1940 44
- आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द का सैद्धांतिक भारतीय रुपया 45
- वैध सरकार 'आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द' की वैध रुपया आज भी बन्द नहीं 47
- नेता जी की शौर्य गाथा को जनता से छिपाया 48
- आजाद हिन्द करेंसी 50

- किसानों, मजदूरों के लूट-पाट एवं शोषण का रहस्यमय जाल 51
- सन् 1970 और सन् 2024 में मजदूर की मजदूरी का तुलनात्मक विश्लेषण 56
- मुद्रा 'रुपया' कहाँ बनाया या छापा जाता है ? 57
- कृषि (खेत-खलिहान) सम्पदा 58
- प्रकृति द्वारा प्रदत्त सम्पदा 58
- औद्योगिक प्रतिष्ठान सम्पदा 59
- भारत में शोषण के प्रमुख हथियार, बैंकिंग, ब्याज और मुद्रा बाजार-बैंकिंग द्वारा लूट-पाट, शोषण 60
- ब्याज द्वारा लूट-पाट एवं शोषण 62
- मुद्रा का मूल्य किसे कहते है ? 64
- अवैध मुद्रा बाजार आर्थिक आतंकवादियों का जमघट 67
- धातु के रूप में सोने की मात्रा, मुद्रा (रुपया) का प्राण 69
- विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका जवाब दे 70
- मुद्रा प्रणाली 'मानिटरी सिस्टम' असंवैधानिक 73
- रुपया पर एक परिचर्चा 74
- आयात-निर्यात में शोषण का गणितीय आँकड़ा 77
- भारत में व्यक्ति या विधि का शासन 80
- लूटपाट, शोषण की कहानी 'रुपया' सिक्कों और आँकड़ों की जुबानी 82
- सैद्धान्तिक 'भारतीय रुपया' मुगलकाल 83
- कूटकृत 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया' ईस्ट इण्डिया कम्पनी काल सन् 1818-1862 84
- कूटकृत 'गवर्नमेंट रुपया' ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट काल 85
- ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा पेपर करेंसी एक्ट, 1882 लागू एक्ट, XX ऑफ 1882 87
- ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा 'भारतीय सिक्का अधिनियम' एक्ट, III ऑफ 1906 भारत के संसद में पारित 87
- ब्रिटिश 'रॉयल कमीशन' या 'हिल्टन यंग आयोग' के सुझाव पर भारत में रिजर्व बैंक की स्थापना 88
- विभिन्न प्रकार की करेंसी देने की बाध्यता धारा-39 के शब्दों में 90
- ब्रिटिश गवर्नमेंट द्वारा 'गवर्नमेंट रुपया' का प्रथम कूटकरण 91

- आजाद हिन्द सरकार का सैद्धान्तिक वैध रुपया जारी, सन् 1944 91
- चाँदी का 'गवर्नमेंट रुपया' बन्द, सन् 1947 93
- ब्रिटिश इण्डिया 'गवर्नमेंट रुपये' का पुनः कूटकरण- 1966 93
- रिजर्व बैंक द्वारा जनता के साथ छल, कपट, धोखाधड़ी- सन् 1968 93
- ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा 'गवर्नमेंट रुपया' का पुनः कुटकरण-1991 95
- अमेरिका की मुद्रा 'डालर' वैध या अवैध? 95
- रुपया के सिक्कों के मानक (स्टैन्र्डड) एवं मानक मूल्य का दस्तावेज 98
- पेपर करेंसी, बैंक नोटों का मानक (स्टैन्र्डड) एवं मानक मूल्य का दस्तावेज 99
- भारत के विकास दर के आंकड़े 126
- 'सूचना का अधिकार अधिनियम-2005' के अन्तर्गत भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक द्वारा दिये गये सूचना, प्रश्न-उत्तर 135
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 19.06.2015 136
- आर टी आई वित्त मंत्री भारत सरकार दिनांक 19.06.2015 146
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 15.07.2015 149
- आर टी आई वित्त मंत्री भारत सरकार दिनांक 20.07.2015 156
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 26.10.2015 159
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 22.02.2016 165
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 13.05.2015 170
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 28.09.2017 182
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 07.05.2018 189
- आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 12.09.2018 193
- आर टी आई वित्त मंत्री भारत सरकार दिनांक 23.09.2020 198
- आर टी आई प्रधानमंत्री भारत सरकार दिनांक 18.01.2023 215
- आर टी आई रिर्जव बैंक दिनांक 25.10.2023 236
- वैदिक कालीन मुद्रा का मानक (स्टेंडर्ड) 239
- प्राचीन भारतीय मुद्रा एवं मानक 240
- मुगल कालीन मोहरों के भार मानक (स्टैंर्डड) एवं मानक मूल्य 241
- रैगुलेशन के मानक (स्टैंर्डड) 1793-1833 तक 242
- एक्ट 1835-1871 तक द्वारा निर्धारित मानक (स्टैंर्डड) एवं मानक मूल्य 252

- पेपर करंसी एक्ट 1882 263
- एक्ट XXII 1899 265
- कायनेज एक्ट 1906 266
- एक्ट VI 1927 269
- रुपए के सिक्के का प्रथम कुटकरण, एक्ट VI 1940 271
- रुपए के सिक्कों का परिवर्तित मानक भार (स्टैंर्डड) ग्रेंस और ग्राम में - कुल भार (वजन) एवं शुध्द चांदी भार (वजन) 273
- सोना सिक्का 'मोहर' का परिवर्तित मानक भार (स्टैंर्डड) ग्रेंस और ग्राम में - कुल भार (वजन) एवं शुध्द सोना भार (वजन) 274
- रुपए के मानक (स्टैंर्डड), मानक मूल्य की इकाईयां, भिन्न शुद्धता, एकरूपता को दर्शाती तालिका 276
- अमरीकन डॉलर एक्ट - 1873 277
- अभिलेखागारों से प्राप्त व अन्य दस्तावेज 281
- संसद में लाया गया रिर्जव बैंक का बिल 283
- स्थापना के समय रिर्जव बैंक ऑफ इंडिया के कुछ शेयर होल्डर्स की सूची 285
- भारतीय रिर्जव बैंक एक्ट-1934 की एक्ट की मूल प्रस्तावना 289
- मूल एक्ट की धारा-59 के अनुसार प्रति रुपया स्वर्ण मानक जिसे अब निकाल दिया गया है 290
- स्त्रोत - अभिलेखागार, रिर्जव बैंक ऑफ इण्डिया 291
- अखबारों की नजर से.... 316
- प्रति 10 ग्राम सोने का बाजार मूल्य 1950 से 2023 तक 317
- तुलनात्मक मान 318
- सदंर्भ सूची 319
- कूटकरण, ब्याज, लोन द्वारा जनता के धन की योजनाबब्द्ध लूट का सबूतों समेत ऐसा खुलासा कभी न हो पाया 320
- विधिक परामर्श हेतू जनता सरकार मोर्चा के देशभक्त अधिवक्ताओं एवम् अन्य क्रांतिकारियों के सहयोग हेतू कोटिशः आभार 321
- जनता सरकार मोर्चा एवं अन्य संगठनों के सदस्यों का हृदय से आभार 323

भारतीय मुद्रा 'रुपया' का इतिहास

भारत की आर्थिक दुर्दशा, भारतीय मुद्रा रुपए की गिरती क्रय शक्ति, मुद्रा संकट, कर्ज के जाल में फंसकर किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्या ने बहुत सारे प्रश्न खड़ा कर दिए है, जिसके समाधान हेतु प्रार्थी ने "सूचना का अधिकार अधिनियम 2005" के अंतर्गत भारत सरकार के प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, भारतीय रिजर्व बैंक आदि से भारतीय मुद्रा रुपया एवं विदेशी मुद्रा डालर, पौण्ड से सम्बन्धित प्रश्न किया, जिसके उत्तरों से संतुष्ट न होने पर स्वयं उत्तर ढुढ़ने की खोज में लग गया।

बहुत सारे दस्तावेजों से जिसमें रुपया की वैध निविदा (Legal Tender) देश और दुनिया के बहुत सारे अर्थशास्त्रियों द्वारा रुपए से सम्बन्धित खोज तथा उनके विचारों से ऐसा प्रतीत होता है कि सैकड़ों वर्षों से भारत को अवैध मुद्रा 'रुपए' के द्वारा शोषण किया गया है, शोषण किया जा रहा है, और आगे भी शोषण किया जाता रहेगा।

इस अवैध मुद्रा, रुपया के शोषण ने हमारे संविधान की मूल अवधारणा, हम नागरिकों के संवैधानिक मूल अधिकारों एवं संविधान की धारा-21 जो जीने का अधिकार देती है, उन सभी को खत्म कर दिया है।

अवैध रुपए के शोषण से विवश होकर किसानों द्वारा या कर्जदारों द्वारा आत्महत्या का दौर जारी है और ऐसा प्रतीत होता है कि आगे और तीव्र गति से आत्महत्याओं का दौर जारी रहेगा।

अतः अवैध रुपए के माध्यम द्वारा हो रहे असंवैधानिक तरीके से शोषण, नियम एवं कानूनों की अवहेलना व अविवेकपूर्ण मनमाना शोषण कर रहे उन संस्थाओं या व्यवस्थाओं या व्यक्तियों से न्यायपालिका को

अवगत कराने का प्रार्थी अपने संवैधानिक कर्त्तव्यों का पालन कर रहा है एवं न्यायपालिका से यह आशा कर रहा है कि न्यायपालिका तत्काल अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए देश के संविधान एवं संवैधानिक मूल अधिकारों की रक्षा, नियम एवं कानूनों की बहाली तथा हमारे जीने की संवैधानिक अधिकार की बहाली हेतु कर्ज की कुर्की नीलामी पर तत्काल प्रतिबन्ध लगावे, जिससे अवैध रुपए के वसूली में वैध जमीन-जायदाद की नीलामी कुर्की न हो सके, एवं किसानों की आत्महत्या रूक सके।

वैध मुद्रा का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है- वित्त मंत्रालय भारत सरकार

प्रार्थी द्वारा दिनाँक 19.06.2015 को वैध मुद्रा 'रुपए' से सम्बन्धित प्रश्न करके "सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005" के अन्तर्गत प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, भारतीय रिजर्व बैंक से जो सूचना मांगी थी। जिसका जवाब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनाँक 25.06.2015 एवं 25.07.2015 को तथा वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनाँक 30.07.2015 को भेजी गई थी। रिजर्व बैंक ने अपनी सूचना में कहा है कि "वांछित सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है"। तथा भारत सरकार के वित्तमंत्रालय द्वारा सूचना में कहा गया है कि "विनिमय माध्यम के रुपए, सोने के सिक्के के मानक अथवा डालर के प्रयोग के मानक हेतु विधिक प्रारूप की किसी वैध मुद्रा का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है।" तो अब प्रश्न यह खड़ा हो रहा है कि वर्तमान में जो रुपया चल रहा है या जो विदेशी मुद्रा भण्डार के रूप में डालर आदि रखा गया है,वह मुद्रायें रुपया' या डालर वैध है या अवैध?

प्रार्थी द्वारा उसके बाद रुपया से सम्बन्धित बहुत से प्रश्न "सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत" दिनाँक 15.07.2015, 20.07.2015, 26.10.2015, 22.02.2016, 13.05.2016, 28.09.2017, 07.05.2018, 12.09.2018, 23.09.2020, 18.01.2023 एवं 25.10.2023 को सूचना मांगी थी।

जिसका प्रश्नोत्तर पृष्ठ संख्या 135 से 238 तक देखें।

भारतीय रुपया-

प्राप्त दस्तावेजों एवं खोजों से पता चलता है कि मुद्रा का चलन अति प्राचीन है। मुद्रा का जन्म मानक धातु एवं मानक मूल्य पर आधारित है। वैदिककाल, प्राचीनकाल से लेकर आजतक वैध मुद्रा-मानक, मूल्य पर आधारित था और है। जिसके बहुत से प्रमाण है। लेकिन अंग्रेज इतिहासकार और अर्थशास्त्रियों ने रुपए के जन्म देने का श्रेय 'शेरशाह सूरी' को दिया,

इसलिए कि शेरशाह सूरी ने प्राचीन समय से चली आ रही मुद्रा के मानक, मूल्य को अपनाते हुए उस मुद्रा (चांदी का सिक्का) का नामकरण कर उसका नाम 'रुपया' रखा, जो दस्तावेजों में अंकित है।



शेरशाह सूरी

'रुपया' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 'शेरशाह सूरी' ने भारत में अपने शासन 1540-1545 के दौरान किया था। शेरशाह सूरी ने अपने शासनकाल में जो रुपया चलाया वह एक चांदी का सिक्का था जिसका भार मानक-179 ग्रेन Grain(11.635ग्राम) या लगभग 1-तोला का था। रुपए की बड़ी इकाई के रूप में सोने का सिक्का, जिसका वजन 1-तोला था जिसे चलन मे लाया, उसे मोहर या दस रुपया कहा जाता था। भारत में प्रथम बार सैद्धांतिक मुद्रा रुपए का जन्म हुआ जो रुपए का वैध दस्तावेज (लीगल टेन्डर) है। रुपए से छोटी इकाई के रूप में तांबे का सिक्का चलाया जिसे 'दाम' कहा जाता था। कालांतर में मुगल शासन के दौरान पूरे उपमहाद्वीप में मौद्रिक प्रणाली सुदृढ़ करने के लिए तीनों धातुओं के सिक्कों का मानकीकरण किया गया। शेरशाह सूरी के शासनकाल के दौरान आरंभ किया गया रुपया आज तक प्रचलन में है। अंग्रेजों के आने से पहले तक 1-मोहर जिसका वजन लगभग 1-तोला शुद्ध सोना था। जिसकी कीमत (मूल्य) 10 रुपए था।

मुहर - हुमायूं

एक रूपया-शेर शाह सूरी (अफगान)

मुहर - अकबर

अंग्रेजों द्वारा भारतीय सैद्धान्तिक मौद्रिक प्रणाली का अन्त

यह मानक मौद्रिक प्रणाली इतनी सुदृढ़ थी कि सन् 1700 में अंग्रेजों के आने से पहले भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 24.4 प्रतिशत आय के साथ विश्व में सबसे बड़ी थी, भारत कृषि केन्द्रित एवं उद्योग प्रधान देश रहा है। अंग्रेजों के आने से पहले व्यापार के लिए पर्याप्त

मात्रा में सोने-चांदी के सिक्के के रूप में मुद्रा उपलब्ध थी। जिसके सैद्धान्तिक मानक के अनुसारः- (भारतीय मानक स्टेण्डर्ड)

शुद्ध 1-तोला चाँदी या, 11.664 ग्राम या, 180 ग्रेन्स का सिक्का =1 रुपया

शुद्ध 1-तोला सोना या, 11.664 ग्राम या, 180 ग्रेन्स का सिक्का =1 मोहर या 10 रुपया

जब अंग्रेज भारत पर कब्जा किए, तब भारत का लूट-पाट एवं शोषण करना शुरु किया एवं शोषण करने का सबसे उत्तम हथियार भारतीय मुद्रा रुपया को चुना, इसके लिए मुद्रा बाजार की स्थापना कर मुद्रा के मूल्य को घटा-बढ़ा कर शोषण शुरु किया।

रुपया में सोना की मात्रा (मानक) ही रुपया है-

जबकि सिद्धांततः मुद्रा का मानक मूल्य स्थिरांक होता है, घटाया या बढ़ाया नहीं जा सकता है। ठीक उसी प्रकार जैसे- भार की मापक कि0ग्रा0, दूरी की मापक फीट, समय की मापक मिनट इत्यादि मापकों के मानक स्थिरांक होते है, उसी प्रकार भारतीय मुद्रा रुपया जो मूल्य की मापक है इसकी मानक मात्रा तथा मूल्य भी स्थिरांक होता है।

(क) मानक (स्टैण्डर्ड) मात्रा को ही रुपया कहा जाता है जो मूल्य मापने का बाट है।

(ख) मानक (स्टैण्डर्ड) मात्रा ही ज्ञान-विज्ञान या सिद्धांत है।

(ग) मानक (स्टैण्डर्ड) मात्रा ही लोक कल्याणकारी अवधारणा तथा नैसर्गिक न्याय है।

(घ) मानक (स्टैण्डर्ड) मात्रा ही उत्पादन का स्रोत तथा सेवा की प्रतिस्पर्धा है।

(ङ) मानक (स्टैण्डर्ड) मात्रा ही आर्थिक आजादी एवं सर्वागींण विकास है।

जिसका मूर्त रूप सोने की मानक मात्रा है जो नैसर्गिक सिद्धांत (Natural Principal) जो अर्थशास्त्रियों के शब्दों में अपने आप में कुछ नहीं (Money is Nothing) परिकल्पना है। साध्य नहीं साधन है, जो संपत्ति के बदले संपत्ति की कीमत के रूप में विनिमय

(लेन-देन) करती, मुद्रा के रूप में हजारों वर्षों से चली आ रही है और आज भी उसकी विश्वसनीयता कायम है।

मापक के सिद्धांत के अनुसार दुनिया के हर मापक का मानक (स्टैण्डर्ड) मात्रा स्थिरांक होता है उसी प्रकार भारतीय मुद्रा (रुपया) मूल्य की मापक है, इसकी मानक मात्रा भी स्थिरांक होती है उसे घटाया या बढ़ाया नहीं जा सकता है।

रुपए के मानक (स्टैण्डर्ड) मूल्य को घटाना या बढ़ाना अवैध है।

भारतीय न्याय संहिता 2023 अध्याय-10 धारा-178-188 तक सिक्कों, करेंसी नोट, बैंक नोटों एवं सरकारी स्टैंप के कूटकरण अपराध सम्बन्धित धाराएं हैं (आईपीसी-अध्याय 18, धारा-489 क,ख,ग,घ,ङ तक करेंसी नोट या बैंक नोटों के कूटकरण से सम्बन्धि त अपराधिक धाराएं है) जिसमें आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, जो प्रमाणित साक्ष्य है।

कूटकरण का इतिहास –

रेगुलेशन एवं एक्ट (कानून) द्वारा शोषण लूट-पाट

प्राकृतिक सिद्धांतों एवं मुद्रा विज्ञान पर आधारित भारतीय मौद्रिक प्रणाली जो व्यक्ति एवं राष्ट्र के विकास के लिए बना जिससे राष्ट्र एवं व्यक्ति का दिन-प्रतिदिन विकास हो रहा था।

अंग्रेजों ने भारत पर कब्जा कर गुलाम बनाने के लिए सबसे पहला प्रहार भारत के धन की लूटपाट एवं शोषण का काम शुरु किया, जिसमें शोषण के लिए प्रमुख हथियार बनाया गया भारतीय मुद्रा "रुपया" को, जो भारतीय मुद्रा "रुपया" प्राकृतिक सिद्धांतों एवं मुद्रा विज्ञान (अर्थशास्त्र) पर आधारित मौद्रिक प्रणाली थी, उस मौद्रिक प्रणाली को तोड़कर कूटकरण कर "ईस्ट इण्डिया कंपनी" ने भारतीय गुलामों के लिए 1 मई 1793 को रेगुलेशन XXXV भारत पर लागू किया, जिससे भारत की जनता में भुखमरी, बेरोजगारी, महँगाई इत्यादि पैदा हो, जिससे भारत की जनता को पीढ़ी-दर-पीढ़ी गुलाम बनाया जा सके, इसका परिणाम यह हुआ कि भारत की जनता की आर्थिक स्थिति को बद से बदतर बना दिया।

तत्पश्चात् 27 मार्च 1806 में रेगुलेशन III, 21 मार्च 1812 ई0 में रेगुलेशन II, 24 दिसम्बर 1818 को रेगुलेशन XIV, 13 जुलाई 1833 को रेगुलेशन VII, एवं पहला एक्ट के रूप में एक्ट नं0 XVII, आफ 1835, 17 अगस्त 1835 को ईस्ट इण्डिया कंपनी द्वारा भारत के जनता पर थोपा गया कूटकृत रुपए, आर्थिक गुलामी, लूटपाट एवं शोषण का प्रमाणिक दस्तावेज है। इस कूटकृत रेगुलेशन, एवं एक्ट का भारत की जनता द्वारा विरोध करने पर उसे सख्ती से कुचल दिया गया, एवं इस अवैध एक्ट को वैध कहकर भारत की जनता पर थोपा गया। इस रेगुलेशन के मानक (स्टैण्डर्ड) को पृष्ठ संख्या 242 से 280 पर देखें।

1540-45 से अंग्रेजों के आने के पूर्व तक भारतीय रुपया एवं मोहर मानक मूल्य

कुल वजन			कुल मात्रा			मूल्य मानक
ग्रेन्स	ग्राम	तोला	ग्रेन्स	ग्राम	तोला	
180	11.664	1	180	11.664	1 (चांदी)	1 रूपया या सिक्का रूपया
180	11.664	1	180	11.664	1 (सोना)	10 रूपया या 1 मोहर

एक्ट XVII, आफ 1835 "ईस्ट इण्डिया कंपनी रुपया" एवं ईस्ट इण्डिया कम्पनी का कूटकृत रुपया, मोहर, मानक मूल्य-

कुल मात्रा			मिक्स भार		शुद्ध वजन मानक (सोना चांदी मात्रा)			मूल्य मानक
ग्रेन्स	ग्राम	तोला	ग्रेन्स	ग्राम	ग्रेन्स	ग्राम	तोला	
180	11.664	1	15	0.908	165	10.691	1 (चांदी)	ईस्ट इण्डिया कम्पनी 1 रूपया
180	11.664	1	15	0.908	165	10.691	1 (सोना)	ईस्ट इण्डिया कम्पनी मोहर या 15 ईस्ट इण्डिया कम्पनी रूपया

भारतीय रुपया एवं कंपनी रुपया की मानक मात्रा एवं मूल्य अन्तर-

भारतीय रुपया		कंपनी रुपया	चाँदी की मात्रा में कमी
11.664	–	10.691	= 0.973 ग्राम शुद्ध चाँदी की मात्रा में कम की गयी और मानक मूल्य 1 रुपया था।

भारतीय मोहर कंपनी मोहर सोने की मानक मात्रा की कमी

11.664 – 10.691 = 0.973 ग्राम शुद्ध सोना का मानक मात्रा कम की गई और मानक मूल्य 10 रुपए से बढ़कर 15 रुपया या प्रति मोहर हो गया था।

इस प्रकार भारतीय रुपए का कूटकरण करके चाँदी का भारतीय रुपया जो शुद्ध चाँदी का था उसमें 15 ग्रेन्स या 0.973 ग्राम अन्य धातु मिलावट की गयी फिर भी इसका मूल्य 1 'रुपया' ही रखा गया तथा भारतीय 'मोहर' जो शुद्ध सोने का था उसमें 15 ग्रेन्स या 0.973 ग्राम सोना घटाकर अन्य धातु की मिलावट की गयी तथा मोहर की मूल्य जो 10 रुपए थी उसे 15 रुपए कर दिया गया। जिससे भारतीयों का भीषण शोषण का दौर शुरु हुआ- जैसे कोई व्यापारी 500 ग्राम के बांट को 1 किलोग्राम का बांट बनाकर तथा उस बांट पर 1 कि.ग्रा. का मुहर लगाकर अपना माल उस अवैध किलोग्राम से वस्तु बेंचना शुरु कर दे तो हर ग्राहक की दोहरी शोषण होगा, पहला कि वह जो वस्तु खरीदेगा उस वस्तु की मात्रा में 500 ग्राम वस्तु कम पायेगा और दूसरी शोषण यह होगी कि जो वस्तु की कीमत देगा उसमें 500 ग्राम की अधिक कीमत देगा।

ठीक इसी प्रकार भारतीयों के शोषण का दौर शुरु हुआ जिससे कृषि, उद्योग तथा व्यवसाय नष्ट होते चले गये, भारत का विकास दर गिरता चला गया, भारत को गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी मुद्रा संकट आदि में फंसा दिया गया, इस तरह भारतीय मौद्रिक प्रणाली जो सैद्धांतिक था, उसे इन विदेशियों ने कूटकरण कर शोषण हेतु भारतीय गुलामों के लिए मनमाना मानक मूल्य का निर्धारण किया, जिससे इन गुलामों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आर्थिक गुलाम बनाकर रखा जा सके।

अर्थशास्त्र (मुद्रा विज्ञान) के परिमाण (मानक) सिद्धांत के अनुसार मुद्रा की मानक मात्रा जिस अनुपात में कमी या वृद्धि की जाती है उसी अनुपात में सामान्य कीमत स्तर में वृद्धि या कमी होती है, जिससे विनिमय (लेन-देन) में शोषण शुरु हो जाता है अर्थात् मुद्रा के मानक (स्टैण्डर्ड) के घटाने-बढ़ाने से दोहरा शोषण होता है।

ब्रिटिश शासन द्वारा शोषण लूट-पाट

1 नवम्बर 1858 को "ईस्ट इण्डिया कंपनी" को समाप्त कर ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट का शासन शुरु होता है। ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट ने भारतीयों के शोषण के लिए 23 अप्रैल

1862 को एक्ट नं. VIII आफ 1862 जिसे क्वायनेज एक्ट 1862 के नाम से लागू किया, जिसमें क्वायनेज एक्ट 1835 के मानक, मूल्य को पूर्ण रूप से अपनाया गया इसकी मुख्य विशेषता यह रही कि इसमें "ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया" का नाम को बदलकर "गवर्नमेंट रुपया" रखा, जो सन् 1862 से आज तक चलन में है, आज भी रुपए को "गवर्नमेण्ट रुपए" के नाम से जाना जाता है।

4 अप्रैल 1870 को, जो मुद्रा ब्रिटेन की थी, उस मुद्रा को "एक्ट नं0 XVIII आफ 1870" जो क्वायनेज एक्ट 1870 के नाम से जाना जाता है, भारत पर लागू किया गया। ब्रिटिश सरकार ने सरकारी लेन-देन ब्रिटिश मुद्रा "सिलिंग एवं सोवरेंज" से करने लगी, किसानों का लगान भी स्वर्ण मुद्रा के रूप में देने को विवश कर दिया गया। ब्रिटिश सरकार के जिस ब्रिटिश मुद्रा सोवरेंज की मूल्य, रुपए से 10 रुपए थी, उस सोवरेंज की कीमत 15 रुपए कर दी गयी, अर्थात् सोवरेंज व कम्पनी मोहर की कीमत बराबर कर दी गयी। जबकि सोवरेंज और कम्पनी मोहर में स्वर्णमान का भारी अन्तर था।

भारतीय मोहर, ईस्ट इण्डिया कम्पनी मोहर तथा गवर्नमेण्ट सोवरेंज के सोना के मानक मात्रा एवं मानक मूल्य का अन्तर-

भारतीय मोहर	मानक मुल्य	ईस्ट इण्डिया कम्पनी मोहर	मानक मूल्य	गवर्नमेन्ट सोवरेंज	मानक मूल्य
शुद्ध सोना मात्रा		शुद्ध सोना मात्रा		शुद्ध सोना मात्रा	
1 तोला 11.664 ग्राम	10 रूपया (भारतीय रूपया)	10.691 ग्राम	15 रूपया (कम्पनी रूपया)	7.93787 ग्राम	15 रूपया (गवर्नमेन्ट रूपया)

इस तरह भारतीय गुलामों को लूटने तथा शोषण करने का कीर्तिमान स्थापित करते हुए

भारतीय मोहर	गवर्नमेन्ट सोवरेंज	अन्तर
शुद्ध सोना मात्रा	शुद्ध सोना मात्रा	शुद्ध सोना मात्रा
11.664 ग्राम	7.93787 ग्राम	3.72613 ग्राम

अर्थात् 3.72613 ग्राम सोना प्रति मोहर या 15 रुपए पर लूटपाट शोषण किया गया। जिसके परिणामस्वरूप भारत की कृषि एवं उद्योग धन्धे खत्म हो गये, और भारत की जनता गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, मुद्रासंकट में फंसकर ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट की गुलामी में फंस गयी, जिसका प्रमाणित दस्तावेज क्वायनेंज एक्ट 1870, 1862 एवं 1835 है।

misprint for 61·25

SCHEDULES.

FIRST SCHEDULE.

Denomination of Coin.	Standard Weight. Imperial Weight. Grains.	Standard Weight. Metric Weight. Grams.	Least Current Weight. Imperial Weight. Grains.	Least Current Weight. Metric Weight. Grams.	Standard Fineness.	Remedy Allowance. Weight per piece. Imperial Grains.	Remedy Allowance. Weight per piece. Metric Grams.	Remedy Allowance. Millesimal Fineness.
GOLD:								
Five Pound	616·37239	39·94028	612·50000	39·68935	Eleven-twelfths fine gold, one-twelfth alloy; or millesimal fineness 916·66.	1·00000	0·06479	[illegible]
Two Pound	246·54895	15·97611	245·00000	15·87574		0·40000	0·02592	
Sovereign	123·27447	7·98805	122·50000	7·93787		0·20000	0·01296	
Half Sovereign	61·63723	3·99402	61·12500	3·96083		0·10000	0·00648	
SILVER:								
Crown	436·36363	28·27590	—	—	Thirty-seven-fortieths fine silver, three-fortieths alloy; or millesimal fineness 925.	1·81818	0·11781	[illegible]
Half Crown	218·18181	14·13795	—	—		0·90909	0·05890	
Florin	174·54545	11·31036	—	—		0·72727	0·04712	
Shilling	87·27272	5·65518	—	—		0·36363	0·02356	
Sixpence	43·63636	2·82759	—	—		0·18181	0·01178	
Groat or Fourpence	29·09090	1·88506	—	—		0·12121	0·00785	
Threepence	21·81818	1·41379	—	—		0·09090	0·00589	
Twopence	14·54545	0·94253	—	—		0·06060	0·00392	
Penny	7·27272	0·47126	—	—		0·03030	0·00196	
BRONZE:								
Penny	145·83333	9·44984	—	—	Mixed metal, copper, tin, and zinc.	2·91666	0·18899	None.
Halfpenny	87·50000	5·66990	—	—		1·75000	0·11339	
Farthing	43·75000	2·83495	—	—		0·87500	0·05669	

The weight and fineness of the coins specified in this Schedule are according to what is provided by the Act fifty-six George the Third, chapter sixty-eight, that the gold coin of the United Kingdom of Great Britain and Ireland should hold such weight and fineness as were prescribed in the then existing Mint indenture (that is to say), that there should be nine hundred and thirty-four sovereigns and one ten shilling piece contained in twenty pounds weight troy of standard gold, of the fineness at the trial of the same of twenty-two carats fine gold and two carats of alloy in the pound weight troy; and further, as regards silver coin, that there should be sixty-six shillings in every pound troy of standard silver of the fineness of eleven ounces two pennyweights of fine silver and eighteen pennyweights of alloy in every pound weight troy.

ब्रिटिश इण्डिया संसद द्वारा भारतीय सिक्का अधिनियम-1906 पारित

ACT No. III OF 1906.

PASSED BY THE GOVERNOR GENERAL OF INDIA IN COUNCIL.

(Received the assent of the Governor General on the 2nd March, 1906.)

An Act to consolidate and amend the law relating to Coinage and the Mint.

WHEREAS it is expedient to consolidate and amend the law relating to Coinage and the Mint; It is hereby enacted as follows:

Preliminary.

1. (*1*) This Act may be called the Indian Coinage Act, 1906; and — Short title and extent.

(*2*) It extends to the whole of British India, inclusive of British Baluchistan, the Sonthal Parganas and the Pargana of Spiti.

2. In this Act, unless there is anything repugnant in the subject or context,— — Definitions.

(*a*) "deface," with its grammatical variations and cognate expressions, includes clipping, filing, stamping, or such other alteration of the surface or shape of a coin as is readily distinguishable from the effects of reasonable wear;

(*b*) "the Mint" includes the Mints now existing and any which may hereafter be established;

(*c*) "prescribed" includes prescribed by a rule made under this Act;

(*d*) "remedy" means variation from the standard weight and fineness; and

(*e*) "standard weight" means the weight prescribed for any coin.

3. The

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट द्वारा भारत में संसद की स्थापना करने के बाद ब्रिटिश इण्डिया पार्लियामेण्ट द्वारा 2 मार्च 1906 को "द इण्डियन क्वायनेज एक्ट नं. III ऑफ 1906" पारित किया गया जिससे ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा जारी एक्ट नं. XVIII ऑफ 1835, नं. XIII आफ 1862, और ब्रिटिश मुद्रा का "द इण्डियन क्वायनेज एक्ट नं. XXIII ऑफ 1870 है" जिसे ज्यों

का त्यों (हू-ब-हू) अपना लिया गया, इसका प्रमाणित दस्तावेज क्वायनेज एक्ट 1906 एवं इसकी धारा-15 है। इस तरह ईस्ट इण्डिया कम्पनी से शुरु हुई शोषण, ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट द्वारा एक्ट के माध्यम से लूट-पाट एवं शोषण लगातार जारी रहा। जो आज भी ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट का "गवर्नमेण्ट रुपया" भारत में प्रचलन में है। जिसका प्रमाणित दस्तावेज क्वायनेज एक्ट 1862 है।

भारत को लूटने के लिए भयानक षडयंत्र



The Gazette of India.

PUBLISHED BY AUTHORITY.

SIMLA, SATURDAY, NOVEMBER 4, 1882.

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

PART IV.

Acts of the Governor General's Council assented to by the Governor General.

GOVERNMENT OF INDIA.

LEGISLATIVE DEPARTMENT.

[Second publication.]

The following Act of the Governor General of India in Council received the assent of His Excellency the Governor General on the [illegible] October, 1882, and is hereby promulgated for general information :—

Act No. XX of 1882.

THE INDIAN PAPER CURRENCY ACT, 1882.

CONTENTS.

Preamble.

I.—Preliminary.

Sections.

1. Short title. Local extent. Commencement.
2. Act No. III of 1871 repealed.

II.—The Department of Paper Currency.

3. Department of Paper Currency.
4. Head Commissioner. Commissioners for Madras, Bombay and Rangoon.
5. Power to establish Circles of Issue, &c.
6. Deputy Commissioners and Currency Agents.
7. Subordination of Commissioners, &c.
8. Appointment, suspension and removal of officers.

III.—Supply and Issue of Currency Notes.

9. Head Commissioner to provide and distribute currency notes.
10. Signatures to notes.
11. Issue of notes for silver by Head Commissioner, Commissioners and Deputy Commissioners.
12. Issue of notes for silver by Currency Agents.
13. Issue of notes for gold.
14. Melting and assaying bullion or coin received for notes.
15. Certificates for bullion or coin.

IV.—Notes where legal tender and where payable.

16. Notes where legal tender.
17. Notes where payable.
18. Notes issued from Currency Agencies to be deemed to be issued from place of issue of circle.

V.—Reserve.

19. Coin or bullion received for notes to be kept as a reserve, except amount fixed as hereinafter provided.
20. Investment of such amount.
21. Appropriation of coin, bullion and securities.
22. Trustees of securities purchased under Act.
23. Power to sell and replace securities.
24. Accounts of interest on securities.

VI.—Private Bills payable to Bearer on Demand.

25. Prohibition of issue of private bills or notes payable to bearer on demand.
26. Penalty for issuing such bills or notes. Prosecutions.

VII.—Miscellaneous.

27. Monthly abstracts of accounts.
28. Supplementary powers of the Government of India.

An Act to amend the law relating to the Government Paper Currency.

Preamble. Whereas it is expedient to amend the law relating to the Government Paper Currency; It is hereby enacted as follows :—

I.—Preliminary.

Short title. 1. This Act may be called the Indian Paper Currency Act, 1882 :

Local extent. It extends to the whole of British India ;

Commencement. and it shall come into force on the passing thereof.

ऐसा प्रतीत होता है कि एक षडयंत्र (साजिश) के तहत सन् 1882 में "द इण्डियन पेपर करेन्सी एक्ट" नं. XX आफ 1882" भारत में लागू किया गया जिससे सोने-चाँदी के रुपए के बदले पेपर करेन्सी जारी की गयी जिसमें कहा गया कि सोने-चाँदी के सिक्कों का वैध निविदा (Legal Tender) या सोने-चाँदी के सिक्कों का सर्टिफिकेट है। ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट ने सिक्योरिटी के रूप में सोना रखकर पेपर करेन्सी छापने लगी और भारतीयों द्वारा इसे स्वीकार भी किया गया, उस समय सोने-चाँदी के सिक्के या पेपर करेन्सी दोनों के मूल्य बराबर थे, इसका प्रमाणित दस्तावेज "द इण्डियन पेपर करेन्सी एक्ट नं. XX आफ 1882" है।

वैध रुपया का मानक (स्टैंडर्ड) स्थिरांक होता है।
अवैध रुपया का मानक (स्टैंडर्ड) घटता और बढ़ता है।

अर्थशास्त्री डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं अनर्थशास्त्री प्रो. कैन्स की टक्कर

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट द्वारा सिक्के की जगह पेपर करेन्सी अत्यधिक मात्रा में छपने लगी तथा सिक्योरिटी मनी के रूप मे सोना-चाँदी ब्रिटिश गवर्नमेण्ट द्वारा अपने कब्जे में ले लिया गया और दुनिया की सबसे बड़ी लूट-पाट को अंजाम देने के लिए जो साजिश, पेपर करेंसी को प्रचलन में लाकर रची गयी और भारत के जनता की खून-पसीने से कमाई गयी धन सोना-चाँदी को लूट लेने के लिए अगस्त सन् 1925 में रायल कमीशन (हिल्टन यंग कमीशन) हिल्टन यंग की अध्यक्षता में इस आयोग को इंग्लैण्ड से भारत भेजा गया जिसका मुख्य उद्देश्य स्वर्णमान विनिमय (गोल्ड स्टैण्डर्ड) को समाप्त करना, तथा भारत में केन्द्रीय रिजर्व बैंक की स्थापना करना, जिससे वैध रुपया को समाप्त करके गुलामों के लिए अवैध रुपए से विनिमय कराना जिससे इनका पीढ़ी-दर-पीढ़ी आर्थिक गुलाम बना रहे, एवं भारत के समस्त प्राकृतिक संसाधनों को ब्रिटेन के कब्जे में रखना था। इस कमीशन के भारत आने पर भारत के अर्थशास्त्री इस कमीशन के तथा ब्रिटिश सरकार की गुणगान करने लगे, सिर्फ एक अर्थशास्त्री डा. भीमराव अंबेडकर ने इस कमीशन का विरोध करते हुए शानदार तथ्यों को रखते हुए भारत के भविष्य के बारे में होने वाले विध्वंशक दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विरोध जताया, फिर भी भारत के किसी अर्थशास्त्री ने डा. भीमराव अंबेडकर का साथ नहीं दिया और अंग्रेजों के पक्ष में रहे। ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट भी इस कमीशन के सुझाव को मान गयी।

"स्वर्णमान तथा स्वर्ण विनिमय मान के गुण-दोष एवं डा. भीमराव अंबेडकर तथा प्रो. केन्स के विचार-

"स्वर्णमान तथा स्वर्ण विनिमय मान इस दोनों मानको के गुण-दोषों की विवेचना जो डा. अंबेडकर ने की है, आज भी सटीक है।" इसलिए इन दोनों में अन्तर जान लेना आवश्यक है।



स्वर्णमान के अंतर्गत सोने के सिक्को का वास्तविक लेन-देन किया जाता है, इसके विपरीत स्वर्ण विनिमय मान से कागजी मुद्रा (नोट) का व्यवहार होता है जिसके लिए निश्चित दर से सोने में परिवर्तन करने की सरकार की गारण्टी (प्रतिभूति) होती है। इन दोनों मानकों के गुण-दोषों के विषय में जो विवाद चल रहा था उसमें डा. अंबेडकर को प्रोफेसर जान मेनार्ड केन्स जैसे विश्वविख्यात तथा-कथित अर्थविद से बौद्धिक मुकाबला करना पड़ा।

प्रो. केन्स का तर्क था कि स्वर्णमान एक अत्यधिक कठोर मानक है, इसके अन्तर्गत किसी देश में मुद्रा की मात्रा इस बात पर निर्भर होती है कि उस देश में कितना सोना संग्रहीत है। सोने की मात्रा अधिकांश रूप से प्राकृतिक संपत्ति पर निर्भर है, इसका अर्थ है कि स्वर्णमान द्वारा मानवीय व्यवहार का प्रकृति के चक्र से अकारण संबंध जोड़ना। इसलिए मुद्रा उत्पादन की प्रक्रिया में लचीलापन नहीं आ सकता। प्रो. केन्स के अनुसार स्वर्ण विनिमय मान स्वभाविक रूप से लचीला होता है, अतएव भविष्यकाल भारत के लिए आदर्श सिद्ध होगा।

डा. अंबेडकर ने इसका तीव्र विरोध किया, उन्होने कहा- यह सत्य है कि स्वर्ण विनिमय मान लचीला है परन्तु लचीलापन दोधारी तलवार होता है, यह जितना लाभदायक है उतना ही हानिकारक भी। स्वर्ण विनिमय मान के अन्तर्गत मुद्रा कितनी तैयार की जानी चाहिए, यह पूर्ण रूप से सरकार पर निर्भर होता है। यदि राजनीतिज्ञ, गैर-जिम्मेदार होंगे तो बेलगाम मुद्रा निर्माण की संभावना हो जाती है इससे मुद्रा स्फीती तथा महँगाई बढ़ने से आम आदमी पर भारी बोझ आ सकती है और समाज में अस्थिरता फैलने का भय उत्पन्न हो सकता है। यदि इससे बचना है तो मुद्रा निर्माण पर प्रभावशाली नियंत्रण बनाये रखना आवश्यक है। इस लिहाज से स्वर्ण से स्वर्ण विनिमय मान के स्थान पर स्वर्णमान अपनाना श्रेयस्कर होगा।

उस समय सभी भारतीय अर्थशास्त्रियों ने तथा ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट ने प्रो. केन्स का तर्क स्वीकार किया तथा डा. अंबेडकर द्वारा 98 वर्ष पूर्व दी गयी, चेतावनी आज भी समय की कसौटी पर शत्-प्रतिशत खरी उतरती है।

डा. अंबेडकर का आर्थिक विचार एवं दर्शन व "स्टेटमेण्ट आफ एविडेन्स टू द रायल कमीशन आन इण्डियन करेन्सी" इसका प्रमाणित दस्तावेज है।

अंग्रेजों की इस पेपर करेन्सी के षडयंत्र में भारत की जनता फंस चुकी थी, भारत के सभी धन (सोना-चाँदी) अंग्रेजों के कब्जे में चला गया।

ब्रिटिश शासन द्वारा भारत की लाखों टन सोना की लूट-पाट

ब्रिटिश हुकूमत अपने षडयंत्र को सफल बनाने के लिए 1933 में अचानक गोल्ड मानक (स्टैण्डर्ड) खत्म कर दिया तथा सोने की कीमत तीन गुना बढ़ा दी गयी और जनता के हाथ में सिर्फ कागज के टुकड़े रह गये, भारत के लूटपाट के इतिहास की यह सबसे बड़ी लूट-पाट एवं शोषण थी। दिसंबर 2013 में प्रकाशित, स्टडीज इन अपील्स इकोनामिक्स "इण्डियाज पेपर करेन्सी डिपार्टमेण्ट (1862-1935) एस ए क्रासी करेन्सी बोर्ड" चार्ल्स बिन्ट्रायूब एण्ड कूर्ट स्चूलर द्वारा जोंस होपकिंस यूनिवर्सिटी ब्रिटेन की शोध ग्रन्थ के अनुसार- भारत द्वारा सन् 1862 से 1935 तक ब्रिटिश गवर्नमेण्ट को सिक्योरिटी मनी के रूप में भारत के द्वारा 37,440 करोड़ बैध रुपया (सोने-चाँदी) दिया गया है। इस रुपया को सोना के मानक स्टैण्डर्ड से बदला जाये तो कितना सोना होगा देखिए-

कुल रुपया करोड़		प्रति मोहर रुपया	करोड़ मोहर
37,440	÷	10	= 3744

3744 करोड़ × 11.664 ÷ 1000(1कि.ग्रा.) = 43,6700160 कि.ग्रा. शुद्ध सोना हुआ।

(तैंतालीस करोड़ सरसठ लाख एक सौ साठ कि.ग्रा. शुद्ध सोना होता है।)

4367700160 ÷ 1000(प्रति टन या 1000 कि.ग्रा.) = 436700.16 टन शुद्ध सोना हुआ।



(चार लाख छत्तीस हजार सात सौ दशमलव एक छः टन शुद्ध सोना होता है)



POSTMASTER: PLEASE POST IN A CONSPICUOUS PLACE — JAMES A. FARLEY, Postmaster General

UNDER EXECUTIVE ORDER OF THE PRESIDENT

Issued April 5, 1933

all persons are required to deliver

ON OR BEFORE MAY 1, 1933

all GOLD COIN, GOLD BULLION, AND GOLD CERTIFICATES now owned by them to a Federal Reserve Bank, branch or agency, or to any member bank of the Federal Reserve System.

Executive Order



रिजर्व बैंक शेअर सर्टिफिकेट

स्रोत: रिजर्व बैंक अभिलेखागार



जो ब्रिटिश गवर्नमेण्ट द्वारा "1862-1935" के बीच भारत से सिक्योरिटी मनी के रूप मे लिया गया वैध रुपया है, जो आज भी ब्रिटेन के कब्जे में है, जो भारत की 125 करोड़ जनता का सोना है, इस विषय पर अब तक सभी सरकारें मौन क्यों?

अगर भारत की जनसंख्या 125 करोड़ मान लिया जाए और सोने को प्रति व्यक्ति में बांटा जाए तो-

मोहर की संख्या	प्रति मोहर	जनता

3744 करोड़ × 11.664 ÷ 125 करोड़ = 349.360 ग्राम सोना प्रति व्यक्ति के हिस्से में आयेगा।

यह ब्रिटेन के हापकिंस यूनिवर्सिटी के शोध ग्रन्थ-"इण्डियाज पेपर करेन्सी डिपार्टमेण्ट (1862-1935) एस ए क्वासी करेन्सी बोर्ड" में उल्लेखित भारत के सोने की शोषण एवं लूट-पाट का प्रमाणित दस्तावेज है।

Appendix 6. History of the Ceilings on Securities
(amounts in millions of rupees)

Act or ordinance	Overall ceiling on holdings of securities	Subceilings on holdings of: Indian government securities	British government securities	British Treasury bills*	Bills of exchange	"Created" Indian government securities
Act 3 of 1871	60	60				
Act 15 of 1896	80	80				
Act 21 of 1896	100	100				
Act 3 of 1905	120	100	20			
Act 7 of 1911	140	100	40			
Ordinance 1 of 1915	200	200	40			
Act 5 of 1915	200	200	40			
Ordinance 1 of 1916	200	200	100			
Act 9 of 1916	260	200	100	60		
Ordinance 6 of 1916	380	200	100	180		
Ordinance 7 of 1916	500	200	100	300		
Act 11 of 1917	500	200	100	300		
Ordinance 2 of 1917	620	200	100	420		
Act 19 of 1917	920	200	100	420		
Act 6 of 1918	860	200	100	660		
Ordinance 3 of 1918	1,000	200	100	800		
Act 2 of 1919	1,000	200	100	800		
Act 26 of 1919	1,200	200	100	1,000		
Act 21 of 1920	1,200	1,200	1,200	1,200		
Act 45 of 1920**	900	850	850	850	50	
Act 10 of 1923	900	850	850	850	50	
Act 38 of 1923	970	850	850	850	120	
Act 2 of 1925	1,120	1,000	1,000	1,000	120	500

* The ceiling for British Treasury bills was additional to the ceiling for British government securities, which were understood to be longer-term securities.

** Act 45 of 1920 had permanent and temporary provisions about ceilings on securities. The permanent provisions (section 12 of the act) set a ceiling for securities of 50 percent of notes in circulation, of which no more than 200 million could be Indian government securities. As long as the Paper Currency Department held more than 120 million rupees of "created" (book-entry) securities sold directly to it rather than saleable on the open market, it had to retain the interest from all its securities to reduce the "created" securities outstanding rather than paying the profits to the government. Less important limitations from the perspective of this table provided that no more than 50 million rupees of gold and gold bullion held in London could be counted as part of the Currency Department's reserves (providing it to hold the excess in India); and that besides Indian securities, only British securities with less than a year to maturity could be counted as part of reserves. The permanent provisions did not take effect until a declaration by the Governor General. The temporary provisions (section 11 of the act) provided that until the permanent provisions took effect, the overall ceiling and subceilings shown here would be in effect. The Governor General apparently never brought the permanent provisions into effect.





क्या आजादी के बाद भारत की सरकारों ने सिक्योरिटी मनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही की है?

भारत की तबाही, बर्बादी के लिए हिल्टन यंग आयोग द्वारा रिजर्व बैंक की स्थापना

वॉरेन हेस्टिंग्स

केंद्रीय बैंक की परिकल्पना सन् 1773 में भारत के प्रथम गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स ने की थी, उसके अनुसार भारत के शोषण से प्राप्त धन को गुप्त रूप से ब्रिटेन भेजना और भारत को आर्थिक रूप से खत्म कर आर्थिक गुलाम बनाना था। जिसे ब्रिटेन के षड़यंत्रकारी अक्ल बाजों नें "हिल्टन यंग कमीशन" गठित कर अर्थशास्त्र को खत्म कर अनर्थ शास्त्र को अपनाते हुए भारत में केंद्रीय बैंक के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की सुझाव दी गयी थी। इस षड़यंत्र को भांपते हुए भारत के महान अर्थशास्त्री डा. भीमराव अंबेडकर ने हिल्टन यंग कमीशन के सुझाव का जबरदस्त विरोध किया था।

Statement of Evidence to the Royal Commission on Indian Currency

—

NOTE

The Royal Commission on Indian Currency and Finance visited India in 1924-25 to examine the financial system and to suggest the Reform of the Indian currency. The commission was comprised of the following members.

E. HILTON YOUNG, Chairman
R. N. MOOKERJEE
NORCOT WARREN
R. A. MANT
M. B. DADABHOY
HENRY STRAKOSCH
ALEX R. MURRAY
PURSHOTAMDAS THAKURDAS
J. C. COYAJEE
W. E. PRESTON

G. H. BAXTER) Secretaries
A. AYANGAR)

Dr. Ambedkar explained his views in the statement submitted in reply to the questionnaire issued by the Commission. The statement and his evidence before the Commission are reproduced here along with the questionnaire.

1933 में स्वर्णमान को खत्म कर महाशोषण एवं लूट-पाट के बाद अपने सुनियोजित षडयंत्र के अंतर्गत हिल्टन यंग कमीशन के सुझाव पर "भारतीय रिजर्व बैंक का गठन कर भारत में इसकी स्थापना की गयी जिसे "भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934" के नाम से जाना जाता है, जो 1 अप्रैल 1935 से प्रारम्भ होकर आज भी यही केन्द्रीय बैंक के रूप में कार्यरत है।

रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के प्रस्तावना से स्पष्ट है कि ब्रिटेन के खजाने को भरने के लिए भारत में इस केन्द्रीय बैंक को स्थापित किया गया। यह रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 आर्थिक गुलामी का दस्तावेज है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि "विद्यमान मुद्रा पद्धति के आधार पर अस्थायी उपबंध करना" अर्थात् वैध रुपया लेकर अवैध रुपया जारी करेगा।

ब्रिटेन की सरकार ने रिजर्व बैंक के द्वारा भारत की समस्त प्रकृतिक संपदा पर अपना कब्जा करने तथा भारत को अवैध रुपए द्वारा शोषण करने एवं भारतीय जनता को मारने-

मरने के लिए बनाया गया एक्ट है, जिसकी भाषा अस्पष्ट एवं शब्दों का मकड़जाल है। जिसमें ब्रिटेन का हित तथा भारत का सिर्फ अहित है।

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934
1934 का अधिनियम संख्यांक 2[1]

[6 मार्च, 1934]

भारतीय रिज़र्व बैंक गठित करने के लिए अधिनियम

बैंक-नोटों का निर्गमन करने और [1][भारत] में मुद्रा-स्थिति की सुदृढ़ता बनाए रखने की दृष्टि से आरक्षित राशियों का रखा जाना नियंत्रित करने के लिए तथा समष्टिगत रूप से देश की करेंसी और प्रत्यय व्यवस्था को देश के लाभार्थ चलाने के लिए भारत के लिए एक रिज़र्व बैंक का गठित करना समीचीन है;

और संसार की मुद्रा पद्धतियों की वर्तमान अव्यवस्था में यह अवधारित करना कि भारतीय मुद्रा पद्धति के लिए स्थायी आधार के रूप में क्या यथोचित होगा, संभव नहीं है;

किंतु विद्यमान मुद्रा पद्धति के आधार पर अस्थायी उपबंध करना और भारत के लिए सबसे उपयुक्त मुद्रा मान के प्रश्न को उस समय सोचे जाने के लिए छोड़ देना समीचीन है जबकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रास्थिति इतनी स्पष्ट और स्थायी हो जाए कि स्थायी उपाय करना संभव हो;

अतः एतद्द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित किया जाता है :-

59. In the Indian Coinage Act, 1906, for Section 11 the following section shall be substituted, namely :

Amendment of Act III of 1906.

"11. Gold coins, coined at His Majesty's Royal Mint in England or at any mint established in pursuance of a proclamation of His Majesty as a branch of His Majesty's Royal Mint, shall not be legal tender in British India in payment or on account, but such coins shall be received by the Reserve Bank of India at its offices, branches and agencies in India at the bullion value of such coins calculated at the rate of 8·47512 grains troy of fine gold per rupee."

Demonetisation of sovereign and half-sovereign.

इस भारतीय रिजर्व बैंक एक्ट 1934 के प्रावधानों के रहते हमारे भारत के संविधान की मूल अवधारणा, हम नागरिकों के मूल अधिकार तथा हमारे जीने के अधिकार का कोई मतलब नहीं रह गया है।

रिजर्व बैंक आफ इण्डिया एक्ट 1934 जिस समय लागू की गयी, उस समय उसके मूल एक्ट की धारा-56 के अनुसार प्रति रुपया 8.47512 ग्रेन्स या 549 मिलीग्राम सोना था, फिर 1940 में चाँदी के वैध रुपए जिसे गवर्नमेण्ट रुपया के नाम से जाना जाता है, ब्रिटिश गवर्नमेण्ट ने कूटकरण कर रुपए को विकृत कर दिया, जिसका प्रमाणिक दस्तावेज रिजर्व बैंक एक्ट 1934 एवं क्वायनेज एक्ट 1906 का कूटकरण कर बनाया गया संशोधन एक्ट नं. VI 1940 गवर्नमेण्ट रुपए के कूटकरण का प्रमाणित दस्तावेज है।

'सूचना का अधिकार' के अन्तर्गत रिजर्व बैंक की गोल-माल, रद्दो-बदल सामने आया

हमने "सूचना का अधिकार अधिनियम 2005" के अंतर्गत दिनाँक 22.02.2016 को मांगी गयी सूचना के प्रश्न संख्या- 4 द्वारा यह सूचना माँगने पर कि- "भारतीय रुपए का 1 अप्रैल 1935 से आज की तिथि तक कितनी बार अवमूल्यन किया गया है, दिनाँक सहित अवमूल्यन प्रतिशत को सूचना के रूप में प्रकट करें।"

इसका उत्तर दिनाँक 18.03.2016 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लिखित रूप में भेजा गया, जो इस प्रकार है-

"आजादी के बाद से भारतीय रुपए का अवमूल्यन 1949-1966 और 1991 में हुआ है। 22 सितंबर 1949 को पाउण्ड स्टर्लिंग का अवमूल्यन के फलस्वरूप स्वचालित रूप से रुपए का 30.5 फीसदी अवमूल्यन हुआ था, 1966 में देश की भारत के बाह्य क्षेत्र में तनाव, गंभीर सूखे और पश्चिमी देशों से सहायता बंद होने की वजह से और बढ़ गया था। इसके कारण 6 जून 1966 में रुपए का 36.5 फीसदी अवमूल्यन किया गया था (आर.बी.आई., हिस्टरी वाल्यूम 1951-1968)। बड़े बजट घाटे और खाड़ी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों के कारण बढ़ते आयात बिल की वजह से भारत को 1992 में भुगतान संतुलन का सामना करना पड़ा, इस कारण रुपए की विनिमय दर दो चरणों में करीब 1 फीसदी और 11 फीसदी अमेरिकी डालर के संदर्भ में 1 और 3 जुलाई 1992 में अवमूल्यन किया था।"

स्रोत (मुद्रा और वित्त, 2001-02 पर रिपोर्ट, आर. बी. आई.)

इसी उत्तर के संदर्भ में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दिनाँक 13.05.2016 को मांगी गयी सूचना के प्रश्न संख्या-5 व 6 के द्वारा यह सूचना मांगी गयी कि-

"भारतीय रुपया तथा पाउण्ड स्टर्लिंग के आपस में क्या संबंध है?" जिससे 22 सितम्बर 1949 को पाउण्ड स्टर्लिंग के अवमूल्यन के फलस्वरूप रुपए का 30.5 फीसदी अवमूल्यन स्वचालित रूप से हुआ था, "इसे सूचना के रूप में प्रकट करें" जिसका उत्तर रिजर्व बैंक द्वारा दिनाँक 30.05.2016 को भेजा गया, जो इस प्रकार है-

जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन, नवम्बर 1949 में उल्लेख है कि- "भारत सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की सहमति से 20 सितंबर 1949 को रुपए का अवमूल्यन स्टर्लिंग के मूल्य के बराबर करने की घोषणा थी। यह भी घोषणा की गयी थी कि अमेरिकी मुद्रा के संबंध में रुपए का मूल्य 30.225 सेन्ट्स से परिवर्तित होकर 21 सेन्ट्स होगा और सोने के संदर्भ में रुपए की तुलना में शुद्ध स्वर्ण का मूल्य 0.268601 से परिवर्तित होकर 0.186621 ग्राम होगा तथा रुपए और पाउण्ड स्टर्लिन की विनिमय दर अपरिवर्तित, रहेगी।"

इस तरह रुपए का कूटकरण पर कूटकरण करते-करते जिस रुपए ने सन् 1990 तक प्रति रुपया 0.118489 ग्राम सोने का हिसाब था, उसे सन् 1991 में खत्म करके रुपए को बाजार के हवाले कर दिया गया है यह "गवर्नमेण्ट रुपया" सोना से लगभग शून्य है।

दिनाँक 13.05.2016 को मांगी गयी सूचना का प्रश्न संख्या-5 में यह सूचना मांगी गयी कि- भारतीय रुपया के अवमूल्यन का प्राधिकार देने वाले अधिनियम, नियम, आदेश की सूचना देवे।

इस प्रश्न का उत्तर 25.05.2016 को रिजर्व बैंक के वित्तीय बाजार विनिमयन विभाग द्वारा उत्तर में कहा गया कि- "यह सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है।" आपका प्रश्न वित्तीय बाजार परिचालन विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है जो आपको इस प्रश्न का उत्तर देगें।

पुन: इसी विभाग द्वारा दिनाँक 16.06.2016 को दूसरा उत्तर भेजा जाता है, जिसमें लिखते है कि- कृपया हमारे 25 मई 2016 के पत्र का संदर्भ लें। इस संदर्भ में जानकारी इस प्रकार है- "यह सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है।"

पुन: रिजर्व बैंक के वित्तीय बाजार परिचालन विभाग द्वारा 11 अगस्त 2016 को एनेक्स- ए के अनुसार सूचना के उत्तर में लिखते है कि- यह प्राधिकार भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के अंतर्गत दिया गया है।

इस उत्तर से हम संतुष्ट नहीं हुए और इस पर केन्द्रीय सूचना आयोग में अपील कर दी, कि रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 में रुपए के अवमूल्यन के संदर्भ में किस धारा- में उल्लेखित है, रिजर्व बैंक बताए। इस अपील की बहस 16 अप्रैल 2018 को वीडियों कान्फ्रेन्स के जरिए हुई और हमने इस बहस में भाग लेते हुए सिर्फ इतना जानना चाहा कि- रिजर्व बैंक एक्ट की कौन-सी धारा में अवमूल्यन का उल्लेख है। रिजर्व बैंक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

रिजर्व बैंक द्वारा आर.टी.आई. के सूचना में उत्तर देते हुए जो कारण उपरोक्त में बताया गया है कि बाह्य क्षेत्र में तनाव, गंभीर सूखे, पश्चिमी देशों में सहायता बंद होने, बड़े बजट घाटे, खाड़ी युद्ध, आयात बिल भुगतान आदि कारणों से अवमूल्यन किया गया। यह भ्रमित करने वाला एवं हास्यास्पद बहाना है, रिजर्व बैंक के अवमूल्यन के कारण एवं निवारण को एक उदाहरण में समझे-

आज सुबह सोकर उठने के बाद मेरा स्वास्थ्य खराब हो जाता है, मुझे सर्दी, जुकाम, बुखार, सरदर्द आदि हो जाता है उसी समय हमारे एक शुभचिंतक आते है और हमसे हाल-चाल होता है, उस दौरान हमने उनसे कहा क्या कहूं आज जब से सोकर उठा हूँ मेरा स्वास्थ्य खराब हो गया, आज का दिन-समय अच्छा नहीं है, तो उस शुभचिंतक ने कहा आप कुछ

उपाय करों जिससे आप ठीक हो जायें, यह कहकर शुभचिंतक चले गये। तब हमने एक उपाय सोचा, हमने अपनी समय की मापक घड़ी को लिया और हमने उस घड़ी के समय, दिन आदि का अवमूल्यन (बदलकर) समय को कुछ दिन आगे या पीछे कर दिया।

तो क्या हमारा समय बदल गया? क्या हमारी बीमारी सर्दी-जुकाम, बुखार आदि ठीक हो जायेगें? क्या हमारे अच्छे दिन, समय आ जायेगें? क्या समय की मापक घड़ी के घंटा, मिनट के मानक एवं दिन, महीने, साल को अवमूल्यन परिवर्तन या कूटकरण कर दे तो क्या मेरा समय बदल जाएगा?

तो इसका शत्-प्रतिशत जवाब होगा कि-

1- इस प्रकार समय का अवमूल्यन (कूटकरण) करने से हमारा समय, दिन कभी ठीक नहीं होगा।

2- हमने समय की मापक घड़ी के मानक में बदलाव (अवमूल्यन) कर उस घड़ी को खराब कर दिया जिससे वह घड़ी अब समय का गलत मापन का कार्य शुरु कर देगी अर्थात् कुछ दिनों बाद यही घड़ी दिन को रात और रात को दिन बताना शुरु कर देगी। जिसे अर्थशास्त्र की भाषा में समय का संकट पैदा हो जाएगा।

इन तथ्यों से यह सिद्ध हो रहा है कि जो रुपए के अवमूल्यन (कूटकरण) कारण बताया गया है उस कारण का निवारण रुपए का अवमूल्यन बिल्कुल नहीं है। बल्कि अवमूल्यन से उन कारणों के घटने के बदले और बढ़ेगा, महँगाई और बढ़ेगी, जैसे- हम अस्वस्थ है तो उसका निदान डाक्टर और दवा है, उसी प्रकार अवमूल्यन का जो कारण बताया गया है उसका निदान सिर्फ उत्पादन बढ़ाना होगा।

भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार द्वारा जिन कारणों को बताते हुए कूटकरण किया गया उन कारणों का कूटकरण से निवारण हूआ या नहीं? इन सवालों का जवाब भारत सरकार और रिजर्व बैंक को देना चाहिए था या नहीं?

वैध रुपया का संचालन प्रकृति द्वारा संचालित होता है।
अवैध रुपया का संचालन व्यक्तियों द्वारा होता है।

'सूचना का अधिकार अधिनियम' द्वारा पकड़ा गया रिजर्व बैंक की झूठ एवं रद्दो-बदल

हमें सूचना के अधिकार अधिनियम के द्वारा कुछ ऐसी जानकारियाँ प्राप्त हुई है, जिससे यह सिद्ध होता है कि रिजर्व बैंक और भारत सरकार ने भारत के लोगों के साथ छल-कपट और धोखा किया है। आर.टी.आई. द्वारा दिनाँक 28.09.2017 को रिजर्व बैंक से पूछे गये प्रश्न से कि- क्या वर्तमान में बैंक नोटों का निर्गमन प्रतिभूति रखकर किया जाता है? यदि हाँ तो कौन सी प्रतिभूति व कितनी मात्रा प्रति रुपए में रखी जाती है। इसे सूचना के रूप में प्रकट करें।

रिजर्व बैंक ने दिनाँक 03.11.2017 को उत्तर देते हुए कहा-"रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गये सभी बैंक नोट भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा-33(1) में परिभाषित रूप से पात्र संपत्तियों द्वारा समर्थित है।"

3	क्या वर्तमान में बैंक नोटों का निर्गमन प्रतिभूति रखकर किया जाता है? यदि हाँ तो कौन सी प्रतिभूति व कितनी मात्रा प्रति रूपाएँ में रखी जाती है। इसे सूचना के रूप में प्रगट करें।	रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए सभी बैंक नोट भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 33 (1) में परिभाषित रूप में पात्र संपत्तियों द्वारा समर्थित हैं। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अध्याय 17-2016XI में दिए गए "वर्ष 2016-17 के लिए रिज़र्व बैंक का लेखा" का संदर्भ लें जो की निम्न लिंक पर दी गयी है: https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/AnnualReport.aspx

पाठक ध्यान दें, प्रत्येक नोटों पर लिखा है कि- "केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत" अर्थात् संपत्तियों की गारण्टी है और रिजर्व बैंक का कहना है कि संपत्तियों द्वारा समर्थित है। यहाँ ध्यान देने वाली बात है कि गारण्टी और समर्थन में पूरब और पश्चिम का अंतर है।

यह भारत की जनता के साथ कितना बड़ा धोखा है कि दिनाँक 15.10.1990 तक रुपया में प्रति रुपया 0.118489 ग्राम शुद्ध सोने का हिसाब था, उसे खत्म करके रुपया बाजार के हवाले कर दिया गया, और जनता को धोखा देने के लिए आज भी नोटों पर प्रत्याभूत शब्द लिखा है, जबकि जो संपत्ति रखी है वह प्रतिभूति अर्थात् गारण्टी नहीं है, बल्कि समर्थन में रखा गया है, जो मात्र दिखावा है। इससे सिद्ध होता है कि यह रुपया वैध निविदा धन नहीं कागज का टुकड़ा है।

रिजर्व बैंक द्वारा आर. टी. आई. के उत्तर में रद्दो-बदल कर दिया गया- उत्तर

'सूचना का अधिकार अधिनियम 2005' के अन्तर्गत रिजर्व बैंक से दिनाँक 12.09.2018 को प्रार्थी द्वारा मांगी गई सूचना के प्रश्न संख्या-1 में यह सूचना मांगी गयी कि-

"क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर गवर्नर की वचन खण्ड सिर्फ अंग्रेजी में "I PROMISS TO PAY THE BEARER ON DEMAND THE SUM OF ------------RUPEES AT ANY OFFICE OF ISSSUE" लिखा (छापा) जाता था, या नहीं?

यदि यही उपरोक्त वचन खण्ड लिखा (छापा) जाता था, तो-

यह गवर्नर का वचन खण्ड किस दिनाँक व सन् में परिवर्तन किया गया? इसकी प्रमाणित सूचना उपलब्ध करावें।"

भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनाँक 10.10.2018 को उत्तर देते हुए कहा कि-

"भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर वचन खण्ड सिर्फ अंग्रेजी में छापा जाता था, जो था "I Promiss to pay the bearer a sum of rupees……………

इसके बाद सन् 1968 से बैंक नोटों पर अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी वचन खण्ड को छापे जाने की प्रथा शुरू की गयी, जिसे आजतक जारी रखा गया है।"

प्रश्न संख्या	प्रश्न	जवाब
1	क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर गवर्नर का वचन खंड सिर्फ अंग्रेजी में "I PROMISE TO PAY THE BEARER ON DEMAND THE SUM OF ___ RUPEES AT ANY OFFICE OF ISSUE" लिखा छापा जाता था या नहीं? यदि यही उपरोक्त वचन खंड लिखा (छापा) जाता था तो, यह गवर्नर का वचन खंड किस दिनांक व सन में परिवर्तन किया गया? इसकी प्रमाणिक सूचना उपलब्ध करावें।	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर वचन खंड सिर्फ अंग्रेजी में छापा जाता था, जो था "I promise to pay the bearer a sum of Rupees……….." इसके बाद सन 1968 से बैंक नोटों पर अंग्रेजी के साथ - साथ हिन्दी में भी वचन खंड को छापे जाने की प्रथा शुरू की गयी, जिसे आज तक जारी रखा गया है।

इस असत्य और भ्रामक सूचना का 'केन्द्रिय सूचना आयोग' में हमने अपील कर दी। जिसकी बहस दिनाँक 05/02/2021 को केन्द्रिय सूचना आयुक्त श्रीमान श्री सुरेश चन्द्रा जी के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई की गई। जो हमारे शोध (खोज) द्वारा पूणे स्थित भारतीय रिजर्व बैंक के अभिलेखागार से प्राप्त दस्तावेज जिसमें बैंक नोटों पर उल्लेखित गवर्नर के वचन खण्ड का रद्दो-बदल एवं झूठा उत्तर देने के बारे में अवगत

कराया। तो रिजर्व बैंक के केन्द्रिय जनसूचना अधिकारी ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए यह कहा कि 'घनश्याम वर्मा' द्वारा कही गई बात और दस्तावेज सही है। गवर्नर के वचन खण्ड को सन् 1968 के बाद हिन्दी और अंग्रेजी द्वि-भाषी रूप में वचन खण्ड में परिवर्तन कर बदला गया है। यह सुनकर श्रीमान सूचना आयुक्त भी आश्चर्यचकित हो गये। उन्होंने पिछले दिये गए उत्तर के जगह पर पुनः संशोधित कर सही उत्तर देने एवं प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करने का आदेश पारित किया। जिसका जवाब रिजर्व बैंक के द्वारा भेजा गया। जिसमें रुपए का प्रमाणित प्रतिलिपि नहीं भेजा गया।

इस आर.टी.आई. को पृष्ठ संख्या 242 से 280 में देखें।

रिजर्व बैंक के जनसूचना अधिकारी द्वारा सूचना देने में किस-किस तरह की चिटिंग एवं रद्दो-बदल की जाती है इसका दूसरा उदाहरण देखें।

दिनाँक 07/05/2018 को प्रेषित सूचना के लिए आवेदन-पत्र के बिन्दु संख्या –

1. क्या भारतीय रुपए के अवमूल्यन भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अन्तर्गत किया जाता है? यदि हाँ तो उक्त अधिनियम में उल्लेखित धारा कि सूचना देते हुए उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।

   इसका जवाब दिया कि – हाँ आर.बी.आई. अधिनियम की प्रस्तावना से और धाराएँ 17(3) (ए) , 40 और 45 डब्ल्यू से आर.बी.आई. को मार्केट परिचालनों के लिए शक्तियाँ प्राप्त हैं।

   इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि में प्रस्तावना को लिखित भेजा गया जिसकी तीसरी पंक्ति में- देश के लाभार्थ चलाने के लिए "भारत के लिए" एक रिजर्व बैंक का गठित करना समीचीन है।

   इसमें "भारत के लिए" शब्द को हटा दिया गया है। जिससे ठीक उलट अर्थ निकलता है।

वैध रुपया जनता या देश को शोषण मुक्त रखती है।
अवैध रुपया जनता या देश का भयंकर शोषण करती है।

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934

अधिनियम की प्रस्तावना

भारतीय रिज़र्व बैंक गठित करने के लिए अधिनियम

बैंक-नोटों का निर्गमन करने और [2][भारत] में मुद्रा-स्थिति की सुदृढ़ता बनाए रखने की दृष्टि से आरक्षित राशियों का रखा जाना नियंत्रित करने के लिए तथा समष्टिगत रूप से देश की करेंसी और प्रत्यय व्यवस्था को देश के लाभार्थ चलाने के लिए एक रिज़र्व बैंक का गठित करना समीचीन है;

यहाँ से "भारत के लिए" को जानबूझ कर हटाया गया है

धारा 17

रिज़र्व बैंक एतत्पश्चात विनिर्दिष्ट अनेक प्रकार के कारबार चलाने और उनका निष्पादन करने के लिए प्राधिकृत होगा, अर्थात :-

3 (क) [विदेशी मुद्रा] अनुसूचित बैंकों,''' से खरीदना और उनको बेचना,''''

धारा 40

रिज़र्व बैंक किसी ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति को या से, जो मुंबई, कलकत्ता, दिल्ली या मद्रास के उसके कार्यालय में [7][या उसकी ऐसी शाखाओं में, जैसी केंद्रीय सरकार आदेश द्वारा अवधारित करे] इसकी बाबत मांग करता है, विनिमय की ऐसी दरों पर और ऐसी शर्तों पर, जो केंद्रीय सरकार जहां तक विनिमय दरों का संबंध है अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा निधि की अपनी बाध्यताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर साधारण या विशेष आदेश द्वारा अवधारित करे, विदेशी मुद्रा का क्रय या विक्रय करेगा:

आर.बी.आई. अधिनियम की प्रस्तावना में 'देश' शब्द का आशय ब्रिटेन से है।

आज भी भारत ब्रिटेन का उपनिवेश है। भारत के संविधान में भारत को कही भी देश कहकर संबोधित नहीं किया गया है। संविधान में भारत को 'लोकतांत्रिक गणराज्य' कहकर संबोधित किया गया है। इस तरह हर राज्य देश के अधीन होता है।

प्रश्न यह उठता है कि –

(क) क्या कूटकरण या अवमूल्यन करने के प्रश्न को आर.बी.आई. द्वारा मार्केट परिचालनों के लिए प्राप्त शक्तियों का प्रयोग कर "भ्रमित करने का प्रयास" कर रहा है। यह कहा जा सकता है या नहीं?

जैसे – किसी व्यापारी को व्यापार करने का अधिकार है। अगर वह व्यापारी व्यापार करने के दौरान अपने पास रखे बाट में 100 ग्राम के बाट में एक शून्य बढ़ाकर 1000 ग्राम (1किलो ग्राम) कर दे और उसी 1 किलोग्राम बाट से लेन-देन करे और इस धोखाधड़ी शोषण में वह व्यापारी पकड़ लिया जाए और वह यह बात कहे कि "मार्केट परिचालनों के लिए यह शक्तियाँ हमें प्राप्त है।" तो क्या इसे छल, कपट, धोखाधड़ी, लूट-पाट तथा शोषण कहा जा सकता है या नहीं?

इससे सिद्ध होता है कि भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार ने नियम एवं कानून का उल्लंघन कर रुपए के दस्तावेज का कूटकरण कर कानून की अवहेलना एवं संविधान की अवमानना की है, जो देश की जनता के साथ छल, कपट, धोखा, लूटपाट, शोषण तथा देश के साथ गद्दारी, विश्वासघात की है या नहीं?

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का सम्मान या अपमान?



सन् 1990 के बाद गारण्टी खत्म करके अब संपत्ति "समर्थन" के रूप में रखी जाने लगी। दूसरी चौकाने वाली घटना आर.टी.आई. दिनाँक 15.07.2015 के प्रश्न- महात्मा गाँधी की फोटो रुपए पर किस दिनाँक व सन् से लग रहे है? गाँधी जी की फोटो लगाने का आदेश किसके द्वारा और किस दिनाँक व सन् में दिया गया? इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें? रिजर्व बैंक ने इसका जवाब देते हुए बताया कि दिनाँक 04.06.1996 को 100 रुपए के नोटों पर, गाँधी जी का फोटो लगाया गया और उसके बाद क्रमशः दिनाँक 13.06.1996 को 10 के नोट पर एवं दिनाँक 14.03.1997 को 50 रुपए के नोटों पर, दिनाँक 20.10.1997 को 500 रुपए के नोटों पर, दिनाँक 09.10.2000 को 1000 रुपए के नोटों पर, दिनाँक 24.08.2001 को 20 रुपए के नोटों पर तथा नवम्बर 2001 को 5 रुपए वर्ग के मूल्य के नोटों पर महात्मा गाँधी जी के फोटो को लगाया गया।

क्या इन नोटों में गवर्नर के वचन खण्ड में रद्दो-बदल करने एवं केन्द्रिय सरकार के गारण्टी को 'समर्थन' में कहते? इन समर्थित नोटों अर्थात् अवैध नोटों पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी का फोटों लगाकर भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार ने बापू का सम्मान किया है या अपमान? जिस गाँधी जी ने अंग्रेजी सरकार तथा उसके शोषण का विरोध किया उसी ब्रिटिश सरकार की रिजर्व बैंक ने कूटकृत अवैध रुपए पर गाँधी जी का फोटो लगाकर पूरे देश का शोषण कर रही है। इसे भारत के साथ गद्दारी तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी का अपमान कहा जा सकता है या नहीं?

भारतीय न्याय संहिता के अनुसार कूटकरण अपराध

ब्रिटिश हुकूमत द्वारा हम भारतीय गुलामों के लिए एक और षडयंत्र रचा गया, वो यह कि "ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया" को क्वायनेंज एक्ट 1862 में ज्यों-का-त्यों अपनाने एवं उसका नाम बदलकर "गवर्नमेण्ट रुपया" रखा, इस गवर्नमेण्ट रुपया के मानक मूल्य के कूटकरण पर भारतीय न्याय संहिता 2023 अध्याय-10 धारा-178-188 तक सिक्कों, करेंसी नोट, बैंक नोटों एवं सरकारी स्टैंप के कूटकरण अपराध सम्बन्धित धाराएं हैं (आईपीसी-अध्याय 18, धारा-489 क,ख,ग,घ,ङ तक करेंसी नोट या बैंक नोटों के कूटकरण से सम्बन्धित अपराधिक धाराएं है) जिसमें आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, जो प्रमाणित साक्ष्य है। जो ब्रिटिश गवर्नमेण्ट ने ही बनायी है।

चाँदी के सिक्का, रुपया का प्रथम कूटकरण-1940

रिजर्व बैंक की स्थापना के बाद जिसका उद्देश्य भारत का शोषण करके ब्रिटिश खजाने को भरना एवं ब्रिटिश गवर्नमेण्ट की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए भारत एवं भारतीयों की लूट-पाट एवं शोषण के लिए 11 मार्च 1940 को सैकड़ों सालों से चले आ रहे रुपए "गवर्नमेण्ट रुपया" का ब्रिटिश गवर्नमेण्ट द्वारा अपने बनाये नियम एवं कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए, क्वायनेज एक्ट 1906 के द्वारा निर्धारित रुपए के मानक का कूटकरण किया गया, जिसका प्रमाणित दस्तावेज एक्ट VI आफ 1940 है। यह कूटकरण चाँदी के "गवर्नमेण्ट रुपए" का प्रथम कूटकरण था, जिससे भारत की बेरोजगारी, भुखमरी बढ़ती चली गयी, तथा भारत की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गयी। क्वायनेज एक्ट 1906 का 1940 में किया गया "गवर्नमेण्ट रुपए" का कूटकरण विधि शून्य है। क्योंकि रुपए के कूटकरण का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है, बल्कि अपराध है।

वैध रुपया जनता या देश में आर्थिक अभाव नहीं आने देती है।
अवैध रुपया जनता या देश में आर्थिक अभाव कभी भी खत्म नहीं होने देती है।

plied to the partially excluded areas [illegible] 20.1.41,
dras, see Fort St. George Gaz. Notfn. No. 13, [illegible] 20.1.41,
plied to all the partially excluded areas of [illegible] vince
[illegible] Orissa specified in Part. II of Schedule to the Govt. of
India (Excluded and partially Excluded Areas) Order, 1936,
[illegible] Orissa Govt. Notfn. No. 324-P, d/-28.1.41.

ACT[1] No. VI OF 1940.

[PASSED BY THE INDIAN LEGISLATURE.]

(Received the assent of the Governor General on the 11th March, 1940.)

An Act further to amend the Indian Coinage Act, 1906.

III of 1906. WHEREAS it is expedient further to amend the Indian Coinage Act, 1906, for the purpose hereinafter appearing;

It is hereby enacted as follows:—

Short title. 1. This Act may be called the Indian Coinage (Amendment) Act, 1940.

Amendment of section 5 of Act III of 1906. 2. For section 5 of the Indian Coinage Act, 1906 (hereinafter referred to as the said Act), the following section shall be substituted, namely:—

Standard weight and fineness. "5. (1) The standard weight of the Government rupee shall be one hundred and eighty grains troy.

(2) The other silver coins shall be of proportionate weight.

(3) The standard fineness of the Government rupee shall be as follows, namely, eleven-twelfths, or one hundred and sixty-five grains of fine silver, and one-twelfth, or fifteen grains of alloy: of the half-rupee, eleven-twelfths, or eighty-two and a half grains of fine silver, and one-twelfth, or seven and a half grains of alloy: and of the quarter-rupee, one-half, or twenty-two and a half grains of fine silver, and one-half, or twenty-two and a half grains of alloy.

(4) In

1

Price anna 1 or 1½d.

Applied to British Baluchistan, see Notfn. No. 168-F, dated 17.10.40, Gaz. of India, 1940, Pt. I, p.1678.

(4) In the making of silver coins, a remedy shall be allowed of an amount not exceeding the following, namely :—

	Remedy in weight.	Remedy in fineness.
Rupee } Half-rupee }	Five-thousandths .	Two-thousandths.
Quarter-rupee	Nine-thousandths . .	Five-thousandths.

and in applying the said remedies to quarter-rupees the remedies shall be applied to the average of one hundred coins and not to individual coins."

Amendment of section 15, Act III of 1906. 3. To section 15 of the said Act the following sub-section shall be added, namely :—

"(3) All quarter-rupee silver coins which may have been issued under this Act prior to the commencement of the Indian Coinage (Amendment) Act, 1940, shall continue to be a legal tender in payment or on account for any sum not exceeding one rupee at the rate of four for a rupee."

आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द का सैद्धांतिक भारतीय रुपया

<u>नेता जी सुभाष चंद्र बोस द्वारा "भारतीय रुपया" की पुनः स्थापना</u>-भारत में स्वतंत्रता आंदोलन चल रहा था उसी आन्दोलन के दौरान भारत के वीर सपूत, शहीदों के प्रणेता नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने भारत को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए "आर्जी हुकुमत-ए-आजाद हिन्द" नाम से सरकार का गठन कर लिया, जिसे आजाद हिन्द सरकार के नाम से जाना जाता था और 5 अप्रैल 1944 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजों द्वारा भारत में की जा रही

लूट-पाट एवं शोषण का करारा जवाब देते हुए “नेशनल बैंक ऑफ आजाद हिन्द” को रंगून में स्थापित कर भारत की मुद्रा भारतीय रुपया जो प्रायः लुप्त हो चुकी थी, उस “भारतीय रुपए” को पुनः नया जीवन देते हुए “आजाद हिन्द रुपया” के रूप में जारी कर दी, कुछ ही दिनों में पूरी दुनिया में छा गया, यह आजाद हिन्द का रुपया कामर्शियल आर्गेनाईजेशन मुद्रा थी, यह स्टेट मुद्रा नहीं थी। तथा वर्मा विधि द्वारा रजिस्टर्ड थी उस रुपए का मानक मूल्य सैद्धांतिक एवं स्थिरांक था, जिसका परिणाम यह हुआ कि 8 स्वतंत्र राष्ट्रों ने इस “आजाद हिन्द रुपया” को मान्यता दे दिया, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने प्रिंसीपल में लिखा है कि- “डिटर्मिनेशन नाट टू बारो लोन्स ऐज इट मेय डिस्ट्रोय द इकोनामिक फ्यूचर आफ द कण्ट्री”- Principal [Determination not to borrow loans as it may destroy the economic future of the Country]

इस “आजाद हिन्द रुपए” में गवर्नमेण्ट रुपए को जड़ से उखाड़ने की क्षमता थी, “आजाद हिन्द बैंक” तीव्र गति से बढ़ने लगा, भारतीयों ने इस बैंक का भरपूर समर्थन दिया और कुछ ही दिनों में भारत की जनता ने इसकी तिजोरी सोने से भर दिया।



NATIONAL BANK OF AZAD HIND LIMITED

On 5th April 1944, Netaji Subhas Chandra Boss Opened the National Bank of Azad Hind at Rangoon. It was a commercial organisation, not a state enterprise.

Location	- Rangoon (Burma)
Initial Capital	- Rs. 50,00,000/-
Registration	- Under Burmese Law of Registration
Sources	- The voluntary gifts and auctions of garlands in public meetings, deposits from Indian commercial magnets and tradesmen and taxes
Facilities	- Cheque facility available Postal Stamps of Provisional Govt. of Azad Hind INA recruitment forms
Branches	- Working all over Burma
Purpose	- To provide services to the Provisional Govt. of Azad Hind (Free India) and INA and to deposit the surplus funds and treasures of the Provisional Govt. of Azad Hind.
Principle	- Determination not to borrow loans as it may destroy the economic future of the country

Board of Directors

Chairman	- S. A. Ayer
Director	- Dina Nath
Managing Secretary	- D. N. Bhaduri

A. Yellappa, Chairman, Indian Independence League, Singapore and Minister without portfolio, Provisional Govt. of Hind at Rangoon with authorised Capital of Rs. 50 Lakhs and had it inaugurated by Netaji, a few hours before he left for the front on 5th April 1944. Yellappa died a year later in harness, wounded by a splinter in a bombing raid in NE Burma.

वैध सरकार 'आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द' की वैध रुपया आज भी बन्द नहीं

इधर अंग्रेजी हुकूमत में खलबली मच गयी, जिसका मुख्य कारण था विधि द्वारा स्थापित संप्रभुता संपन्न आजाद हिन्द सरकार थी जो विधि द्वारा स्थापित स्वतंत्र सरकार के मानकों को पूरा करने के पश्चात "आजाद हिन्द सरकार" का गठन किया गया था, किसी भी राष्ट्रीय सरकार के गठन में प्रमुख मानक के रूप में उस सरकार का संविधान हो, उस सरकार की सेना हो, और उसकी अपनी मुद्रा हो, तभी अन्य स्वतंत्र राष्ट्र अपनी मान्यता देती है जिसे "आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द" सरकार ने पूरा किया। तब 12 स्वतंत्र राष्ट्रों ने आजाद हिन्द सरकार एवं इसकी मुद्रा "आजाद हिन्द रुपया" को मान्यता दिया। आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द 'अस्थायी भारत सरकार' जिसके प्रधानमंत्री नेताजी सुभाष चंद्र बोस थे, आजाद हिन्द रुपए पर इनकी तस्वीर लगी रहती थी, इस रुपए का मानक (स्टैण्डर्ड) स्थिरांक तथा सैद्धांतिक था, इन्होने अंग्रेजों द्वारा भारत की मुद्रा रुपया का कूटकरण कर बनाया गया भारतीय गुलामों के रुपए "ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया तथा गवर्नमेण्ट रुपया" जो भारतीयों का खून चूस रही थी, तथा भारतीय जनता को गरीबी, भुखमरी तक पहुंचा दिया था, नेता जी ने भारतीय सैद्धांतिक मानक का रुपया पुनः स्थापित किया।

आजाद हिन्द सरकार का आजाद हिन्द रुपया का मानक (स्टैण्डर्ड एवं मोहर मानक)-

वजन तोला में मात्रा	वजन ग्राम में मात्रा	धातु सोना एवं चांदी	धातु सोना एवं चांदी
1 तोला	11.664 ग्राम	शुद्ध चांदी	1 रूपया
1 तोला	11.664 ग्राम	शुद्ध सोना	10 रूपया 1 मोहर

ब्रिटिश सरकार को "आजाद हिन्द सरकार" एवं आजाद हिन्द फौज से भी ज्यादा डर इस बात को लेकर था, कि अगर "आजाद हिन्द बैंक" बरकरार रहा, तो भारत सहित पुरी दुनिया से हमारा शोषण और लूट-पाट बन्द हो जायेगा, भारत आर्थिक रूप से आजाद हो जायेगा, जो वास्तविक आजादी होगी। अंग्रेज इस बात से परिचित थे कि आर्थिक आजादी ही असल आजादी है और आर्थिक गुलामी ही असल गुलामी है।



आजाद हिन्द सरकार द्वारा अपनी मुद्रा चलन में लाने से इसकी इतनी ताकत बढ़ गयी कि ब्रिटिश सम्राज्यवाद को चुनौती देते हुए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने 'तुम मुझे खून दो, मै तुम्हें आजादी दूंगा।' 'दिल्ली चलों' का नारा देते हुए मित्र देशों के सहयोग से अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें अंग्रेजो की कमर तोड़ डाली, इस युद्ध में भारत के लाखों शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दी, लगभग दस हजार आजाद हिन्द सैनिकों को बंदी बनाकर अंग्रेजों ने दिल्ली के लाल किले में रखा तथा उन पर खुले आम मुकदमा चलाकर अंग्रेजों द्वारा फांसी देने की योजना थी।

नेता जी की शौर्य गाथा को जनता से छिपाया

पाठकों आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपने देश तथा देशवासियों के लिए इतना बड़ा आश्चर्यजनक कार्य किया, लेकिन उस समय अंग्रेजों ने तथा भारत के नेताओं ने भारत की जनता को आजाद हिन्द सरकार एवं उसके कार्यों की जानकारी नहीं होने दी, यह एक संयोग है कि, अंग्रेजों द्वारा आजाद हिन्द सैनिकों पर खुलेआम मुकदमा चलाकर फाँसी देने की योजना का पता जब भारत की जनता को मालूम हुआ, और जनता आन्दोलित हुई, तब जाकर अंग्रेजों ने अपनी फाँसी देने की योजना को टालनी पड़ी, इधर नेताजी की मृत्यु हो गयी, यह अफवाह फैलायी गयी, और एक दूसरा पक्ष नेता जी जिंदा है ऐसा प्रचारित कर नेताजी को जिन्दा-मुर्दा में उलझा दिया। और नेताजी का "आजाद हिन्द सरकार" और आजाद हिन्द बैंक एवं

आजाद हिन्द का धन (स्वर्ण) से सम्बन्धित दस्तावेजों को जप्त कर आज भी उसे गुप्त रखा गया है।

भारत के लिए मर-मिटने वाले उन शहीदों एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस से सम्बन्धित दस्तावेजों को भारत की जनता से छुपाना इसे देश भक्ति कहा जाये या देशद्रोह?

आर.टी.आई. के अंतर्गत दिनाँक 19.06.2015 को प्रश्न संख्या-7 के द्वारा यह पूछे जाने पर कि-"नेशनल बैंक आफ आजाद हिन्द लिमिटेड" की करेंसी से लेन-देन किसके द्वारा वन्द कराया गया? किस कारण बन्द कराया गया? किस दिनाँक व किस सन् से बन्द है? इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करायी जाए।

इस सूचना को प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, रिजर्व बैंक आदि से माँगी गयी, जिसके उत्तर में भारत सरकार से जवाब मिला कि-

आपके आवेदन के बिन्दु 1, 4 और 7 के संदर्भ में उत्तर निम्नानुसार है-

"अधोहस्ताक्षरी CPIO के पास विनिमय माध्यम के रूप में सोने के सिक्के के मानक अथवा डालर के प्रयोग के मानक हेतु विधिक प्रारूप की किसी वैध मुद्रा का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है।"

इस सूचना के उत्तर में रिजर्व बैंक आफ इण्डिया ने सूचना देते हुए लिखा है कि- "वांछित सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है।" भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक के उत्तर से यह स्पष्ट हो रहा है कि-

(क)- आजाद हिन्द सरकार की वैध आजाद हिन्द बैंक और उसकी मुद्रा "आजाद हिन्द रुपया वैध थी, और वैध है।

(ख)- आजाद हिन्द बैंक एवं उसकी मुद्रा रुपया को किसी सरकार ने बंद नहीं किया अर्थात् वह वैध बैंक तथा वैध आजाद हिन्द रुपया आज भी चलन में है, अगर भारत सरकार के पास और रिजर्व बैंक के पास बंद होने का कोई दस्तावेज नहीं है तो इससे सिद्ध होता है कि वैध आजाद हिन्द रुपया आज भी चलन में है जिससे भारत सरकार, भारत की जनता से लेन-देन क्यों नहीं करती और कराती है?

(ग)- भारत को आजादी मिलने के बाद भारत के शहीदों द्वारा स्थापित वैध बैंक तथा वैध

"आजाद हिन्द रुपया" था तो जिन अंग्रेजों ने भारत को सैकड़ों साल गुलाम बनाकर रखा तथा जिस रुपए से भारत को लूटा और लूट रहे है उस रुपए "ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया" तथा "गवर्नमेण्ट रुपया" जो कुटकृत एवं विधि शून्य है से लेन-देन क्यों?

इसका जवाब भारत सरकार को देना चाहिए या नहीं?

आजाद हिन्द करेंसी

किसानों, मजदूरों के लूट-पाट एवं शोषण का रहस्यमय जाल

सन् 1970 और 2024 में गेंहू की कीमत का तुलनात्मक विश्लेषण- सन् 1970 में 50/- रुपया प्रति क्विंटल गेंहू का भाव था, जिससे 1 क्विंटल गेंहू की मुद्रा में कीमत 50/- रुपया था और उस समय सोना 184/- रुपया प्रति दस ग्राम का भाव था।

$$10 \times 50 \div 184 = 2.717$$ ग्राम सोना में था।

अर्थात् किसान 1 क्विंटल गेंहू बेचता था, तो भारत सरकार उस किसान को रुपया में 50 रुपया देती थी या सोना में 2.717 ग्राम सोना पाता था, केन्द्र और प्रान्त की बहुत सी सरकारें आई-गई और सभी सरकारों ने यही कहा कि- किसानों, हम तुम्हारे गेंहू की कीमत बढ़ा रहे है और आज सन् 2024 में सरकारों ने 2170/-रुपया प्रति क्विंटल गेंहू का दाम कर दिया और पूरे देश में प्रचारित किया जाता है कि हमने सन् 1970 की तुलना में $2170 - 50 = 2120/-$ रुपया प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम बढ़ाकर 2170/- रुपया कर दिया, लेकिन रुपए का मानक या, जो क्रय शक्ति, जो सोना होता है, उसके अनुसार सन् 1970 से 2.717 ग्राम सोना जो किसान पाता था, उस किसान की स्थिति सन् 2024 में-

सन् 1970 के अनुसार –

10 ग्राम × 50 रुपया भाव गेहूँ ÷ 184/- सोने का भाव = $\mathbf{2.717}$ ग्राम सोना किसान पाता था।

सन् 2024 के अनुसार –

10 ग्राम × 2170 रुपया भाव गेहूँ ÷ 65000/- सोने का भाव = $\mathbf{0.3338}$ ग्राम सोना किसान पाता है।

अर्थात्

$\mathbf{2.717}$ ग्राम − $\mathbf{0.3338}$ ग्राम = $\mathbf{2.383}$ ग्राम सोना किसान कम पाता है।

किन्तु, आज 2024 में 2.717 ग्राम का 65,000/- रुपया प्रति 10 ग्राम सोना के भाव से रुपया में –

65,000/- दर (भाव) × 2.717 मात्रा सोना ÷ 10 ग्राम = $\mathbf{17,660.5}$ रुपया होगा।

इसलिए आज प्रति क्विंटल गेंहू का मूल्य $\mathbf{17,660.5}$ रुपया होगा।

आज प्रति क्विंटल गेंहू का मूल्य $\mathbf{17,660.5}$/- रुपए होता तो किसान को सन् 1970 का गेंहूं का भाव मिलता, जबकि गेहूँ का हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाती, केन्द्रीय सरकारें एवं प्रान्तीय सरकारों ने 2170/- रुपया प्रति क्विंटल सन् 2024 में तय किया। जो सन् 1970 के प्रति क्विंटल गेंहू की कीमत से $\mathbf{17,660.5 - 2170 = 15990.5}$ रुपया कम है, जो लगभग 7 गुना से अधिक कम है।

सन् 1970 और 2024 में कपास की कीमत का तुलनात्मक विश्लेषण – सन् 1970 में 185/- रुपया प्रति क्विंटल कपास का भाव था। जिससे एक क्विंटल कपास की मुद्रा (रुपया) में कीमत 185/- रुपया था और उस समय सोना 184/- रुपया प्रति 10 ग्राम सोना का भाव था।

$\mathbf{10 \times 185 \div 184 = 10.0543}$ ग्राम सोना में था।

अर्थात्, किसान एक क्विंटल कपास बेचता था तो सरकार उस किसान को रुपया में 185/- रुपया देती थी या सोना में 10.0543 ग्राम सोना पाता था। केन्द्र और प्रान्त की बहुत सी सरकारे आयी-गई और सभी सरकारों ने यही कहा की – किसानों हम तुम्हारे कपास की कीमत बढ़ा रहे हैं। और आज सन् 2024 में सरकार ने 7020/- रुपया प्रति क्विंटल कपास का दाम (भाव) कर दिया और पूरे भारत में प्रचारित किया जाता है कि हमने सन् 1970 की तुलना में 7020 – 185 = 6835 रुपया बढ़ाकर सन् 2024 में 7020/- रुपया कर दिया। लेकिन रुपए का मानक या क्रय-शक्ति जो सोना होता है। उसके अनुसार सन् 1970 में 10.0543 ग्राम सोना जो किसान पाता था उस किसान की स्थिति सन् 2024 में –

सन् 1970 के अनुसार –

10 ग्राम × 185/−रुपया कपास भाव ÷ 184/−सोने का भाव = **10.054** ग्राम सोना किसान पाता था।

सन् 2024 के अनुसार –

10 ग्राम × 7020/−रुपया कपास भाव ÷ 65000/−सोना का भाव = **1.080** ग्राम सोना किसान पाता है।

अर्थात्

10.054 − 1.080 = **8.974** ग्राम सोना किसान कम पाता है।

किन्तु आज सन् 2024 में 10.054 ग्राम सोने का 65,000/- रुपया प्रति 10 ग्राम सोना के भाव से रुपया में –

65,000 भाव × 10.054 ग्राम मात्रा सोना ÷ 10 ग्राम = **65,351/-** रुपया होगा।

इसलिए आज प्रति क्विंटल कपास का मूल्य 65,351/- रुपया होगा।

आज प्रति क्विंटल कपास का मूल्य 65,351/- रुपया होता तो किसान को सन् 1970 का कपास का भाव मिलता। जबकि कपास का हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाती केन्द्रिय सरकारें और प्रान्तीय सरकारों ने 7020/- रुपया प्रति क्विंटल कपास का भाव सन् 2024 में तय किया। जो सन् 1970 के प्रति क्विंटल कपास की कीमत से **65,351 − 7020 = 58,331** रुपया कम है। जो लगभग 9 गुना से अधिक कम है।

इस तुलनात्मक गणना से प्रमाणित हो गया कि सन् 1970 की अपेक्षा सन् 2024 में गेंहू एवं कपास का विनिमय करता किसान का लूट-पाट तथा शोषण हुआ।

यह शोषण रुपया के अवमूल्यन (कूटकरण) के द्वारा मानक (स्टैण्डर्ड) को घटाने से हुआ। क्योकि रुपया की प्रमाणिक ईकाई मानक के स्थिर रहने से ही संभव है, जिसके बिना मूल्य का मापन संभव नहीं है। इस तरह मानक (स्टैण्डर्ड) में घटती रुपया किसानों के उत्पादन के मूल्य की मापक नहीं बल्कि शोषण का साधन बनकर किसानों का शोषण कर रही है।

सन् 1970 और 2024 में ट्रेक्टर और गेंहू के मूल्य का तुलनात्मक विश्लेषण-

(1)-सन् 1970 में एक ट्रेक्टर का मूल्य लगभग 19,000/- रुपया था। उस समय दस ग्राम सोने का मूल्य 184/- रुपया था, सोना में ट्रेक्टर का मूल्य

–

10 × 19,000 ÷ 184 = 1032.60 ग्राम सोना था।

उस समय ट्रेक्टर का मूल्य गेंहू में अदा करता किसान को 50/- रुपया प्रति क्विंटल की दर से 19,000 ÷ 50 = 380 क्विंटल गेंहू का विनिमय करना पड़ता था। आज सन् 2024 में उसी ट्रेक्टर का मूल्य लगभग 5,00,000/- रुपया (पाँच लाख रुपया) है और सोना में 10 ग्राम का 65,000/- के भाव से 5,00,000 × 10 ÷ 65,000 = **76.932** ग्राम सोना है। 2170/- रुपया प्रति क्विंटल की दर से ट्रेक्टर का आज गेंहू में मूल्य –

5,00,000 ÷ 2170 = **230.414** क्विंटल गेंहू है अतः सन् 1970 की तुलना में ट्रेक्टर का रुपया में मूल्य बढ़ा, किन्तु सोना में मूल्य घटा। जबकि गेंहू में मूल्य घटा, अब सवाल यह है कि "रुपया का अस्तित्व सोना से है या सोना का अस्तित्व रुपया से है।" जबकि रुपया का अस्तित्व सोना के मानक (स्टैण्डर्ड) से है यदि रुपया में सोने का मानक शून्य हो जाये, तो रुपया का अस्तित्व भी शून्य हो जायेगा, कहने का तात्पर्य यह है कि आंकिक मान केवल सोना की मात्रा को प्रदर्शित करता है इसलिए आज 76.932 ग्राम सोना ही ट्रेक्टर का वास्तविक मूल्य है। इसलिए ट्रेक्टर का मूल्य रुपया में भी घटना चाहिए था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि रुपए का कूटकरण (अवमूल्यन) कर मानक (स्टेण्डर्ड), को भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत की सरकारों ने घटाकर रुपया को विनिमय का नहीं बल्कि शोषण का साधन बना लिया है। क्योंकि मुद्रा का मानक सिद्धांत इसका साक्षी है कि "जब मुद्रा के मानक में जिस अनुपात में कमी या वृद्धि की जाती है, उसी अनुपात में सामान्य कीमत स्तर में कमी या वृद्धि होती है और इसके विपरीत (विलोम) मुद्रा का मूल्य घट-बढ़ जाता है।" जो हुआ।

(2)- सन् 1970 में 50/- रुपया प्रति क्विंटल की दर से एक क्विंटल गेहूँ में 10 × 50 ÷ 184 = **2.717** ग्राम सोना मिलता था। जिसका सन् 2024 में 'मुद्रा रुपया' में मूल्य 65,000 × 2.717 ÷ 10 = **17660.5/–** रुपया होगा।

अतः किसान को सन् 1970 में जो गेहूं का भाव था, यदि वह भी भाव आज मिलता तो, आज सन् 2024 में प्रति क्विंटल गेंहू का वास्तविक मूल्य 17660.5/- रुपया होना चाहिए, किन्तु 2170/- रुपया प्रति क्विंटल तय किया गया जो लगभग 7 गुना से अधिक कम है। इस तरह केन्द्रीय एवं प्रान्तीय सरकारों ने गेंहू का मूल्य बढ़ाया नहीं बल्कि रुपया के मानक को घटाकर गेंहू का मूल्य घटाया और कागज की नोटों को छापकर संख्या (अंक) बढ़ाया और भोले-भाले अनपढ़ किसानों की बुद्धि को भ्रमित कर छल-कपट ठगी, धोखा किया है, और रुपया को विनिमय का माध्यम नहीं बनाया बल्कि रुपया से किसानों का लूट-पाट करते हुए रुपए को शोषण का साधन बना दिया है।

(3)- सन् 1970 और 2024 के रुपया के मानक व मूल्य के मूल्यांकन के तुलनात्मक आंकड़ों से यह सिद्ध हो गया कि ट्रेक्टर का मूल्य घटा और घटकर 76.932 ग्राम सोना हो गया। सन् 1970 में जो रुपया का मानक (स्टैण्डर्ड) था, यदि वह यथावत् (स्थिरांक) रहता, अर्थात् मूल्य का मापक रुपया का वह मानक मान जिससे मूल्य का मापन होता है, वह स्थिर रहता, दूसरे शब्दों में नियम और कानूनों का उल्लंघन कर कूटकरण (अवमूल्यन) भारतीय रिजर्व बैंक व केन्द्रीय सरकार नहीं की होती, जिसकी मजबूती विश्वसनीयता सोना के मानक से है, जो मुद्रा रुपया का प्राण है, जिसके बिना रुपया का अस्तित्व संभव नहीं है तो 76.932 ग्राम सोना में मिलता,

आज ट्रेक्टर का मूल्य –

$\mathbf{184 \times 76.932 \div 10 = 1415.5488/-}$रुपया होना चाहिए।

जिसका सन् 1970 के भाव से गेंहू में मूल्य $\mathbf{1415.584 \div 50 = 28.310}$ क्विंटल गेहू और सन् 2024 के गेहू के भाव से $\mathbf{1415.584 \div 2170 = 0.6523}$ क्विंटल गेंहू होना चाहिए।

(4)- सन् 1970 में 50/- रुपया प्रति क्विंटल की दर से एक क्विंटल गेंहू का सोना में मूल्य- $10 \times 50 \div 184 = \mathbf{2.717}$ ग्राम सोना था, किन्तु आज सन् 2024 में उसी 1 क्विंटल गेंहू का मूल्य सोना में 2170/- रुपए प्रति क्विंटल की दर से $10 \times 2170 \div$

65,000 = **0.3338** ग्राम सोना है। जबकि 1970 की तुलना में किसानों को सन् 2024 में गेंहू का मूल्य हर साल बढ़ाती केन्द्रीय सरकार ने अधिकतम तय किया। इसके बावजूद भी 1970 की तुलना में 2024 में सोना में गेहू का मूल्य घटा, जबकि मुद्रा रुपया में बढ़ा। इस रहस्यमयी पहेली की बुझौनी-बुझाते किसानों के उत्पादन को केन्द्रीय सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक चौड़े मैदान में लूट रहे है। जिससे खेती-बाड़ी मरणासन्न हो गयी है, और खेत-खलिहान श्मशान बनते जा रहे है, खेती-बाड़ी छोड़ किसान पलायनवादी होते जा रहे है, कुछ सालों से भारी संख्या में किसानों द्वारा आत्महत्या की जा रही है। जिसका प्रमुख कारण रुपए का कूटकरण के द्वारा शोषण है। जिसमें लिप्त रिजर्व बैंक और भारत सरकार, किसानों की हत्या का दोषी है या नहीं?

सन् 1970 और सन् 2024 में मजदूर की मजदूरी का तुलनात्मक विश्लेषणः-

सन् 1970 में मजदूर के प्रतिदिन की मजदूरी मुद्रा में 5 रुपया थी, और सोना में – 10000(मिलीग्राम)या 10ग्राम × 5 ÷ 184 = **271.73** मिलीग्राम सोना था। जिसका विनिमयकर्ता मजदूर 50 पैसा/कि.ग्रा. गेंहू के भाव से 10 कि.ग्रा. गेंहू पाता था। आज सन् 2024 में मजदूर की मजदूरी रुपया में 300 रुपया और सोना में 10,000 × 300 ÷ 65,000 = **46.1538** मिली ग्राम सोना है जिसमें 21.70/– रुपया प्रति कि.ग्रा. की दर से 300 ÷ 21.70 = **13.824** कि.ग्रा. गेहूँ आज मजदूर को मिलता है जो सन् 1970 की तुलना में 13.824 – 10 = **3.824** कि.ग्रा. अधिक गेहूँ है। वास्तविकता यह है कि आज सन् 1970 की मजदूरी जो मुद्रा रुपया में 5 रुपया और सोना में 271.73 मिलीग्राम मजदूरी थी, वह सन् 2024 की मुद्रा रुपया में 300 रुपया अधिक तथा सोना **271.73 – 46.15 = 225.58** मिलीग्राम मजदूरी में कम है, क्योंकि आज 1970 की मजदूरी 271.73 मिलीग्राम सोना का मूल्य **65,000 × 271.73 ÷ 10,000 = 1766.245/–** रुपया होगा, जो सन् 2024 की मजदूरी **1766.245 – 300 = 1466.245/–**रुपया कम है।

जिसमें आज $1766.245 \div 21.70 = 81.393$ कि0ग्रा0 गेंहू मजदूर को मिलता, जो सन् 2024 के मजदूरी में मिलते गेंहू 13.824 से $81.393 - 13.824 = 67.569$ कि.ग्रा. गेहूँ कम है।

सन् 1970 और 2024 के प्रतिदिन की मजदूरी के तुलनात्मक आंकड़ा से यह प्रमाणित हो जाता है कि सन् 1970 में मजदूर की मजदूरी अधिक थी, और 2024 में कम हो गयी। अर्थात् सन् 1970 की अपेक्षा 2024 में मजदूरी कम हुई है, और साथ ही आंकड़ों से यह भी प्रमाणित हो जाता है कि रुपए के गैर कानूनी कूटकरण (अवमूल्यन) के कारण घटता रुपया का मानक (स्टैण्डर्ड) शोषण का साधन बन चुका है।

अतः विनिमय से मजदूरों की धनात्मक लूट-पाट करते भारतीय रिजर्व बैंक और केन्द्रीय सरकार रुपया को शोषण का माध्यम बनाते मजदूरों के श्रम का शोषण, दोहन कर रहे है।

मुद्रा 'रुपया' कहाँ बनाया या छापा जाता है?

अगर आज देश में यह प्रश्न पूछा जाए कि 'रुपया' कहा छापा या बनाया जाता है, तो शत-प्रतिशत लोग यही कहेंगे कि 'रुपया' मुम्बई, मद्रास, कलकत्ता इत्यादि स्थित टकसाल में छापा या बनाया जाता है। क्योंकि आजतक हमें यही बताया या पढ़ाया गया है।

हमें यह लगता है कि यह बात सही नहीं है। यह भ्रमित करने वाली बात बतायी या पढ़ायी गयी है।

असल बात तो यह है कि मुद्रा 'रुपया' को छापने या बनाने का देश में सिर्फ तीन प्रकार के ही टकसाल है-

1) कृषि (खेत, खलिहान) रूपी टकसाल

2) प्राकृतिक सम्पदा रूपी टकसाल

3) औद्योगिक सम्पदा रूपी टकसाल

कृषि (खेत-खलिहान) सम्पदा

किसी भी राष्ट्र के लिए कृषि (खेत या खलिहान) प्राकृतिक संपदा में सबसे महत्वपूर्ण सम्पदाओं में मानी जाती है। इस कृषि सम्पदा से ही मानव, पशु तथा पक्षी इत्यादि जीवों की जीवन में उपयोग और उपभोग की आवश्यक वस्तुएँ पैदा की जाती है। जिस कारण इस भूमि को माँ कहा जाता है। सच कहूँ तो असल टक्साल (रुपया छापने की मशीन) यही है। इसी कृषि द्वारा पैदा 'अन्न' जीवों की प्राणदाता है। इसलिए कृषि कार्य करने वाले किसानों को जीवनदाता, प्राणदाता एवं अन्नदाता भी कहा जाता है।

प्रकृति ने जिस देश में कृषि योग्य भूमि दिया है, वह देश धन्य है। भारत देश के किसान जब अक्टूबर-नवम्बर के ठंड में खेत जोतकर उसमें गेहूँ के बीज बोता है, और जनवरी-फरवरी के महीने में हड्डी गल्ला देने वाली ठंड में खेत की सिंचाई करता है, तो समझ लीजिए कि टकसाल चल रहा है। और अप्रेल-मई की झूलसा देने वाली गर्मी में जब गेहूँ कि कटाई-मड़ाई कर प्रकृति की कृपा स्वरूप एक दाने गेहूँ के बदले सैकड़ों दाने गेहूँ पैदा करता किसान, जब उस गेहूँ को बोरे में भरता है, तो समझ लीजिए कि टकलाल रूपी खेत से गेहूँ के रूप में बोरे में मुद्रा 'रुपया' भर रहा है। रुपया छप गया या बन गया है।

प्रकृति द्वारा प्रदत्त सम्पदा

जिस देश में जंगल, उपजाऊ मिट्टी, पहाड़, नदी, समुद्र, खनिज खान, धातुओंकी खान, रत्नों की खान, तेल एवं गैसों की खान इत्यादि प्रकृति ने अपने संसाधन जिस देश को दिया है। तो समझिए कि उस देश के पास पूरे देश में टकसाल स्थित है। अर्थात् उस देश मे मुद्रा (रुपया) का भण्डार है या टकसाल

है। यही असल सम्पति है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त इन्हीं संसाधनों से मानव के उपयोग या, उपभोग में आने वाली वस्तुएँ बनकर मुद्रा 'रुपए' को जन्म देती है।

औद्योगिक प्रतिष्ठान सम्पदा

जब प्राकृतिक सम्पदा लोहा को औद्योगिक प्रतिष्ठान में ले जाकर ज्ञान, विज्ञान और श्रम द्वारा उस लोहे को विभिन्न प्रकार के वस्तुओं मे रूपान्तरित या परिवर्तन किया जाता है। जैसे- साईकिल, मोटरसाईकिल, कार, रेल, हवाई जहाज, इत्यादि रूपों में परिवर्तन कर मुद्रा 'रुपया' छापता है या उत्पादन करता है। और वही उत्पादन ही 'रुपया' मुद्रा का जन्मदाता है। या रुपया छापा या बनाया जाता है।

यह प्राकृतिक, औद्योगिक एवं कृषि सम्पदा ऐसा टकसाल है कि यदि बीमार, या बन्द हो जाए तो देश में संकटों का अम्बार लग जाएगा। यह मानव के लिए साधन नहीं बल्कि साध्य है। इसके बिना देश का काम नहीं चलेगा।

देश की सरकारों ने इन्हीं के उत्पादों को साधने के लिए अर्थात् साधन के रूप में विनिमय में शोषण न हो इसके लिए मूल्य को मापने के लिए मूल्य की मापक या, बाट बनाया। जिसे मुद्रा 'रुपया' कहते है। जो सरकारी टकसाल में छापा या बनाया जाता है। जो मुख्य रूप से सोना या चाँदी के मानक (स्टैण्डर्ड) पर आधारित होता है और यही चाँदी या सोना का मानक मुद्रा 'रुपया' को मूल्य या क्रय-शक्ति देता है। इसी क्रय-शक्ति का नाम रुपया है।

मापक के सिद्धान्त के अनुसार-

मानक (स्टैण्डर्ड) स्थिरांक होता है। उसे घटाया या बढ़ाया नहीं जा सकता है। लेकिन देश के लुटेरे सरकारों ने इसी 'रुपया' को जो कीमत मापने का बाट है, उस बाट में बट्टा (कूटकरण या अवमूल्यन) किया। जो नियम विरूद्ध एवं असंवैधानिक है। उसके द्वारा सैकड़ों साल से भारत को लूटा एवं तथा-कथित आजादी के नाम पर 70 सालों से इस तथा-कथित रुपए के बाट में इतना बट्टा (कूटकरण या अवमूल्यन) किया गया कि इसका मानक (स्टैण्डर्ड) ही खत्म कर दिया गया इसका परिणाम यह हुआ कि

जो रुपया मूल्य की मापक थी उसी रुपया को शोषण के साधन के रूप में प्रयोग कर भारत का आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

भारत में शोषण के प्रमुख हथियार, बैंकिंग, ब्याज और मुद्रा बाजार- बैंकिंग द्वारा लूट-पाट, शोषण

भारत में प्राप्त इतिहास से यह ज्ञात होता है कि अंग्रेजों के भारत में आने से पहले कोई बैंकिंग प्रणाली भारत में नहीं थी, भारत के शासकों द्वारा ही अर्थव्यवस्था का संचालन एवं नियंत्रण होता था। जिसमें सर्राफा, महाजनों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती थी, यह व्यवस्था इतनी सफल थी, कि उस इतिहास में किसी शासक को मुद्रा की कमी नहीं थी। व्यापार, खेती-बाड़ी, सभी कुछ सुचारू ढंग से चल रहा था। 27-35 % विकास दर के साथ भारत विश्व के अग्रणी देशों में था। भारत में बेरोजगारी, भुखमरी, महँगाई, मंदी, मुद्रासंकट इत्यादि का नामो-निशान नहीं था।

अंग्रेजों के भारत पर कब्जा के बाद उनके द्वारा थोपे गये, मुद्रा प्रणाली, बैंकिंग प्रणाली एवं मुद्रा बाजार द्वारा भारत को तबाह और बर्बाद किया गया, तथा इन्ही प्रणालियों द्वारा बेरोजगारी, भुखमरी, महँगाई, मंदी, मुद्रासंकट इत्यादि पैदा कर, देश व दुनिया पर कब्जा करने की सोची-समझी अंग्रेजों की षडयंत्रकारी योजना है और इन अक्ल के लुटेरों के गिरोह को अंग्रेजों ने अर्थशास्त्री होने का ठप्पा लगा दिया है, जो अर्थशास्त्री नहीं बल्कि अनर्थशास्त्री है। (पाठक बैंकिंग प्रणाली के रहस्यमय षडयंत्र को जानने के लिए रवि कोहाड़ द्वारा रचित शोधग्रन्थ " बैंकों का मायाजाल" पढ़े।)

इन अक्ल के आर्थिक आतंकवादियों (अनर्थशास्त्रियों) द्वारा प्राकृतिक सिद्धांतों पर आधारित न्यायपूर्ण मौद्रिक प्रणाली, अर्थनीति जो मानव कल्याण, शोषण मुक्त, राष्ट्र के विकास की प्रणाली थी, को व्यक्तिगत हित के लिए सिद्धांतों एवं न्यायपूर्ण मौद्रिक प्रणाली

को छोड़कर, लूट-पाट, शोषण हेतु असैद्धांतिक एवं अन्यायपूर्ण मनमाना मौद्रिक प्रणाली को भारत की जनता के ऊपर लागू किया गया, तथा भारत को लूटा गया और आज भी पहले की अपेक्षा भारी लूट-पाट, शोषण बैंकिंग के द्वारा की जा रही है। बैंक ही इन शोषणकारियों का प्रमुख माध्यम है।

बैंक द्वारा शोषण का उदाहरण देखिये – सन् 2000 में राम और श्याम के पास $44{,}00 + 44{,}00 = \mathbf{8,800/-}$ रुपए थे। राम ने अपने 4,400 रुपए को फिक्स डिपाजिट योजना में बैंक में 10 वर्ष के लिए जमा कर दिया तथा श्याम ने वर्ष 2000 में 4400 रुपया/10 ग्राम सोना का भाव था, 10 ग्राम सोना खरीद लिया, 10 साल बाद सन् 2010 में बैंक ने राम को 8,800/- रुपए दिये। और 2010 में सोने का भाव 18,800 रुपया/10 ग्राम था, और श्याम ने 18,500/- रुपया पाये।

अर्थात् राम ने श्याम से $\mathbf{18,500 - 8,800 = 9,700/-}$ रुपया कम पाया और

सोना में- $\mathbf{10 \times 8,800 \div 18,500 = 4.756}$ ग्राम सोना होगा।

इसलिए, राम ने $\mathbf{10 - 4.756 = 5.244}$ ग्राम सोना, सोना की मात्रा में कम पाया।

लाभांश जिसे ब्याज कहते है क्या मिला?

भारत सरकार तथा बैंक पूरे भारत में मीडिया से प्रचारित कराते है कि भारत की जनता अपना रुपया बैंक में जमा करे और इसका लाभांश बढ़े हुए रुपए के रूप में जनता प्राप्त करे।

उपरोक्त गणना से यह सिद्ध होता है कि बैंक और भारत सरकार रुपए का कूटकरण कर जनता के धन को घटा रही है।

वैध रुपया जनता या देश को विकास की बुलंदियों पर पहुंचती है।
अवैध रुपया जनता या देश को विनाश की कगार पर पहुंचती नंगा व भीखमंगा (गुलाम) बना देती है।

ब्याज द्वारा लूट-पाट एवं शोषण

Account Statement from 8 Feb 2023 to 8 Aug 2023

Txn Date	Value Date	Description	Ref No./Cheque No.	Debit	Credit	Balance
25 Mar 2023	25 Mar 2023	CREDIT INTEREST--			4.00	607.00
31 Mar 2023	31 Mar 2023	TO UPI RA [illegible] SI	TR [illegible] TO 46 [illegible] 97	220.00		387.00
2 Apr 2023	2 Apr 2023	TO UPI a/F [illegible] ndr	TR [illegible] TO 46 [illegible] 91	200.00		187.00
3 Apr 2023	3 Apr 2023	BY UPI H K [illegible] IS me-	TR FR 46 [illegible] 92		20.00	207.00
4 Apr 2023	4 Apr 2023	BY UPI KU [illegible] OK ne-	TR FR 50 [illegible] 96		6,000.00	6,207.00
4 Apr 2023	4 Apr 2023	TO UPI H K [illegible] IS 1-	TR [illegible] TO 46 [illegible] 96	1,000.00		5,207.00
4 Apr 2023	4 Apr 2023	TO UPI K/P [illegible] sh	TR [illegible] TO 46 [illegible] 98	1.00		5,206.00

अंग्रेजों के लूट-पाट और शोषण का सबसे बड़ा हथियार ब्याज है, यह वही ब्याज है जिसे हिन्दू धर्म में "पाप कर्म" तथा इस्लाम धर्म में "हराम" कहा गया है।

आपने "टकसाल" का नाम सुना होगा, जहां रुपया छपता या बनाया जाता है उसे "टकसाल" के नाम से जाना जाता है इस टकसाल में छपने वाला रुपया बहुत सारी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद रुपया छपकर या बनकर हम सभी के बीच आता है, जिसे वैध रुपया या लीगल टेण्डर के नाम से जाना जाता है।

अब हम दूसरे टकसाल की जानकारी आपको देने जा रहे है, जो भारत के बड़े शहरों से लेकर छोटे शहर कस्बे तथा गाँव तक फैले हुए है जिनको "बैंक" के नाम से जाना जाता है। इन बैंकों में रात-दिन रुपए छपते रहते है जो रुपए की शक्ल में दिखाई नहीं देते, जो सिर्फ बैंक, खातों में लिखकर अंकों में बैंकों द्वारा बनाये जाते है, और इस रुपए को बनाने में किसी प्रक्रिया को पूरा करने की भी जरूरत नहीं पड़ती है, सिर्फ खाते के मूल धन में ब्याज को अंकों में लिख देना पड़ता है और इस लिखंत-पढंत को ब्याज के रुपए के नाम से जाना जाता है, लेकिन आज ब्याज का रुपया (जो मुद्रा राशि के प्रयोग के बदले दिये जाने वाले पारितोषिक मात्रा होता है) अवैध रूप से बैंकों द्वारा मूलधन में जोड़ दिया जाता है तो ब्याज का नाम खत्म हो जाता है और हवा में पैदा ब्याज मूल रुपया में परिवर्तन कर बैंकों द्वारा रुपए की मात्रा को बढ़ा दिया जाता है।

इस तरह बैंकों द्वारा ब्याज के रुपए को अंकों में मूलधन में लिखकर रुपए की मात्रा को बढ़ाना असल टकसाल को मात कर देने वाला बैंकों का टकसाल है, जिसमें असल टकसाल

से बनाये गये रुपए से कई गुना, बैंकों द्वारा अवैध रूप से ब्याज के रुपए द्वारा लिखकर बनाये गये रुपए है, जो संसार की सबसे बड़ी शोषण एवं लूट-पाट है।

उदाहरण- रिजर्व बैंक टकसाल से 100 करोड़ रुपए छापकर बैंक को देता है, कि खेती-बाड़ी, उद्योग, व्यवसाय के लिए इसे ऋण के रूप में 10 प्रतिशत ब्याज की दर से जनता को दें, और बैंक उसे कृषि उद्योग व्यवसाय में देता है और प्रत्येक साल 100 करोड़ रुपए का 10 प्रतिशत ब्याज 10 करोड़ साधारण ब्याज से होता है और वर्तमान सिस्टम में चक्रवृद्धि ब्याज द्वारा लगभग 3 वर्ष में 100 करोड़ मूलधन का 100 करोड़ ब्याज बना देते है और खाते में लिखा जाता है कुल धनराशि 200 करोड़, जबकि सच्चाई यह है कि नोट 100 करोड़ ही देश में घूम रहा है। सत्य यही है कि 100 करोड़ रुपया ही वैध रुपया है जो प्रतिभूति रखकर या रुपए की वैध प्रक्रिया के तहत बना है जो असल रुपया है, बाकी 100 करोड़ ब्याज का रुपया सिर्फ खाते के मूलधन में अंकों में लिखकर बनाया गया रुपया है, जो अवैध है जिसका कोई मानक मूल्य नहीं होता है।

अब प्रश्न यह है कि-

(क) ब्याज (जो रुपए के बदले दिया जाने वाला 'परितोषिक मात्रा' है।) को मूलधन में परिवर्तन करने के लिए कौन से सिद्धान्त या अधिनियम, नियम या संविधान की धारा में उल्लेख है। उक्त उल्लेखित सिद्धान्त अधिनियम, नियम या संविधान की धारा की जानकारी भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने नहीं दिया। जिससे सिद्ध होता है कि ब्याज के रुपए को मूलधन बनाने का कोई सिद्धान्त नियम, अधिनियम या संविधान में उल्लेखित नहीं है।

(ख) किसी भी बैंकिंग व्यवसाय में वित्तीय स्थिति विवरण/चिट्ठा/बैलेंस सीट की मुख्य प्रमाणिक भूमिका होती है, जो कि यह दर्शाता है कि बैंक ने अपनी किस सम्पत्ति में से ऋण राशि की अदायगी उपभोक्ता, कर्ज़ ग्रहणकर्ता को की है। कोई भी विवरण जो कि इस बात को इंगित करता है कि बैंक ने कर्ज़दार को कर्ज़ा/ऋण दिया है।

यह दुर्भाग्य पूर्ण है कि हमारे मजिस्ट्रेट एवं न्यायपालिका आम जन से बैलेंस सीट, विवरण, चिट्ठा माँगती है। लेकिन बैंक कर्ज़ के रूप में जितनी राशि दी है। उस राशि को बैंक ने अपनी संपत्ति में कम किया हो, तो इस लेन-देन का बैंक से वित्तीय स्थिति विवरण/चिट्ठा/बैलेंस सीट क्यों नहीं माँगती है?

जिससे बैंक द्वारा की जा रही छल-कपट, धोखा एवं शोषण का रहस्य खुल सके।

यह मनमाना लूटपाट एवं शोषण है। और यही लूटपाट, शोषण, महंगाई, मन्दी, बेरोजगीरी, गरीबी,भूखमरी इत्यादि का प्रमुख कारण है।

मुद्रा का मूल्य किसे कहते है?

"मुद्रा के मूल्य" के प्रायः बहुत से अर्थ लगाये जाते है। अर्थशास्त्र में मूल्य की धारणा विनिमय से संवंधित है, किसी वस्तु का मूल्य दूसरी वस्तु की वह मात्रा है जो उसके बदले में प्राप्त की जा सकती है।

<u>उदाहरण</u>- अगर 1 क्विंटल चावल के बदले 2 क्विंटल गेहू मिलता है तो कहा जाएगा कि 1 क्विंटल चावल का मूल्य 2 क्विंटल गेहू है। लेकिन कुछ लोग मुद्रा के प्रयोग के बदले में दिये जाने वाले ब्याज को मुद्रा का मूल्य कहते है पर ब्याज तो सिर्फ "राशि के प्रयोग" के बदले में दिया गया पारितोषिक मात्रा होता है, इसलिए इसे मुद्रा का मूल्य नहीं कहा जा सकता है।

कुछ लोग देश की मुद्रा के बदले में मिलने वाली विदेशी मुद्राओं को "मुद्रा का मूल्य" समझते है, जिसे मुद्रा शास्त्र में "विदेशी विनिमय दर" कहते है। सचमुच में "मुद्रा का मूल्य" का मतलब उस विनिमय शक्ति से है जिसके द्वारा बदले में वस्तुऐं और सेवाऐं प्राप्त की जाती है। वस्तुऐं तथा सेवाऐं खरीदने की शक्ति को "मुद्रा का मूल्य" कहते है "वस्तुओं के भाव" मुद्रा से आँके जाते है, और "मुद्रा के मूल्य" वस्तओं में लगाया जाता है, इस तरह "मुद्रा के मूल्य" और वस्तुओं के भाव में आपसी संबंध रहता है।

प्रोफेसर सेलिंगमेन (Selingman) ने लिखा है कि- "मुद्रा का मूल्य मुद्रा की क्रयशक्ति होती है और इसे वस्तुओं के सामान्य मूल्य स्तर से जाना जा सकता है। जब तक मुद्रा के मूल्य में कोई हेर-फेर या रद्दो-बदल न हो तब-तक वस्तुओं के सामान्य मूल्य स्तर में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता है।"

जब से बैंकिंग और अवैध मौद्रिक प्रणाली अंग्रेजों द्वारा लाया गया, तब से इस देश को ब्याज के रुपए को मूल रुपए में अंक लिखकर बेहिसाब कूटकृत अवैध रुपया बनाया गया

है, बनाया जा रहा है और भविष्य में भी ऐसे ही बनाया जाता रहेगा। तो इसका परिणाम प्रथम- यह होगा कि यही बैंक ब्याज का कूटकृत अवैध रुपया जो अंकों में लिखकर बनाया गया है सिर्फ कर्जदार के खाते में रुपया अंकों में लिखकर कर्जदार बना देगा। (जैसे आजकल बैंकों द्वारा कर्जदार के खाते में अंक लिखकर कर्जदार बनाया जाता है, और चेकबुक के द्वारा रुपया अंकों में लिखकर आदान-प्रदान कराया जाता है, (इस संबंध में विस्तार से जानने के लिए "रवि कोहाड़" द्वारा लिखित पुस्तक " बैंकों का मायाजाल" पढ़े।) और इस ब्याज के रुपए द्वारा समस्त प्राकृतिक संपदा, कृषि, उद्योग को अपने कब्जे में लेकर आजीवन पीढ़ी-दर-पीढ़ी गुलाम बना लेगा, या आत्महत्या करने को विवश कर देगा। जैसे कि किसानों एवं बैंकों के कर्जदार आत्महत्याएं कर रहे है।

दूसरा परिणाम यह होगा कि ब्याज का रुपया जो कूटकृत एवं अवैध रुपया है, जो अंकों में लिखकर बनाया गया है, वह रुपए की मात्रा को बढ़ा देगा, जिससे महँगाई गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, मुद्रा संकट इत्यादि समस्याओं का अंबार लग जायेगा। जैसा कि आजकल की स्थिति बनी हुई है, सरकारें तथा-कथित महँगाई पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है, और न ही कर पायेगी, क्योंकि यह वास्तव में महँगाई नहीं है, यह कूटकृत अवैध रुपए द्वारा लूट-पाट तथा शोषण है, जिसकों भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक महँगाई कह कर नियम, कानून तथा संविधान की अवमानना कर भारत की जनता के साथ धोखा तथा गद्दारी कर रही है।

टकसाल से छपकर निकले रूपये की असल मात्रा

बैंको द्वारा अंको में लिखकर बढ़ाए गये रूपये की मात्रा

<u>उदाहरण</u>- जिस तरह छोटे बच्चे को अधिक रुपया देने का भुलावा देकर 20 रुपए की संख्या में 5 नोट देकर उस बच्चे से 2000 रुपए का नोट ले लिया जाए। ठीक उसी प्रकार

किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी को अधिक रुपया देने का अर्थात् अबोध बच्चे की तरह संख्या में अधिक रुपया देने का भुलावा देकर बुद्धि (अक्ल) के मायाजाल में फंसाकर, उनके खून-पसीने की गाढ़ी कमाई का शोषण किया जा रहा है। इस अक्ल की हल्लाबोल डकैती में अबोध बच्चे की तरह भोले-भाले, किसानों, मजदूरों, श्रमिकों को समझना उनकी बुद्धि के लिए रहस्यमयी पहेली है। जिसकों उसके लिए समझ पाना टेढ़ी-खीर है। इसलिए रुपया विनिमय का माध्यम नहीं बल्कि छल-कपट, धोखा, अवैध है जो असंवैधानिक है। अतः थोपी गयी अवैध रुपया में विनिमय करने के लिए बाध्य किसानों, श्रमिकों की स्वतंत्रता का हनन है, इतना ही नहीं शोषण का शिकार किसानों एवं श्रमिकों की मुक्ति का सारा रास्ता अवैध रुपया में सील कर दिया गया है। रुपया का अवमूल्यन (कूटकरण) मानक घटाकर मुद्रा मूल्य बढ़ाया गया, ब्याज के रूपयों को अंकों में लिखकर रुपए की मात्रा बढ़ाया गया। किन्तु किसान के उत्पादन का मूल्य सामान्य कीमत से घटाती, खेती-बाड़ी को घाटे में धकेलती, उनकी रोजी-रोटी को छीन रही केन्द्रीय सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक भुखमरी की ओर ढकेलती उनके जीने के अधिकार को छीन रही है।

रिजर्व बैंक और भारत सरकार यह बतावें कि-

(क)- क्या बैंक ब्याज को खाते में मूलधन में अंक लिखकर नया रुपया बनाता है या नहीं? यदि हाँ तो- 15 अगस्त 1947 से 31 मार्च 2023 तक ब्याज को मूलधन में अंक लिखकर बनाये गये रुपए की कुल मात्रा कितनी है?

(ख)- जब ग्राहक द्वारा रुपया से ब्याज चुका दिया जाता है तो बैंक द्वारा खाते के मूलधन में अंकलिखकर नया रुपया बनाने का प्रावधान किस अधिनियम, नियम या संविधान की धारा में उल्लेखित है?

(ग)- ब्याज के रुपए का मानक मूल्य क्या है? तथा इसकी प्रतिभूति क्या होती है तथा कौन देता है?

अवैध मुद्रा बाजार आर्थिक आतंकवादियों का जमघट

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार का स्वभाव बाजार का नहीं है, क्योंकि बाजार में माँग-पूर्ति के आधार पर वस्तुओं का मूल्य घटता-बढ़ता रहता है। जब बाजार में माँग अधिक और उसकी पूर्ति कम होगी, तब वस्तुओं का मूल्य बढ़ जाता है, वस्तुएँ महँगी हो जाती है और मुद्रा का मूल्य घट जाता है, किन्तु जब पूर्ति अधिक और माँग कम हो जाती है, तब वस्तुओं का मूल्य घट जाता है। वस्तुएं बाजार में सस्ती हो जाती है और मुद्रा का मूल्य बढ़ जाता है। यदि माँग-पूर्ति के आधार पर मुद्रा का मूल्य अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में घटता-बढ़ता रहता है, तो अमेरिकी डालर का मूल्य वस्तुओं के सापेक्ष घटना-बढ़ना चाहिए और रुपया का मूल्य भी वस्तुओं के सापेक्ष घटना-बढ़ना चाहिए, किन्तु ऐसा नहीं होता है।

डालर का मूल्य निरन्तर भारतीय मुद्रा रुपया के सापेक्ष बढ़ता है और रुपया का मूल्य डालर के सापेक्ष घटता है, इसलिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में माँग-पूर्ति के सिद्धांत पर सस्ती-महँगी नहीं होती है बल्कि रुपया का आंकिक मान घटाकर भारतीय वस्तुए सस्ती की जाती है, जिससे डालर का मूल्य बढ़ता जा रहा है और विदेशी मुद्रा महँगी की जाती है। जिससे रुपया का मूल्य घटता जा रहा है, इससे रुपया की क्रयशक्ति क्षीण होती जा रही है और रुपए का अस्तित्व खतरे में है। इसलिए माँग-पूर्ति के आधार पर मूल्य घटने-बढ़ने का सिद्धांत रुपया पर लागू नहीं हो सकता है।

हमारे मन में एक सवाल बार-बार उठ रहा था, कि दुनिया के सभी वस्तुओं के मूल्य को मापने के लिए सैद्धांतिक मापक मुद्रा का निर्माण हुआ, जिससे वस्तुओं के मूल्य मापे जाते है, तो अब प्रश्न यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार में मुद्रा का मूल्य मापने के लिए कौन-सा सैद्धांतिक मापक है? उस मापक को किस नाम से पुकारा जाता है? उस मापक का मानक (स्टैण्डर्ड) क्या है?

इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए दिनाँक 26.10.2015 को रिजर्व बैंक से "सूचना का अधिकार अधिनियम 2005" के अन्तर्गत किये गये आवेदन में प्रश्न संख्या-4 में यह प्रश्न पूछा गया कि-

"क्या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय रुपए के मूल्य को मापने के लिए कोई मापक है? यदि हाँ तो उस मापक का नाम तथा मानक (स्टैण्डर्ड) बताये और यदि नहीं है, तो

भारतीय रुपए का अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य कैसे निर्धारित होता है? ऐसे निर्धारण का आदेश देने वाले अधिकारी का नाम, पद एवं दिनाँक तथा आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावे।"

जिसके जवाब में भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय बाजार परिचालन विभाग ने आधा-अधूरा उत्तर में लिखा कि-

"अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय रुपए का मूल्य विदेशी मुद्रा बाजार में मुद्रा की माँग और पूर्ति पर निर्भर है। रुपए के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य को मापने का कोई विशिष्ट मापक नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक में लागू रुपए के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य निर्धारण नीति के बारे में विवरण नीचे लिंक पर उपलब्ध है।"

मूल्य निर्धारण नीति बनाने वाले अधिकारी का नाम पद व दिनाँक तथा आदेश से सम्बन्धित कोई सूचना नहीं दी गयी।

इस सूचना से यह प्रमाणित हो गया कि रुपया के मूल्य को मापने का कोई सैद्धांतिक मापक नहीं है। मूल्य की मापक रुपया स्वंय में सिद्धांत है जिसका मानक मूल्य स्थिरांक होता है और इसके मानक मूल्य को घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार एक साजिश के तहत अंग्रेजों ने स्थापित किया है, जहाँ अक्लबाजों द्वारा असैद्धांतिक, असंवैधानिक तथा मनमाना किया जाता है। सच बात तो यह है कि अमेरिकी डालर में लेन-देन करते विश्व बैंक अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष विकसित देशों का बैंक है, जो अमेरिकी डालर की अगुवाई में विश्व वैश्विकरण के नाम पर आर्थिक साम्राज्यवाद को बलात् थोपते, भारत का शोषण कर रहे है। इसलिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार आर्थिक साम्राज्यवाद का पर्याय है, इस तरह अमेरिकी डालर भारतीय बाजार में अजगर की तरह मुँह फैलाता रुपया को ही नहीं बल्कि संपूर्ण जैविक संसाधनों को निगलता जा रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय सरकार मूकदर्शक, किंकर्तव्य विमूढ़ क्यों? क्या भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय सरकार रुपए का संचालक नहीं है? क्या अन्तर्राष्ट्रीय बाजार रुपए का संचालक है? जिसके विनिमय दर पर रुपया का डालर में भारतीय रिजर्व बैंक विनिमय करता रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में रुपया की क्रय शक्ति क्षीण होती जा रही है। क्या भारतीय रिजर्व बैंक दोषी नहीं है? जवाबदेह, जिम्मेदार नहीं है? तो इसका जिम्मेदार,

जवाबदेह, दोषी कौन होगा? इसकी जवाबदेही के लिए क्या संसद जिम्मेदार नहीं है? क्या अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार जिम्मेदार होगी?

अमूर्त रूप में बाजार का कोई मूर्त रूप नहीं होता है, तो अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार का मूर्त रूप क्या होगा? जिस पर जवाबदेही की जिम्मेदारी बनेगी? यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसके लिए कोई जिम्मेदार, जवाबदेह नहीं हो सकता है, तो अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार गैर जिम्मेदार, फ्राडिया, लुटेरा, दलालों, शोषणकर्त्ताओं का जमघट नहीं तो क्या होगा? जिसके नक्शे कदम पर चलता भारतीय रिजर्व बैंक और केन्द्रीय सरकार का क्या मानसिक दिवालिया नहीं हो गयी है? क्या यह देशवासियों के साथ विश्वासघात और गद्दारी नहीं है?

धातु के रूप में सोने की मात्रा, मुद्रा (रुपया) का प्राण

किसी भी मुद्रा की मजबूती, विश्वसनीयता, स्थायित्व सोना पर निर्भर करती, मुद्रा में सोने की मात्रा है, जो सैद्धांतिक रूप से स्थिरांक होता है उसमें सोने की मात्रा घटाने-बढ़ाने अर्थात् विकृत करने को कूटकरण या अवमूल्यन कहते है, यदि मुद्रा में सोने की मात्रा निरंतर घटती रहे, उस पर नियंत्रण न किया गया तो मुद्रा की विश्वसनीयता पूर्णतः समाप्त हो जायेगी अर्थात् द्रव्य के रूप में सोना की मात्रा मुद्रा का प्राण है, जिससे मूल्य का मापन होता है।

<u>उदाहरण</u>- वजन और लम्बाई का मापक, ग्राम और फीट है, जो मानक मात्रा की आंकिक मान है, जिससे वजन एवं लम्बाई की तौल-माप होती है, यदि मानक मात्रा में घटोत्तरी होती रहे तो वास्तविक तौल माप नहीं हो सकती है। और उसकी विश्वसनीयता समाप्त हो जायेगी। जिससे माप तौल करता विक्रेता-क्रेता को आंकिक मान से अधिक और मात्रा में कम वस्तुए देगा, जो विनिमय नहीं लूट-पाट, धोखा, ठगी, शोषण है।

ठीक उसी तरह-

मूल्य की मापक रुपया में सोना की मात्रा घटती रहने से रुपया का स्थायित्व, मजबूती, विश्वसनीयता समाप्त हो गयी है। जिससे वास्तविक मूल्य का मापन संभव नहीं हो सकता है, क्योंकि मूल्य का मापक सोना की मात्रा है जिसका आंकिक मान रुपया पर होता है।

जैसे- 100 लीटर पेट्रोल का अभिप्राय पेट्रोल की मात्रा है ठीक उसी तरह 100 रुपए का मतलब सोने की मात्रा से है, और 100 रुपया का नोट सोने की मात्रा का आंकिक मान है जो सोने की वैध निविदा (लीगल टेण्डर) है।

रुपया में सोने की मात्रा को निरंतर घटाता, रुपए का अवमूल्यन (कूटकरण) करता मुद्रा बाजार, भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार किसानों के उत्पादन एवं श्रमिकों के श्रम की कीमत निरंतर घटाता, रुपया का आंकिक मान बढ़ाता, मानसिक भूल-भूलैया में डालकर सबका लूट-पाट एवं शोषण कर रहा है, जो नियम कानून की अवहेलना तथा असंवैधानिक है।

अतः मुद्रा के शोध दस्तावेजों, गणित, तथ्यों, उदाहरणों एवं रुपया की वैध निविदा (लीगल टेण्डर) से यह सिद्ध है कि मुद्रा बाजार, रिजर्व बैंक और भारत सरकार जिस रुपए से विनिमय (लेन-देन) कर और करवा रही है, यह रुपया कूटकृत एवं अवैध रुपया है। इस अवैध रुपया से लेन-देन करना देश-द्रोह, आर्थिक गुलामी, सम्प्रभुता का अंत, लोकतंत्र की हत्या, शहीदों का अपमान, लूटपाट तथा शोषण है। भारतीय न्याय संहिता 2023 अध्याय-10 धारा-178 से 188 तक सिक्कों बैंक नोटों और सरकारी स्टैम्प्प के कूटकरण से सम्बन्धित अपराधिक धारायें प्रमाणित दस्तावेज है, जिसमें संज्ञेय अपराध एवं आजीवन कारावास का प्राविधाव है।

जिसका बहिष्कार मौलिक कर्त्तव्य एवं विधिक बाध्यता है या नहीं?

विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका जवाब दे-

(क)- क्या भारत में अंग्रेजों के आने से पहले सैकड़ों साल तक चलन में रहा, भारतीय सैद्धांतिक

रुपया जिसका स्थायी मानक मूल्य-

शुद्ध चाँदी 1 तोला या 11.664 ग्राम (मानक भार) = 1 रुपया (मानक मूल्य)

शुद्ध सोना 1 तोला या 11.664 ग्राम (मानक भार) = 10 रुपया या 1 मोहर (मानक मूल्य)

जिसे 10 रुपया या मोहर के नाम से पुकारा जाता था। जिसका जन्मदाता भारत के शासक शेरशाह सूरी है, जिसे कालान्तर में शासकों द्वारा यह रुपया चलाया जाता रहा और आज भी वहीं रुपया चलन में है।

क्या भारतीय रुपया का वैध निविदा (लीगल टेण्डर) है या नहीं?

(ख)- क्या भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के द्वारा भारतीय रुपए को कूटकरण कर

कूटकृत एक्ट नं. XVII ऑफ 1835 में उल्लेखित "ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया" के मानक मूल्य- क्या भारतीय रुपए का वैध निविदा (लीगल टेण्डर) है या नहीं?

इस एक्ट को पृष्ठ संख्या 254 से 295 देखें।

(ग)- क्या भारत में ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट के द्वारा 1862 में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के क्वायनेज एक्ट, 1835 के मानक मूल्य को ज्यों का त्यों अपनाकर "ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया" का नाम बदलकर "गवर्नमेण्ट रुपया" नाम रखा गया। (आज भी गवर्नमेण्ट रुपया ही चलन में है) जिसे इण्डियन क्वायनेज एक्ट नं. XIII ऑफ 1862 के नाम से जाना जाता है।

क्या भारतीय रुपए का वैध निविदा (लीगल टेण्डर) है या नहीं?

इस एक्ट को पृष्ठ संख्या 254 से 295 देखें।

(घ)- क्या भारत में "ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट" के द्वारा ब्रिटिश मुद्रा पौण्ड, सोवरेन्ज, इस्टर्लिंग आदि को "द इण्डियन क्वायनेज एक्ट नं. XXIII ऑफ 1870" के नाम से भारत के शोषण हेतु मनमाना मानक मूल्य पर थोपा गया, उस ब्रिटिश मुद्रा के एक्ट को "द इण्डियन क्वायनेज एक्ट 1870" के नाम से जाना जाता है।

क्या भारतीय रुपया का वैध निविदा (लीगल टेण्डर) है या नहीं?

इस एक्ट को पृष्ठ संख्या 254 से 295 देखें।

(ड़)- क्या भारत में ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेण्ट द्वारा भारत की संसद में सन् 1906 में एक्ट नं0 XVII ऑफ 1835, एक्ट नं. XIII ऑफ 1862, एक्ट नं. XXIII ऑफ 1870 आदि पूर्व के एक्ट की भार मानक एवं मूल्य मानक का अनुमोदन करते हुए ज्यों का त्यों अपनाकर संसद में पास कर दिया गया, जिसे "द इण्डियन क्वायनेज एक्ट नं0 III ऑफ 1906 के नाम से जाना जाता है, क्या भारतीय रुपया का वैध निविदा (लीगल टेण्डर) है या नहीं?

इस एक्ट को पृष्ठ संख्या 254 से 295 देखें।

(च)- अंग्रेजों के भारत में आने से पहले सैकड़ों वर्षों पूर्व से भारत में चलन में रहे सैद्धांतिक भारतीय रुपए को अंग्रेजों द्वारा कूटकरण कर भारत के शोषण के लिए कूटकृत रुपया चलन में लाया गया। जिसका मुँहतोड़ जवाब देते हुए शहीदों के प्रणेता- "नेताजी सुभाष चन्द्र बोस" ने- "आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द" (अस्थायी भारत सरकार) की स्थापना कर नेता जी द्वारा 5 अप्रैल 1944 को "आजाद हिन्द बैंक" की स्थापना कर अंग्रेजों द्वारा लुप्त (गुप्त) किए गये सैद्धांतिक भारतीय रुपए के – मानक मूल्य का अनुमोदन कर पुनः भारतीय रुपए को भारत सहित दुनिया के लिए "आजाद हिन्द बैंक" द्वारा जारी किया, जिस रुपए को 12 स्वतंत्र राष्ट्रों द्वारा मान्यता प्राप्त है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर आधारित है, जो वर्मा विधि द्वारा रजिस्टर्ड है, जिसका भारतीय रुपया के विधिक, सैद्धांतिक स्थायी मानक मूल्य इस प्रकार है-

भारी मानक	शुद्ध सोना या चाँदी	भार मानक ग्राम में	मूल्य मानक
1 तोला	शुद्ध चाँदी	11.664 ग्राम	1 रूपया
1 तोला	शुद्ध सोना	11.664 ग्राम	10 रूपया 1 मोहर

जिसका मानक मूल्य स्थायी था। जिसमें प्रति रुपया सोना की मात्रा 11.664 ÷ 10 = 1.1664 ग्राम सोना है। यह रुपया कामर्शियल आर्गेनाइजेशन है, स्टेट रुपया नहीं है, जो विधि (कानून) द्वारा यह भारतीय रुपया आज भी चलन में है, और इस भारतीय रुपए को किसी सरकार ने बन्द नहीं किया है, जो आजाद भारत की सैद्धांतिक भारतीय रुपया है। जिसके मानक मूल्य के आधार पर विनिमय (लेन-देन) करना-कराना देश भक्ति, आर्थिक

आजादी, सम्प्रभुता की रक्षा-सुरक्षा, लोकतंत्र की रक्षा शहीदों की अंतिम इच्छा, स्वावलंबी होने का एक विकल्प, मौलिक कर्त्तव्य, अनुपालन, विधिक बाध्यता है या नहीं?

क्या, "आजाद हिन्द करैन्सी" भारतीय रुपया का वैध निविदा (लीगल टेण्डर) है या नहीं?

मुद्रा प्रणाली 'मानिटरी सिस्टम' असंवैधानिक

जिस तरह ब्रिटिश तथा कथित अर्थशास्त्री डा. कैन्ट ने बुद्धि के भवर जाल (भ्रम) डालकर, फंसाकर भारत को लूटने तथा शोषण करने के लिए काल्पनिक, असैद्धांतिक 'स्वर्ण विनिमय मान' रुपया को पैदा किया तथा भारत को आर्थिक रूप से पीढ़ी-दर-पीढ़ी आर्थिक गुलाम बनाकर रखने की व्यवस्था दी। जिस व्यवस्था का नाम 'मानीटरी सिस्टम' के नाम से जाना जाता है। जो असंवैधानिक है।

आज भी शासकों द्वारा सोना का रुपया, चाँदी का रुपया, स्टील का रुपया, कागज का रुपया, प्लास्टिक का रुपया तथा डिजिटल रुपया के भवर जाल में फंसाकर लूट-पाट शोषण कर रहे हैं तथा भविष्य में करते रहेंगे।

वैध रुपया मूल्य का मापक होता है।
अवैध रुपया शोषण का साधन होता है।

रुपया पर एक परिचर्चा

उदाहरण के लिए एक परिचर्चा का वर्णन कर रहा हूँ।

एक व्यक्ति से 'रुपया' पर हमारी चर्चा हो रही थी, बातचीत के दौरान हमने एक वैध चाँदी का 1 रुपया का सिक्का जो 1920 का था। दूसरा 1 रुपया का सिक्का कूटकृत जो सन् 1942 का (जिसमें लगभग 50 % शुद्ध चाँदी होता है) था। तीसरा 1 रुपया का सिक्का स्टील का और चौथा 1 रुपया कागज का (पेपर करेन्सी) उस व्यक्ति के सामने रख दिया और उससे कहा कि यह सन् 1920 के चाँदी का 1 रुपया लेकर बाजार में जाता हूँ तो लगभग 60 किलोग्राम गेहूँ मिल जाता है, सन् 1942 के चाँदी के 1 रुपया से लगभग 30 किलोग्राम गेहूँ मिल जाता है, स्टील एवं कागज के 1 रुपया से एक कप चाय भी नहीं मिलता है, ऐसा क्यों है? जबकि सभी रूपयों पर 1 रुपया ही अंकित (लिखा हुआ) है।

तो उस व्यक्ति ने हमें जवाब दिया कि- "वर्मा जी कहाँ चाँदी का रुपया और कहाँ कागज और लोहे (स्टील) का रुपया आप दोनों को एक समान क्यों समझ रहे है? सोना या चाँदी का रुपया कीमती रुपया है, इससे बाजार में प्रति 1 रुपया 60 किलोग्राम गेंहू मिल जाएगा, लेकिन कागज या स्टील का रुपया कीमती नहीं है, अतः उससे एक कप चाय भी नहीं मिलेगा।" यह जवाह सुनकर मै सन्न (अवाक) रह गया।

"मुझे बहुत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि शत्-प्रतिशत देशवासियों के दिमाग में यही उत्तर 'रुपया' के बारे में है।

हमने उस व्यक्ति से चर्चा बढ़ाते हुए बोला कि- 'आप के उत्तर से मेरे अन्दर कुछ प्रश्न खड़े हो रहे है, अगर आप कहे तो आप के समक्ष अपनी जिज्ञासा या प्रश्न रखू, तो उनका कहना था कि बिल्कुल अपनी प्रश्न रखिए। तब मैने कहा-

सोना का कि-ग्रा चांदी का कि-ग्रा लोहा का कि-ग्रा

"भार की मापक 'किलोग्राम' है, यदि एक किलोग्राम सोने का हो, दूसरा किलोग्राम, चाँदी का हो, तीसरा किलोग्राम, लोहे (स्टील) का हो, तो क्या किसी किसान का गेंहू सोने के किलोग्राम से तौला जाएगा। तो सोने का 1 किलोग्राम, गेंहू को क्या 10 किलोग्राम तौलेगा? और चाँदी का 1 किलोग्राम, क्या 5 किलोग्राम गेंहू तौलेगा? और लोहे का 1 किलोग्राम, 1 किलोग्राम, क्या गेंहू के तौल का मापन करेगा?

इसके बाद हमने उदाहरण मे दूसरा प्रश्न किया कि-



सोने का फीट

चाँदी का फीट

लोहे का फीट

"दूरी की मापक फीट (स्केल) है, जो एक फीट (स्केल) सोने का हो, दूसरा फीट (स्केल) चाँदी का हो, तीसरा फीट (स्केल) लकड़ी (काष्ठ) का हो, तो क्या सोने से बने फीट (स्केल) से दूरी का मापन करने पर क्या 1 फीट की दूरी के जगह 10 फीट की दूरी का मापन करेगा? चाँदी का 1 फीट, क्या 5 फीट के दूरी का मापन करेगा? और (काष्ठ) लकड़ी का 1 फीट, क्या 1 फीट की दूरी का मापन करेगा?"

इसके बाद उदाहरण में तीसरा प्रश्न किया कि-

लोहे की घड़ी चांदी की घड़ी सोने की घड़ी

"समय की मापक घड़ी है, यदि 1 घड़ी सोने की हो, दूसरा घड़ी चाँदी की हो, तीसरा घड़ी लोहे का हो, तो क्या सोने की घड़ी 120 सेकेण्ड = 1 मिनट के समय का मापन करेगी? चाँदी की घड़ी, 100 सेकेण्ड = 1 मिनट के समय का मापन करेगी? और लोहे की घड़ी 60 सेकेण्ड = 1 मिनट के समय का मापन करेगी?"

यह प्रश्न सुनकर उस व्यक्ति की बोलती बन्द हो गयी।

कुछ देर बाद मुझे पुनः कहना पड़ा कि- क्या सोना जो कीमती धातु है, सोने के 1 किलोग्राम से क्या 10 किलोग्राम तौल का मापन करेगा या तौल देगा?

क्या कीमती सोने की 1 फीट (स्केल) से मापन करने पर एक फीट की जगह 10 फीट मापन कर देगी?

क्या कीमती धातु सोने की घड़ी 60 सेकेण्ड = 1 मिनट की जगह, 120 सेकेण्ड = 1 मिनट के समय की मापन करेगी?

तब उस व्यक्ति ने कहा कि नहीं, ऐसा नहीं हो सकता है। अगर वैध (लीगल) किलोग्राम है, तो वह सोने का हो या, चाँदी का हो, या लोहे का हो अगर उसका मानक (स्टैन्डर्ड) 1000 ग्राम है, तो प्रत्येक किलोग्राम से 1 किलोग्राम ही गेंहू का तौल (मापन) होगा।

अगर दूरी की मापक फीट (स्केल) भी अपनी (लीगल) वैध मानक के अनुसार 12 इंच = 1 फीट की स्केल या इंच पटरी (फीट) है, तो वह फीट (स्केल) सोने की हो, या चाँदी की हो, या लकड़ी (काष्ठ) की हो, इन सभी 1 फीट (स्केल) से मापन एक बराबर ही होगा।

अगर समय की मापक घड़ी के मिनट का वैध (लीगल) मानक 60 सेकेण्ड = 1 मिनट है, तो वह सोने की घड़ी हो, या चाँदी की घड़ी हो या लोहे की घड़ी हो, सभी से समय का मापन एक ही होगा।

तब हमने कहा- ठीक उसी प्रकार, मूल्य की मापक 'रुपया' का मानक (स्टैन्डर्ड) वैध (लीगल) है तो- बाजार में वस्तु खरीदने पर, सोने का रुपया हो, या चाँदी का रुपया हो या

लोहा का रुपया हो, या कागज का रुपया हो, इन सभी रूपयों से एक बराबर वस्तुएं मिलनी चाहिए, किसी भी रुपए से कम या अधिक नहीं मिलनी चाहिए, तभी वह वैध (लीगल) रुपया है, अथवा कम या अधिक वस्तुएं मिले, तो वह कूटकृत या अवैध 'रुपया' होगा।

इस तरह, इस तथ्यात्मक उदाहरण से वह व्यक्ति संतुष्ट हुआ। मैने इस घटना की चर्चा सिर्फ इसलिए कर दी कि अंग्रेजों ने भारत को आर्थिक रूप से तबाह और बर्बाद करने के लिए और पीढ़ी-दर-पीढ़ी गुलाम बनाकर रखने के लिए उनके द्वारा बनाए गये समस्त अधिनियम, नियम, आदेश में ब्रिटेन का हित तथा भारत की तबाही एवं बरबादी है। जिसे अंग्रेज भारत पर थोपने में सफल रहें, और भारतीय अंग्रेज भारत को गुलाम बनाकर रखने वाले अधिनियम, नियम, आदेश को हू-ब-हू अपना कर भारत को लूट रहे है, तथा लुटवा रहे है।

आयात-निर्यात में शोषण का गणितीय आँकड़ा

उदाहरण- प्रति 10 ग्राम सोने का रेट (भाव) 65,000/- (पैंसठ हजार) रुपया है। अतः प्रति तोला या 11.664 ग्राम 15 रुपया मानक (स्टैण्डर्ड) मूल्य से रुपया का बढ़ता मूल्य-

11.664 × **65,000** ÷ **10** = **75816** रुपया प्रति तोला हो गया।

↓ 11.664 (तोला या ग्राम) ↓ 65,000 (वर्तमान भाव) ↓ 10 (ग्राम)

जिसमें घटती रुपया में सोने की मात्रा-

11.664 (तोला या ग्राम) ÷ 75816 (प्रति तोला रुपया में) = 0.0001538 ग्राम सोना प्रति रुपया घटकर सोना की मात्रा हो गयी।

अतः रुपया में सोना या क्रय शक्ति की मात्रा-

0.7776 ÷ 0.0001538 = 5055.9167 गुना घट गयी।

↓ ↓

(प्रति रुपया वैध मानक मात्रा) (कूटकृत अवैध वर्तमान मात्रक मात्रा)

और आंकिक मूल्य-

75816 ÷ 15 = 5054.4 गुना बढ़ गया।

अतः बढ़ती गुणात्मक महँगाई-

5054.4 × 5054.4 =25546959.36 के बराबर महँगाई हो गई।

इतना ही नहीं जनता के खून-पसीने की कमाई और उनका उत्पादन-

25546959.36 के बराबर सस्ता हो गया।

अर्थात्

25546959.36 के बराबर आयात महँगा हो गया। और, 25546959.36 के बराबर निर्यात सस्ता हो गया।

अतः संवैधानिक मौलिक अधिकारों का हनन करती तथा-कथित अवैध रुपया से लेन-देन



विनिमय नहीं शून्य है। जिसमें आज भी जनता अपने मौलिक अधिकारों से वंचित, शोषित, दोहित गुलामी की आहें भरती कहती है कि-

'कोई नृप होय हमें का हानी, चेरी छोड़ी हम हीब न रानी' की कहावत को चरितार्थ करती जनता जब-तक स्वंय को शासक नहीं समझेगी, तब-तक व्यक्तिवाद 'डालर' की दासता की दोहाई देती, आहें भरती रहेगी। यह संविधान के नक्शे कदम पर सेटलमेंट स्थापित की गयी विधि (Process of Law) क्वानेज एक्ट 1906 और आई. पी. सी. 1860 सेक्शन 230 (वर्तमान में संसोधित-न्याय संहिता 2023, अध्याय-10, धारा-178-188) के अनुसार

स्टाम्पित भारतीय सिक्का के नक्शे कदम पर विनिमय विधि का शासन (Rule of Law) के क्रियान्वयन किये बिना सम्भव नहीं है।

जो नैषर्गिक न्याय के सापेक्ष नेचुरल यूनिट या मानक (स्टैण्डर्ड) या विधि नहीं है। व्यक्ति के सापेक्ष व्यक्ति की यूनिट, व्यक्ति की विधि या मानक (स्टैण्डर्ड) है। जिसका संचालक नियंत्रक 'डालर' है। जो प्रापर्टी का निगेटिव स्वरूप अधोगामी गति, अंको का शब्द जाल-

0.7776 ग्राम ÷ 0.0001538 = 5055.9167 गुना लूटपाट

5055.9167 × 5055.9167 =25562293.6773 के बराबर चिटिंग

अतः 25562293.6773 के बराबर धोखाधड़ी, चिटिंग, लूटपाट है। जिसको तथा-कथित महंगाई कहना विधि के शासन का अन्त, संविधान का अन्त आर्थिक गुलामी है : और 'डालर' राज का डंका है।

भारतीय संविधान की अवधारणा विधि का शासन (Rule of law) और विधि द्वारा स्थापित की गयी विधि (Process of law) नैषर्गिक न्याय (Natural justice) के सापेक्ष, प्रापर्टी का पाजिटीव स्वरूप (Positive aspect of property) शासन, न्याय, विधि निर्माण करती कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका व्यक्ति नहीं विधि की सर्वोच्चता (Supermacy of law) है। जो संचालक, नियंत्रक, नियामक, नियंता है।

भारतीय रुपया 1 तोला या 11.664 ग्राम सोना का सिक्का (Gold Coin) मोहर का, 1 तोला या 11.664 ग्राम के चाँदी का सिक्का (Silver Coin) 1 रुपया से 10 रुपया (दस) के बराबर है। कीमत मापने का भारतीय सिक्का (Indian Coin) भारतीय प्रमाणिक मानक (स्टैण्डर्ड) है, धन (Money) है। जो प्राचीन काल से लेकर राजा-महाराजाओं, मुगल शासकों तक चलन में रहा है। जिसके मानक (स्टैण्डर्ड) में छेड़छाड़ (रद्दो-बदल) अपराध रहा है। किसी ने मानक (स्टैण्डर्ड) के साथ छेड़खानी नहीं किया।

भारत में व्यक्ति या विधि का शासन

सन् 1788-1818 के दौरान अंग्रेजों ने भारतीय मानक (स्टैण्डर्ड) में रद्दो-बदल कर (कूटकृत गुलामों की 'उपनिवेशिक मुद्रा') रुपया बनाया और उस तथा-कथित कूटकृत मानक (स्टैण्डर्ड) को विधि का रूप दे दिया। जिसके अनुसार 1 तोला या 11.664 ग्राम शुद्ध सोना एवं 1 तोला या 11.664 ग्राम शुद्ध चाँदी के सिक्कों में क्रमशः 0.908 ग्राम एवं 0.908 ग्राम चाँदी एवं सोना के सिक्कों में मिलावट कर उसका मानक मूल्य चाँदी के सिक्के का 1 रुपया और सोना के सिक्का मोहर का मानक मूल्य 10 रुपया से बढ़ाकर 15 रुपया कर दिया, और इसी कूटकृत भार एवं मूल्य मानक (स्टैण्डर्ड) को जबरन सन् 1835 में विधि का रूप अंग्रेजों द्वारा दे दिया गया। जो आज भी विधि मान्य मानक (स्टैण्डर्ड) है। जिसमें रद्दो-बदल (कूटकरण, अपराध) है।

सैकड़ों वर्षों से चली आ रही नैपर्गिक न्याय (Natural Justice) के सैद्धान्तिक रुपए के मानक (स्टैण्डर्ड) में अंग्रेजों द्वारा शुरू की गयी अवैध रूप से मानक (स्टैण्डर्ड) में रद्दो-बदल (कूटकरण) आज भी जारी है। जिससे वर्तमान में रुपए का मानक (स्टैण्डर्ड) प्रति रुपया में सोना की मात्रा, 65,000/- (पैसठ हजार) रुपए 10 ग्राम के मूल्य के अनुसार-

11.664 × **65,000** ÷ **10** = **75816/–** रुपया प्रति तोला हो गया।

↓ (तोला या ग्राम) ↓ (वर्तमान भाव) ↓ (ग्राम)

और प्रति रुपए में सोना की मात्रा रद्दो- बदल (कूटकरण) द्वारा घटकर

11.664 ÷ 75816 = **0.00015** ग्राम प्रति रुपया हो गयी है।

↓ (1 तोला ग्राम में) ↓ (रुपया/ तोला)

अर्थात् प्रति रुपया में सोना की मात्रा लगभग समाप्त हो गयी है।

यह उपरोक्त मानक, व्यक्ति के सापेक्ष, व्यक्ति की यूनिट, व्यक्ति की विधि या मानक (स्टैण्डर्ड) है। जो असैद्धान्तिक, विधि शून्य, अवैध है।

जिस अवैध मानक (स्टैण्डर्ड) को वैध बताकर किसान, मजदूर, कर्मचारी, अधिकारी सहित भारत के समस्त प्राकृतिक सम्पदा की बिना रोक-टोक अवाध गति से लूपपाट, शोषण जारी है।

अतः न्यायपालिका अपने संवैधानिक कर्त्तव्यों का पालन करते हुए भारत के किसानों एवं अन्य कर्जदारों से की जा रही ऋण की अवैध रूपयों की वसूली में किसानों एवं अन्य कर्जदारों की वैध जमीन-जायदात की कुर्की एवं निलामी पर तत्काल प्रतिबन्ध लगावें, जिससे किसानों एवं अन्य कर्जदारों की आत्महत्या रूक सके। तथा अवैध रुपए का संचालन एवं नियंत्रित करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए, वैध रुपए की बहाली अति आवश्यक है। जिससे किसानों के लेन-देन में विधि का उल्लंघन या संविधान की अवमानना न हो सके।

वैध रुपया धन को स्थिर रखती है।
अवैध रुपया धन को धीरे धीरे खत्म कर देती है।

वैध रुपया स्थिरता और विकास की गारंटी है।
अवैध रुपया अस्थिरता और विनाश की गारंटी है।

लूटपाट, शोषण की कहानी
'रुपया' सिक्कों और आँकड़ों की जुबानी

1. मुगलकाल ⇨ मुगल 'भारतीय रुपया'
2. ईस्ट इण्डिया कम्पनी, काल ⇨ 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया'
3. ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट, काल ⇨ 'गवर्नमेंट रुपया'
4. आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द, काल ⇨ 'आजाद हिन्द रुपया'
5. ~~ब्रिटिश~~ इण्डिया गवर्नमेंट, काल ⇨ 'गवर्नमेंट रुपया'

सैद्धान्तिक 'भारतीय रुपया' मुगलकाल

जन्म के समय का प्रथम रुपया

सन् 1540-45 में शेरशाह सूरी द्वार चलन में लाया गया।

मानक भार =1 तोला शुद्ध चाँदी या 11.664 ग्राम या 180 ग्रेन्स

मानक मूल्य = 1 रुपया

प्रति 'भारतीय रुपया' की तुलना में शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय शक्ति) = 1.1664 ग्राम था।

मोहर हुमायू

मानक भार = 1 तोला शुद्ध सोना या 11.664 ग्राम या 180 ग्रेन्स

मानक मूल्य = 10 रुपया या मोहर

मोहर अकबर

मानक भार = 1 तोला शुद्ध सोना या 11.664 ग्राम या 180 ग्रेन्स

मानक मूल्य = 10 रुपया या मोहर

कूटकृत 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया' ईस्ट इण्डिया कम्पनी काल

सन् 1818-1862

रेगुलेशन, XIV ऑफ 1818-1835
एक्ट, XVII ऑफ 1835-1862 } के अनुसार

मानक भार = 165 ग्रेन्स शुद्ध चाँदी

15 ग्रेन्स अन्य (मिलावट)

कुल भार = 180 ग्रेन्स या 1 तोला या 11.66 ग्राम

मानक मूल्य = 1 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया'

प्रति 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया' की तुलना में शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय शक्ति) = 0.712733 ग्राम या 712 मिलीग्राम था।

रेगुलेशन, XIV ऑफ 1818-1835
एक्ट, XVII ऑफ 1835-1862 } के अनुसार

मानक (स्टैण्डर्ड) भार = 165 ग्रेन्स शुद्ध सोना

15 ग्रेन्स अन्य (मिलावट)

कुल भार (वजन) = 180 ग्रेन्स या 1 तोला या 11.664 ग्राम

मानक मूल्य = 15 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया' या 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी मोहर'

कूटकृत 'गवर्नमेंट रुपया' ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट काल

सन् 1862-1870 एक्ट VIII ऑफ 1862

एक्ट, VIII ऑफ 1862 में पूर्व के एक्ट, XVII ऑफ 1835 के मानक भार एवं मानक मूल्य को हू-ब-हू अपनाते हुए, सिर्फ नाम का परिवर्तन 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया' का नाम बदलकर 'गवर्नमेंट रुपया' तथा 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी मोहर' का 'गवर्नमेंट मोहर' नाम रखा गया।

प्रति 'गवर्नमेंट रुपया' की तुलना में

शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय शक्ति) = 0.712733 ग्राम या 712 मिलीग्राम था।

ब्रिटेन द्वारा ब्रिटिश मुद्रा 'सोवरेंज (Sovereign) के द्वारा लूटपाट शोषण

सन् 1870-1906 एक्ट,XXIII ऑफ 1870

एक्ट, XXIII ऑफ 1870 में एक्ट, VIII ऑफ 1862 के 'गवर्नमेंट रुपया' एवं 'गवर्नमेंट मोहर' के मानक भार एवं मानक मूल्य को हू-ब-हू अपनाते हुए। ब्रिटेन की मुद्राओं को भारत पर थोपा गया। ब्रिटेन द्वारा ब्रिटिश मुद्रा सोने के पौण्ड, सोवरेंज एवं चाँदी की मुद्रा सिलिंग से लेन-देन शुरू। जिसमें सोना की मुद्रा 'सोवरेंज' के भार मानक का मनमाना मूल्य भारत में लागू। ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट

द्वारा चाँदी के मानक मूल्य को छोड़ सोना के ब्रिटिश मुद्रा सोवरेंज से लेन-देन शुरू, जिसके परिणाम स्वरूप मनमाना मूल्य मानक से भारत का भयंकर शोषण शुरू हुआ।

ब्रिटिश मुद्रा 'सोवरेंज' (Sovereign)

मानक भार = 122.50000 ग्रेन्स शुद्ध सोना

0.77447 ग्रेन्स अन्य (मिलावट)

कुल भार = 123.27447 ग्रेन्स या 7.98805 ग्राम

मानक मूल्य = 15 'गवर्नमेंट रुपया' = 1 'सोवरेंज'

प्रति 'गवर्नमेंट रुपया' की तुलना में शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय शक्ति) = 0.529191 ग्राम था।

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा पेपर करेंसी एक्ट, 1882 लागू

एक्ट, XX ऑफ 1882

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा एक्ट, XX ऑफ 1882 'द इण्डियन पेपर करेंसी एक्ट' भारत में लागू किया गया। जिसमें पेपर करेंसी को वैध निविदा या वैध दस्तावेज घोषित करते हुए। पेपर करेंसी को सोने के सिक्के की वैध निविदा या वैध दस्तावेज या सर्टिफिकेट (प्रमाण-पत्र) कहा गया है। जिसे धारक द्वारा मागे जाने पर पेपर करेंसी के बदले सोने का सिक्का या बुलियन देना है।

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा 'भारतीय सिक्का अधिनियम' एक्ट, III ऑफ 1906 भारत के संसद में पारित

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा भारत की संसद में 'भारतीय सिक्का अधिनियम 1906 पारित हुआ। जिसमें एक्ट नं. XVII ऑफ 1835, नं. XXI ऑफ 1838, नं. XIII ऑफ 1862, नं. XXIII ऑफ 1870 के 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी रुपया', 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी मोहर' एवं 'गवर्नमेंट रुपया' 'गवर्नमेंट मोहर' तथा ब्रिटिश मुद्रा 'सोवरेंज'(Sovereign) के भार मानक मूल्य मानक (स्टैण्डर्ड) को हू-ब-हू अपनाते हुए, ब्रिटिश मुद्रा 'सोवरेंज' के मानक (स्टैण्डर्ड) मोहर मानक को छोड़कर अपनाया। यही भारतीय सिक्का अधिनियम 1906 आज भी विधि द्वारा मान्य रुपए का वैध निविदा या वैध दस्तावेज या लीगल टेण्डर है।

'गवर्नमेंट मोहर' के अनुसार प्रति रुपया शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय शक्ति) = 0.712733 ग्राम या 712 मिलीग्राम था।

712 मिलीग्राम से ब्रिटिश मुद्रा 'सोवरेंज' में परिवर्तित होकर प्रति रुपया शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय शक्ति) = 0.529191 ग्राम या 529 मिलीग्राम हो गयी।

ब्रिटिश 'रॉयल कमीशन' या 'हिल्टन यंग आयोग' के सुझाव पर भारत में रिजर्व बैंक की स्थापना

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वार 'हिल्टन यंग कमीशन' के सिफारिश पर भारत में केन्द्रीय बैंक के रूप में रिजर्व बैंक का 'भारतीय रिजर्व बैंक' के नाम से स्थापना करते हुए। 6 मार्च 1934 को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम-1934 भारत में लागू किया। जिसके अन्तर्गत 'मानिटरी सिस्टम' (गुलाम बनाने की प्रणाली) लागू किया।

इस अधिनियम में कठिन शब्दावली एवं बहुअर्थी भाषा का प्रयोग करते हुए शब्दों के मकड़जाल में उलझाया गया है।

1 अप्रैल 1935 से भारतीय रिजर्व बैंक का कार्य प्रारम्भ भारत में लागू भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रस्तावना के कुछ पंक्तियों की सरल व्याख्या एवं कुछ प्रमुख धाराओं का उल्लेख-

प्रस्तावना के अनुसार-

बैंक नोटों का निर्गमन (निकासी) करने और ब्रिटेन में मुद्रा स्थित की सुदृढ़ता (मजबूती) बनाए रखने की दृष्टि से आरक्षित राशियों (सोना, चाँदी, हक दस्तावेज आदि) का रखा जाना नियंत्रित (आर्थिक गुलामी) करने के लिए तथा समष्टिगत (सामूहिक) रूप से देश (ब्रिटेन) की करेंसी (गवर्नमेंट रुपया) और प्रत्यय (प्रामाण, विश्वास, वचन-पत्र) व्यवस्था को देश (ब्रिटेन) के लाभार्थ (खजाना भरने) चलाने के लिए भारत के लिए एक रिजर्व बैंक, का गठित करना समीचीन (आवश्यक) है।

धारा-29 के अनुसार- रिजर्व बैंक का भारत में सरकारी कारोबार का संव्यवहार करने का अधिकार होगा।

"केन्द्रीय सरकार ऐसी शर्तों पर, जैसी करार पाई जाए अपने सब धन-संबंधी, विप्रेषणादेश संबंधी, विनिमय संबंधी और भारत में बैंककारी संबंधी संव्यवहार रिजर्व बैंक को सुपुर्द कर देगी और विशेषतया, बिना ब्याज लिए अपने नगद अतिशेष रिजर्व बैंक में निक्षिप्त करेगी।"

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934

1934 का अधिनियम संख्यांक 2[1]

[6 मार्च, 1934]

भारतीय रिज़र्व बैंक गठित करने के लिए अधिनियम

बैंक-नोटों का निर्गमन करने और [2][भारत] में मुद्रा-स्थिति की सुदृढ़ता बनाए रखने की दृष्टि से आरक्षित राशियों का रखा जाना नियंत्रित करने के लिए तथा समष्टिगत रूप से देश की करेंसी और प्रत्यय व्यवस्था को देश के लाभार्थ चलाने के लिए भारत के लिए एक रिजर्व बैंक का गठित करना समीचीन है;

और संसार की मुद्रा पद्धतियों की वर्तमान अव्यवस्था में यह अवधारित करना कि भारतीय मुद्रा पद्धति के लिए स्थायी आधार के रूप में क्या यथोचित होगा, संभव नहीं है;

किंतु विद्यमान मुद्रा पद्धति के आधार पर अस्थायी उपबंध करना और भारत के लिए सबसे उपयुक्त मुद्रा मान के प्रश्न को उस ससमय सोचे जाने के लिए छोड़ देना समीचीन है जबकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रास्थिति इतनी स्पष्ट और स्थायी हो जाए कि स्थायी उपाय करना संभव हो;

अतः एतद्द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित किया जाता है :-

अध्याय 1

प्रारंभिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 है।

[3][(2) इसका विस्तार [4]**** संपूर्ण भारत पर है।]

---

[1] उद्देश्यों और कारणों के कथन के लिए देखिए भारत का राजपत्र, 1933, भाग 5, पृ 160 और प्रवर समिति की रिपोर्ट के लिए देखिए भारत का राजपत्र, 1933, भाग 5, पृ 197-207 ।

बर्मा के भारत से पृथक् होने पर रिज़र्व बैंक के बर्मा में या बर्मा के संबंध में कृत्यों के लिए इंडिया एंड बर्मा (बर्मा मानेटरी अरेंजमेंट्स) आर्डर, 1937 देखिए।

यह अधिनियम 1941 के अधिनियम सं.4 द्वारा बरार को; 1962 के विनियम सं.6 द्वारा गोवा, दमण और दीव को, 1963 के विनियम सं.6 की धारा 2 और अनुसूची 1 द्वारा (1-7-1965 से) दादरा और नागर हवेली को; 1965 के विनियम सं.8 की धारा 3 और अनुसूची द्वारा संपूर्ण लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र पर अधिसूचना सं. का.आ.208 (अ), तारीख 16-5-1975, असाधारण, भाग 2, अनुभाग 3(ii), पृ.1213 द्वारा सिक्किम राज्य को विस्तारित किया गया और (14-8-1976) से सिक्किम में प्रवृत्त हुआ देखिए अधिसूचना सं.का.आ.547 (अ), तारीख 13-8-1976 ।

यह अधिनियम 1964 के अधिनियम सं.28 द्वारा अनुपूरित किया गया है।

[2] भारतीय स्वतंत्रता (केंद्रीय अधिनियम तथा अध्यादेश) आदेश, 1948 द्वारा "ब्रिटिश भारत" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

[3] विधि अनुकूलन आदेश, 1950 द्वारा उपधारा (2) के स्थान पर प्रतिस्थापित

[4] 1956 के अधिनियम सं.62 की धारा 2 और अनुसूची द्वारा (1-11-1956 से) "जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय" शब्दों का लोप किया गया।

विभिन्न प्रकार की करेंसी देने की बाध्यता
धारा-39 के शब्दों में

1906 का 3 (1) रिजर्व बैंक मांग किए जाने पर बैंक- नोटों और भारत सरकार के करेंसी नोटों के विनिमय में रुपए के सिक्के देगा और जो सिक्का भारतीय सिक्का निर्माण अधिनियम, 1906 के अधीन वैध निविदा है उसके विनिमय में मांग किए जाने पर करेंसी नोट या बैंक-नोट देगा।

1906 का 3 (2) रिजर्व बैंक दो रुपए या उससे ऊपर के करेंसी नोटों या बैंक-नोटों के विनिमय में कम मूल्य के बैंक-नोट या करेंसी नोट या ऐसे अन्य सिक्के, जो भारतीय सिक्का अधिनियम, 1906 के अधीन वैध निविदा है, इतनी मात्रा में देगा, जितनी रिजर्व बैंक की राय में परिचानल के लिए आवश्यक है, और केन्द्रीय सरकार रिजर्व बैंक को ऐसे सिक्के उसके लिए मांग होने पर देगी। यदि केन्द्रीय सरकार किसी समय ऐसे सिक्के देने में असफल रहती है तो रिजर्व बैंक जनता को उन्हें देने की अपनी बाध्यता से मुक्त हो जाएगा। मूल रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा, 59 के अनुसार- 8.47512 ग्रेन्स शुद्ध सोना प्रति रुपया निर्धारित या प्रति रुपया 0.549103 ग्राम या 549 मिलीग्राम शुद्ध सोना निर्धारित था।

ब्रिटिश गवर्नमेंट द्वारा 'गवर्नमेंट रुपया' का प्रथम कूटकरण

एक्ट नं. VI ऑफ 1940 दिनाँक 11.03.1940

ब्रिटिश गवर्नमेंट ने अपने 'गवर्नमेंट रुपया' का एक्ट नं. VI ऑफ 1940 के द्वार अपने ही बनाये नियम एवं कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए, चाँदी के 'गवर्नमेंट रुपया' का प्रथम कूटकरण (अवमूल्यन) किया। जिसके बाद चाँदी के सिक्का (रुपया) में लगभग 50% (प्रतिशत) मिलावट अन्य धातु कि की गयी।

जिससे-

प्रति रुपया शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय-शक्ति) = 8.47512 ग्रेन्स या, 0.549103 ग्राम या, 549 मिलीग्राम से परिवर्तित होकर प्रति रुपया शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय-शक्ति) = 0.268601 ग्राम या, 268 मिलीग्राम हो गयी।

आजाद हिन्द सरकार का सैद्धान्तिक वैध रुपया जारी, सन् 1944

'आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द' आजाद हिन्द सरकार द्वारा आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेता जी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा 05 अप्रैल 1944 को 'नेशनल बैंक ऑफ आजाद हिन्द' की स्थापना।

सैद्धान्तिक वैध भारतीय रुपया की पुनः वापसी।

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वार अवैध रुपया के माध्यम से की जा रही भारत का शोषण, लूटपाट का वैध रुपया से करारा जवाब था।

मानक भार =1 तोला या, 11.664 ग्राम शुद्ध चाँदी सिक्का

मानक भार =1 रुपया (आर्जी हुकूमत-ए-आजाद हिन्द)

प्रति रुपए की तुलना में शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय-शक्ति) = **1.1664** ग्राम है।

इस 'आजाद हिन्द रुपए' को 12 स्वतंत्र राष्ट्रों ने मान्यता दिया। इस रुपए को आजतक किसी सरकार ने बन्द नहीं किया। नियमतः यह 'आजाद हिन्द रुपया' आज भी चनल में हैं।

चाँदी का 'गवर्नमेंट रुपया' बन्द, सन् 1947

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट ने सन् 1947 में कूटकृत चाँदी के रुपए को बनाना बन्द कर, 11 मार्च 1947 को शुद्ध निकेल धातु का 'गवर्नमेंट रुपया' जारी किया।

15 अगस्त 1947 'ट्रान्सफर ऑफ पावर' (कुर्सी का आदान-प्रदान)

ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट ने 'ट्रान्सफर ऑफ पावर' (कुर्सी का आदान-प्रदान) के द्वारा भारत को ब्रिटिश उपनिवेश घोषित करते हुए उपनिवेश भारत (गुलाम भारत) के प्रथम प्रधानमंत्री पं. ज्वाहर लाल नेहरू को बनाया।

प्रधानमंत्री पं. ज्वाहर लाल नेहरू ने उपनिवेश (गुलाम) धर्म का पालन करते हुए, वैध भारतीय 'आजाद हिन्द रुपया' को छोड़कर, अवैध एवं कूटकृत ब्रिटिश 'गवर्नमेंट रुपया' सहित भारत को गुलामी में रखने वाले सभी नियम एवं कानूनों को अपनाया तथा ब्रिटेन की उपनिवेश का परिचय देते हुए-

20 सितम्बर 1949 को ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा 'गवर्नमेंट रुपए' का कूटकरण या अवमूल्यन किया गया।

जिसके परिणाम स्वरूप सोने के संदर्भ में-

प्रति रुपए की तुलना में शुद्ध स्वर्ण का मूल्य (क्रय-शक्ति) = 0.268601 ग्राम या, 268 मिलीग्राम से परिवर्तित होकर प्रति रुपया शुद्ध स्वर्ण का मूल्य (क्रय-शक्ति) = 0.186621 ग्राम या, 186 मिलीग्राम हो गयी।

ब्रिटिश इण्डिया 'गवर्नमेंट रुपए' का पुनः कूटकरण- 1966

06 जून सन् 1966 को ब्रिटिश इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा 'गवर्नमेंट रुपए' का पुनः कूटकरण या अवमूल्यन किया गया।

जिसके परिणाम स्वरूप प्रति रुपए की तुलना में शुद्ध स्वर्ण का मूल्य (क्रय-शक्ति) = 0.186621 ग्राम या,186 मिलीग्रा. से परिवर्तित होकर- प्रति रुपया शुद्ध स्वर्ण का मूल्य (क्रय-शक्ति) = 0.118489 ग्राम या, 118 मिलीग्राम हो गयी।

रिजर्व बैंक द्वारा जनता के साथ छल, कपट, धोखाधड़ी- सन् 1968

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंक नोट, पेपर करेंसी जो सेना का दस्तावेज या सोना का प्रमाण-पत्र है। जिससे रिजर्व बैंक के 'गवर्नर का वचन' खण्ड होता है। उस गवर्नमेंट के वचन खण्ड जो सिर्फ अंग्रेजी में लिखे जाते थे, जो इस प्रकार होते थे-

"I PROMISE TO PAY THE BEARER ON DEMAND THE SUM OF .... RUPEES AT ANY OFFICE OF ISSUE"

सन् 1968 में रिजर्व बैंक द्वारा गवर्नर के वचन खण्ड का रद्दो-बदल, कूट-रचना करते हुए, अंग्रेजी एवं हिन्दी में छापा जाने लगा। जो इस प्रकार है-

अंग्रेजी- “I PROMISE TO PAY THE BEARER THE SUM OF..............................RUPEES”

हिन्दी- “मैं धारक को .... रुपए अदा करने का वचन देता हूँ।”

1. इस प्रकार गवर्नर के वचन खण्ड का रद्दो-बदल या, कूटरचना कर के रिजर्व बैंक ने महा अपराध किया है। भारतीय दण्ड संहिता अध्याय-18 धारा, 489 क ख ग घ ड़ तक करेंसी नोटों या, बैंक-नोटों के कूटकरण से सम्बन्धित अपराधिक धाराएं है। जिसमें आजीवन कारावास का प्रावधान है। (संशोधित नियम – भारतीय न्याय संहिता 2023 अध्याय 10 धारा 178 से 188 तक सिक्को, करेंसी नोटों, बैंक नोटों ओर सरकारी स्टैम्प के कूटकरण से सम्बन्धित अपराधिक धारा है।)

2. बैंक-नोटों या करेंसी नोटों पर दूसरा छल, कपट, धोखाधड़ी यह है कि- प्रत्येक बैंक-नोटों पर लिखा गया है कि “केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत” जबकि रिजर्व बैंक से प्रतिभूति संबंधित सूचना मांगने पर यह सूचना दी गयी है कि जो सोना रखा गया है वह बैंक-नोटों के ‘समर्थन’ में रखा गया है।
क्या गवर्नर के बचन खण्ड एवं ‘प्रतिभूत’ को ‘समर्थन’ में बदलना भारत की जनता के साथ छल, कपट, धोखा, विश्वासघात है या नहीं?

~~ब्रिटिश~~ इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा 'गवर्नमेंट रुपया' का पुनः कुटकरण-1991

~~ब्रिटिश~~ इण्डिया गवर्नमेंट द्वारा पुनः 01 और 03 जुलाई सन् 1991 में 'गवर्नमेंट रुपया' का दो चरणों में अवमूल्यन या कूटकरण किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप-

प्रति रुपए की तुलना में शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय-शक्ति) = 0.118489 ग्राम या, 118 मिलीग्राम से परिवर्तित होकर प्रति रुपया शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय-शक्ति) = 0.000000 हो गयी।

और 'गवर्नमेंट रुपया' मुद्रा बाजार के हवाले कर दिया गया।

इस तरह 'गवर्नमेंट रुपए' से कूटकरण कर के मानक के रूप में चाँदी एवं सोना को खत्म करने पर भी आज भी 'गवर्नमेंट रुपया' ही कहकर लेन-देन किया जाता है, और करवाया जाता है। जो भारत की जनता का खुलेआम शोषण तथा लूटपाट है। यह रुपया नहीं कागज़ का टुकड़ा है, जिसकी कोई मूल्य (कीमत) नहीं है। अब प्रश्न उठता है कि-

(क) 'गवर्नमेंट रुपया' मूल्य की मापक है या लूटने शोषण करने का साधन?

(ख) रिजर्व बैंक और ~~ब्रिटिश~~ इण्डिया गवर्नमेंट ने बिना मानक का मापक मूल्य मापने का बाट 'गवर्नमेंट रुपया' कैसे बना दिया? बिना मानक का मापक कैसे?

(ग) 'गवर्नमेंट रुपए का अवमूल्यन' या कूटकरण करने का प्राविधान किस अधिनियम, नियम या संविधान में उल्लेखित है?

(घ) यह कूटकरण भारत तथा भारत की जनता के साथ छल, कपट, धोखाधड़ी, विश्वासघात एवं राष्ट्रद्रोह है या नहीं?

अमेरिका की मुद्रा 'डालर' वैध या अवैध?

अमेरिका की मुद्रा 'डालर' आज के वर्तमान समय में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा के रूप में जानी जाती है, तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सर्व मान्य मुद्रा है, जिससे अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन विनिमय होता है। जिससे दुनिया के लगभग हर देश अपने राष्ट्र के कोष में विदेशी मुद्रा भण्डार के रूप में अमेरिकन 'डालर' का कोष रखते है।

भारत भी इसी विदेशी मुद्रा भण्डार के रूप में, भारत के पास लगभग 500 अरब अमेरिकन डालर मौजूद है।

प्रश्न यह है कि अमेरिका की मुद्रा 'डालर' वैध है या अवैध?

मेरे द्वारा आर.टी.आई. दिनाँक 20.07.2015 को प्रश्न सं. 2 भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक को भेज कर सूचना के रूप में 'डालर' का एक्ट एवं मानक (स्टैण्डर्ड) की सूचना मांगी गयी।

जिसके उत्तर में भारत सरकार के पास एक्ट एवं मानक का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। एवं रिजर्व बैंक उत्तर देने से बचाव करते हुए जवाब दिया कि "प्रश्न स्पष्ट नहीं है" इन उत्तरों ने मुझे आश्चर्य चकित कर दिया।

अन्तः 'डालर' एक्ट की मैने खोज शुरू किया और वह सुखद समय आया जब मुझे उस 'डालर का वैध' एक्ट प्राप्त हुआ। उस वैध 'डालर' एक्ट का 12 फरवरी सन् 1873 को अमेरिकी संसद में पारित किया गया।

वैध डालर एक्ट के अनुसार-

'डालर' मानक

शुद्ध चाँदी = 24.1 ग्राम या, 371 ग्रेन्स

अन्य (मिलावट) = 2.9 ग्राम या, 45 ग्रेन्स

(Dollars) डालर का कुल भार = 27.0 ग्राम या, 416 ग्रेन्स

प्रति 'डालर' की तुलना में शुद्ध स्वर्ण मूल्य (क्रय-शक्ति) = 1.600 ग्राम था या है।

(Eagles) 'इग्लस' मानक

शुद्ध सोना = 16.0 ग्राम या 247 ग्रेन्स

अन्य (मिलावट) = 1.5 ग्राम या 23 ग्रेन्स

इग्लस का कुल भार (वजन) = 17.5 ग्राम या 270 ग्रेन्स

अब भारत सरकार और रिजर्व बैंक यह स्पष्ट करें कि-

1. भारत सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा भण्डार के रूप में रखा हुआ 'डालर' वैध है या अवैध?
2. यदि 'डालर' कूटकृत तथा अवैध है, तो इस अवैध 'डालर' का प्रति 'डालर' स्वर्ण मूल्य (क्रय-शक्ति) क्या है?
3. इस अमेरिकी अवैध एवं कूटकृत 'डालर' का जवाब देह और जिम्मेदार कौन ? उसका नाम, पद, पता क्या है?

रुपया के सिक्कों के मानक (स्टैन्डर्ड) एवं मानक मूल्य का दस्तावेज

British / INDIA 303

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
	1905B	(restrike)	—	—	Proof	25.00
34	1906C	104.797	4.50	7.50	11.50	20.00
	1906B	158.953	4.50	7.50	11.50	20.00
	1906B	—	—	—	Proof	150.00
	1906B	(restrike)	—	—	Proof	25.00
	1907C	81.338	4.50	7.50	11.50	20.00
	1907C	—	—	—	Proof	150.00
	1907B	170.912	4.50	7.50	150.00	90.00
	1907B	—	—	—	Proof	150.00
	1907B	(restrike)	—	—	Proof	25.00
	1908C	20.218	4.50	7.50	12.50	22.50
	1908C	—	—	—	Proof	150.00
	1908B	10.715	4.50	7.50	12.50	22.50
	1908B	—	—	—	Proof	150.00
	1908B	(restrike)	—	—	Proof	25.00
	1909C	12.759	4.50	7.50	12.50	22.50
	1909C	—	—	—	Proof	150.00
	1909B	9.539	4.50	7.50	12.50	22.50
	1909B	—	—	—	Proof	150.00
	1909B	(restrike)	—	—	Proof	25.00
	1910C	12.627	4.50	7.50	12.50	22.50
	1910C	—	—	—	Proof	150.00
	1910B	10.885	4.50	7.50	12.50	22.50
	1910B	—	—	—	Proof	150.00
	1910B	(restrike)	—	—	Proof	25.00

NOTE: Calcutta Mint issues have no mintmark. Bombay Mint issues have a small raised bead or dot in the space below the lotus flower at the bottom of the reverse.

Obverse Dies

Type I Type II

Type I - Obv. die w/elephant with piglike feet and short tail. Nicknamed "pig rupee".

Type II - Obv. die w/redesigned elephant with outlined ear, heavy feet and long tail.

The Rupees dated 1911 were rejected by the public as the elephant of the Order of the Indian Empire shown on the King's robe supposedly resembled a pig, an animal considered to be unclean by Indians. These coins were withdrawn from circulation. Out of a total of 9.4 million pieces struck at both mint, only 700,000 were issued. The remainder and the withdrawn pieces were melted down. The issues dated 1912 and later have a re-designed elephant.

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
45.1	1911C	4.300	6.50	11.50	17.50	35.00
	1911C	—	—	—	Proof	150.00
	1911B	5.143	6.50	11.50	17.50	35.00
	1911B	(restrike)	—	—	Proof	25.00
		Redesigned elephant.				
45.2	1912C	45.122	5.00	8.50	13.50	25.00
	1912C	—	—	—	Proof	125.00
	1912B	79.067	4.50	7.50	12.50	20.00
	1912B	—	—	—	Proof	125.00
	1913C	75.800	4.50	7.50	12.50	20.00
	1913C	—	—	—	Proof	125.00
	1913B	87.466	4.50	7.50	12.50	20.00
	1913B	—	—	—	Proof	125.00
	1913B	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1914C	33.100	4.50	7.50	12.50	20.00
	1914C	—	—	—	Proof	125.00
	1914B	15.270	4.50	7.50	12.50	20.00
	1914B	—	—	—	Proof	125.00
	1914B	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1915C	9.900	4.50	7.50	12.50	20.00
	1915C	—	—	—	Proof	125.00
	1915B	5.372	4.50	7.50	12.50	20.00
	1915B	—	—	—	Proof	125.00
	1915B	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1916C	115.000	4.50	7.50	12.50	20.00
	1916C	—	—	—	Proof	125.00
	1916B	97.900	4.50	7.50	12.50	20.00
	1916B	—	—	—	Proof	125.00
	1916B	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1917C	114.974	4.50	7.50	12.50	20.00
	1917C	—	—	—	Proof	125.00
	1917B	151.583	4.50	7.50	12.50	20.00
	1917B	—	—	—	Proof	125.00
	1917B	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1918C	205.420	4.50	7.50	12.50	20.00
	1918C	—	—	—	Proof	125.00
	1918B	210.550	4.50	7.50	12.50	20.00
	1918B	—	—	—	Proof	125.00
	1918B	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1919C	211.206	4.50	7.50	12.50	20.00

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
45.2	1919C	—	—	—	Proof	125.00
	1919B	226.706	4.50	7.50	12.50	20.00
	1919B	—	—	—	Proof	125.00
	1919B	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1920C	50.500	4.50	7.50	12.50	20.00
	1920C	—	—	—	Proof	125.00
	1920B	55.937	4.50	7.50	12.50	20.00
	1920	—	—	—	Proof	125.00
	1921B	5.115	4.50	7.50	12.50	20.00
	1921B	—	—	—	Proof	125.00
	1922B	2.051	4.50	7.50	13.50	22.50
	1922B	—	—	—	Proof	125.00
	1935C	—	—	—	Proof	125.00
	1935C	(restrike)	—	—	Proof	20.00
	1936C	—			Proof only	250.00

NOTE: No rupees with the "First Head" were struck for circulation. Those dated 1938-39 were struck in 1940 before the fineness of the silver coins was reduced to .500.

The pieces struck at Calcutta have no mintmark. Bombay issues dated 1938-41 and 1944-45 have a bead below the lotus flower at the bottom of the reverse while those dated 1942-44 have a small diamond mark in the same position. On the specimens dated 1944 with Reverse B the mintmark appears to be a "bead over a diamond". Lahore Mint issues have a small raised "L" in the same position as the Bombay coins. The last issue nickel rupees struck at Bombay have a small diamond below the date on the reverse. The rupees dated 1943 occur with large and small "Second Head" and with large and small date figure "3".

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
		Obv: Large "Second Head", reeded edge.				
57	1938C	—	8.50	11.50	16.50	27.50
	1938C	—	—	—	Proof	100.00
	1938B	9.807	7.50	11.50	16.50	27.50
	1939B	—	100.00	175.00	250.00	400.00
	1939C	—	—	—	Proof	100.00
	1939C	(restrike)	—	—	Proof	25.00
		11.6600 g, .500 SILVER, .1874 oz ASW				
		Security edge				
57a	1939B	—	200.00	350.00	700.00	1250.
	1940B	153.120	2.50	4.00	7.50	12.50
	1941B	111.480	2.50	4.00	7.50	12.50
	1943B	Inc. Be.	3.50	6.00	8.50	15.00

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
		Obv: Small "Second Head", security edge.				
57b	1942B	244.500	2.50	4.00	7.50	12.50
	1943B	65.995	2.50	4.00	7.50	12.50
	1943B Rev. B	Inc. Ab.	2.50	4.00	7.50	12.50
	1944B Rev. B	146.206	2.50	4.00	7.50	12.50
	1944B	Inc. Ab.	2.50	4.00	7.50	12.50
	1944L small L	91.400	2.50	4.00	7.50	12.50
	1944L large L	Inc. Ab.	2.50	4.00	7.50	12.50
	1945B small date	142.666	2.50	4.00	7.50	12.50
	1945B large date	Inc. Ab.	2.50	4.00	8.50	15.00
	1945L	118.126	2.50	4.00	7.50	12.50
		Reeded edge				
57	1945B	—	—	—	—	—

NICKEL

Rev: New design, security edge.

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
60	1947B	118.130	1.50	2.50	4.50	7.00
	1947B	—	—	—	Proof	75.00
	1947L	41.911	1.50	2.50	4.50	7.00

5 RUPEES

3.8870 g, .917 GOLD, .1146 oz AGW

Obv: Young bust

Y#	Date	Year	Fine	VF	XF	Unc
13	1862	—	—		Proof only	500.00
	1870	—	—	—	Rare	—
	1870	—	—	—	Proof	375.00
	1870	(restrike)	—	—	Proof	275.00
	1872	—	—		Proof only	650.00
	1873	—	—		Proof only	650.00

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
		Obv: Mature bust				
13a	1870	013	2?0.00	300.00	350.00	450.00
	1870	—	—	—	Proof	375.00
	1870	(restrike)	—	—	Proof	275.00
		SILVER (OMS)				
13b	1870	—	—	—	Proof	—
		3.8870 g, .917 GOLD, .1146 oz AGW				
24	1879	—	—	—	Proof	375.00
	1879	(restrike)	—	—	Proof	275.00

10 RUPEES

7.7740 g, .917 GOLD, .2291 oz AGW

Obv: Young bust

Y#	Date	Mintage	Fine	VF	XF	Unc
14	1862	—	—	—	Proof	650.00
	1870	—	—	—	Rare	—
	1870	—	—	—	Proof	450.00
	1870	(restrike)	—	—	Proof	275.00
	1872	—	—	—	Proof	650.00
	1875	—	—	—	Proof	650.00
	1878	(restrike)	—	—	Proof	—
		Obv: Mature bust				
14a	1870	—	—	—	Rare	—
	1870	—	—	—	Proof	350.00
	1870	(restrike)	—	—	Proof	275.00
25	1879 Bom.	—	—	—	Rare	—
1. क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 01.04.1935 के बाद, उसके द्वारा धारण किये जाने वाले सोने को भारत राज्य क्षेत्र के बाहर किसी देश या किसी प्राधिकारी के अधीन किसी संव्यवहार के तहत रखा गया है ? यदि हां तो उस देश या प्राधिकारी के नाम का उल्लेख करें। जिसके संव्यहार में रखे गये सोने की मात्रा का भी उल्लेख करें, एवं ऐसे संव्यवहार को कार्यान्वित कराने का आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।
2. 15 अगस्त 1947 से 15 अगस्त 2015 तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कितना बैंक नोट/करेन्सी नोट निर्गत किया गया ? ऐसे निर्गमन आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।
3. क्या गांधी सीरिज के सभी बैंक नोट, विशेष बैंक नोट है ? या अन्य बैंक नोट की तरह ही सामान्य बैंक नोट है।
4. क्या अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय रुपयें के मूल्य को मापने के लिए कोई मापक है ? यदि हां तो उस मापक का नाम तथा मानक स्टैण्डर्ड बताएं, और यदि नही है तो भारतीय रुपये का अर्न्तराष्ट्रीय मूल्य कैसे निर्धारित होता है ? ऐसे निर्धारण का आदेश देने वाले अधिकारी का नाम, पद एवं दिनांक तथा आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।
5. भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की मूल कापी उपलब्ध करावें, जिसमें उक्त अधिनियम के पारित होने के पश्चात् कोई संसोधन अन्तर्विष्ट न किया गया हों।

सूचना हम प्रार्थी को हिन्दी में दी जाय।

दिनांक– 26.10.2015

प्रार्थी

घनश्यामवर्मा

संलग्नकः

घनश्याम वर्मा

1. भारतीय पोस्टल आर्डर 10रू0 मूल्य का
   पोस्टल आर्डर सं0 31एफ 885549

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

विबापवि/रिया सं. 509/03.10.019/2015-16

नवम्बर 10, 2015

श्री घनश्याम वर्मा,
[illegible]
जिल्हा - देवरिया
उत्तर प्रदेश - 274 701

प्रिय महोदय,

जन सूचना अधिकार अधिनियम- 2005
हमारा संदर्भ क्रं. RBIND/R/2015/03850/2

कृपया उपर्युक्त विषय पर आप अपना भारतीय रिजर्व बैंक को प्रेषित दिनांक 26-10-2015 का पत्र (जो हमें 04-11-2015 प्राप्त हुआ) देखें। आपका प्रश्नबिंदु 4 उत्तर के लिए हमारे विभाग को भेजा गया है।
2. इस संबंध में हमारा प्रत्युत्तर निम्नानुसार है:

प्रश्न	हमारा प्रत्युत्तर
क्या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय रुपये के मूल्य को मापने के लिए कोई मापक है ? यदि हां तो उस मापक का नाम तथा मापक स्टैण्डर्ड बताएं, और यदि नहीं है तो भारतीय रुपये का अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य कैसे निर्धारित होता है ? ऐसे निर्धारण का आदेश देने वाले अधिकारी का नाम, पद एवं दिनांक तथा आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें ।	अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय रुपये का मूल्य विदेशी मुद्रा बाजार में मुद्रा की मांग और पूर्ती पर निर्भर है । रुपये के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य को मापने का कोई विशिष्ट मापक नहीं है । भारतीय रिज़र्व बैंक मे लागू रुपये के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य निर्धारण नीति के बारे मे विवरण नीचे दिए लिंक पर उपलब्ध है । https://www.rbi.org.in/scripts/PublicationsView.aspx?id=12252#EXC Path :-> Exchange Rates and Exchange Rate Policy in India: A Review

3. जन सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत, जानकारी की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने के लिए केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी बाध्य नहीं है ।

2

...

वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, केन्द्रीय कार्यालय, पहली मंज़िल, मुख्य भवन, शहीद भगतसिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001. भारत
फोन : (91-22) 2261 0642 फैक्स : (91-22) 2263 0981 ई-मेल : cgmfmod@rbi.org.in
Financial Markets Operations Department, Central Office,1st Floor, Main Building, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001. India
Tel: (91-22) 2261 0642 Fax: (91-22) 2263 0981 E-mail: cgmfmod@rbi.org.in

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

स्पीड पोस्ट

संदर्भःबानिपवि.कैंका.जीपीएस.आरआईए. सं. 839 /21.04.034/2015-16 24 नवंबर 2015

श्री घनश्याम वर्मा
[illegible]
[illegible]
[illegible]
उत्तर प्रदेश - पिन 274701

महोदय,

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना के लिए अनुरोध-
हमारा संदर्भ सं. रिया RBIND/R/2015/03850/1

कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करने के लिए 26 अक्तूबर 2015 का अपना आवेदन देखें।

2. इस संबंध में हम निम्नानुसार सूचित करते हैं:

प्रश्न सं	प्रश्न	हमारा उत्तर
1	क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 01.04.1935 के बाद, उसके द्वारा धारण किये जाने वाले सोने को भारत राज्य क्षेत्र के बाहर किसी देश या किसी प्राधिकारी के अधीन किसी संव्यवहार के तहत रखा गया है ?	हाँ।
	यदि हाँ तो उस देश या प्राधिकारी के नाम का उल्लेख करें ।	बैंक ऑफ इंग्लैंड और अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक
	जिसके संव्यवहार में रखे गये सोने की मात्रा का भी उल्लेख करें, एवं ऐसे संव्यवहार को कार्यान्वित कराने का आदेश की प्रमाणित प्रतितिपि उपलब्ध करावें ।	स्वर्ण की मात्रा 265.49 टन सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के खण्ड 8 (1) (क) के अनुसार आदेश की प्रतिलिपि प्रदान नहीं किया जा सकता

बाह्य निवेश और परिचालन विभाग,केन्द्रीय कार्यालय, केन्द्रीय कार्यालय भवन,शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट,मुंबई -400 001
फोन नं: 022-2262 4423 फैक्स नं: 022-2263 1031 ई मेल : cpiodeio@rbi.org.in
Department of External Investments and Operations, Central Office, Central Office Building, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai 400 001
Tel: 022-2262 4423 Fax: 022-2261 1031 Email: cpiodeio@rbi.org.in

हिन्दी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए

		क्योंकि इससे भारत के आर्थिक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

3. आपकी जानकारी के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रथम अपील प्राधिकारी डॉ. (श्रीमती) दीपाली पन्त जोशी, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, बाह्य निवेश और परिचालन विभाग, 22वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई – 400001 हैं। उपर्युक्त जवाब के संदर्भ में कोई अपील करनी हो तो उसे 30 दिनों के भीतर प्रथम अपील प्राधिकारी के पास भेजी जा सकती है।

भवदीय,

एस के बल

(एस.के.बल)

केंद्रीय जन सूचना अधिकारी

अनुबंध

आरआईए सं. RBIND / R / 2015 / 03850 / 3 – श्री घनश्याम वर्मा

प्र.सं.	मांगी गई जानकारी	हमारा उत्तर
5	भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की मूल कापी उपलब्ध करावें, जिसमें उक्त अधिनियम के पारित होने के पश्चात् कोई संसोधन अन्तर्ष्टि न किया गया हों।	भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की मूल प्रति की फोटो प्रति संलग्न करते हैं।

पंजीकरण सं. Registration No.	:	***RBIND/R/2015/03850***
		घनश्याम वर्मा

सं.	विषयवस्तु	सूचना
2	15 अगस्त 1947 से 15 अगस्त 2015 तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कितना बैंक नोट/करेंसी नोट निर्गत किया गया ? ऐसे निर्गमन आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।	वर्ष 1970-71 (अप्रैल-मार्च) से वर्ष 2014-15 तक संचलन में जारी नोटों के मूल्यवर्गवार आंकड़े (मूल्य) भारतीय रिजर्व बैंक के dbie.rbi.org.in नामक वैबसाइट पर उपलब्ध हैं और जिन्हें निम्नलिखित पाथ का उपयोग करते हुए प्राप्त किया जा सकता हैं: dbie.rbi.org.in > Time-series Publications > Handbook of Statistics on the Indian Economy > Currency and Coinage > 160. Notes and Coins Issued वर्ष 1947 से 1970 तक संचलन में जारी नोटों के आकड़ें तथा निर्गमन आदेश के प्रतिलिपि के संबंध में - यह सूचना जिस रूप में मांगी गयी है उस रूप में उपलब्ध नहीं है तथा उक्त सूचना एकत्र करने के लिये संसाधनों को अत्यधिक मात्रा में लगाना पड़ेगा। अत: मांगी गयी सूचना को सूचना के अधिकार 2005 की धारा 7(9) के अंतर्गत प्रदान नहीं किया जा सकता।
3	क्या गांधी सीरीज के सभी नोट , विशेष बैंकनोट हैं ? या अन्य बैंक नोट की तरह ही सामान्य बैंक नोट हैं ।	प्रचलित महात्मा गांधी शृंखला के बैंकनोट(जिन में वाटरमार्क में तथा बैंक नोटों के दाहिने तरफ महात्मा गांधी का चित्र मुद्रित हुआ हैं), भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 22 में अभिप्रेत सामान्य बैंक नोट हैं ।

आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 22.02.2016

-ı.

सूचना के लिए आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

समक्ष – केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी / रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, मुम्बई भारत सरकार।

अवेदक का नाम– घनश्याम वर्मा

आवेदक का पता– . जिला देवरिया (उ0प्र0)274701।

सूचना के लिए आपेक्षित बिन्दु– निम्नलिखित बिन्दुओं पर सूचना अपेक्षित है–

1. बैंक ऑफ इंग्लैण्ड एवं अर्न्तराष्ट्रीय निपटान बैंक में रखे गये 265.49 टन स्वर्ण को भारत सरकार द्वारा किस सव्यवहार के तहत रखा गया है एवं उसका उददेश्य क्या है ?
2. भारतीय रिजर्व बैंक में रखे गये सोने, चॉंदी एवं विदेशी मुद्रा भण्डार की क्या मात्रात्मक परिणाम है?
3. क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कोई विशेष बैंक नोट निगर्त किया गया है? यदि हां तो निर्गत का दिनांक एवं बैंक नोट के प्रकार को सूचना के रुप में प्रकट करें ?
4. भारतीय रुपये का 1 अप्रैल 1935 से आज की तिथि तक कितनी बार अवमूल्यन किया गया है ? कृपया दिनांक सहित अवमूल्यन प्रतिशत को सूचना के रुप में प्रकट करें ?

प्रार्थी को सूचना हिन्दी मे दी जाय।

स्थानः जनपद देवरिया।

दिनांकः 22-02-2016

सूचना के लिए फीस के रुप में पोस्टल आर्डर का विवरण–

पोस्टल आर्डर सं0: xxxxx

नगद दस रुपये

नं0: 15H 73009J

प्रार्थी / आवेदक

घनश्याम वर्मा

Speed Post

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

डीजीबीए.एकाउंट्स(डीबीए)सं. 2852/57.02.020/2015 -16 08 मार्च 2016

स्पीड पोस्ट द्वारा

श्री घनश्याम वर्मा

उत्तर प्रदेश 2747011

महोदय

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना हेतु अनुरोध -
अनुरोध सं. RBIND / R / 2016 / 00867 / 2 - श्री घनश्याम वर्मा

उपर्युक्त विषय में कृपया 22 फरवरी 2016 के अपने आवेदनपत्र का अवलोकन करें ।

2. इस संबंध में अपेक्षित सूचना निम्नवत् है:-

क्रम सं.	मांगी गई सूचना	भाग 1 एवं 2 के लिए हमारा उत्तर
2	भारतीय रिजर्व बैंक में रखे गए सोने, चांदी एवं विदेशी मुद्रा भंडार की क्या मात्रात्मक परिणाम है ?	सोना : बैंक के पास 557.75 मीट्रिक टन सोना है, जिसमें से 292.26 मीट्रिक टन सोना जारी किए गए नोटों के समर्थन में रखा गया है और इसे निर्गम विभाग की आस्तियों के रूप में अलग से प्रदर्शित किया जाता है। शेष 265.49 मीट्रिक टन सोने को बैंकिंग विभाग की आस्ति माना जाता है। यह सूचना भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर यूआरएल https://www.rbi.org.in/Scripts/AnnualReportPublications.aspx?Id=1157 पर भी उपलब्ध है। चांदी : वर्तमान में आस्तियों में चांदी शामिल नहीं है।

कृ. प. ऊ.

सरकारी एव बैंक लेखा विभाग, केंद्रीय कार्यालय, 4 थी मंजिल, मुंबई सेंट्रल रेल्वे स्टेशन के सामने, भायखला, मुंबई - 400 008
Department of Government & Bank Accounts, Opp. Mumbai Central Railway Station, Byculla, Mumbai 400 008.
Telephone : (022) 2308 4121, Fax No. (022) 2300 0370/2301 6072/2301 0095, e-mail : cgmicdgbaco@rbi.org.in

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए ।

<u>का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आवेदन पत्र °</u>

Application under the Right to Information Act, 2005

पंजीकरण सं Registration No.	:	***RBIND/R/2016/00867***
आवेदक Applicant	:	***घनश्याम वर्मा***
आवेदन की तारीख		***22 फरवरी 2016***

सं .	विषयवस्तु	सूचना
3	क्या भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कोई विशेष बैंक नोट निर्गत किया गया है ? यदि हाँ तो निर्गत का दिनांक एवं बैंक नोट के प्रकार को सूचना के रूप में प्रकट करे।	भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 28 A में अभिप्रेत विशेष नोट भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निम्न प्रकार के जारी किए गए थे – **उपलक्ष्य / देश जिसके लिए नोटों का मुद्रण किया** — **कब जारी किया था** ----------------- ------------------------------ बर्मा — 1938 हज यात्रा — मई 1959 आखाती देश — 1959 (कुवैत, बहरीन, क़तार, यूएई)

अनुबंध

<table>
<tr><th>प्रश्न सं</th><th>प्रश्न</th><th>हमारा उत्तर</th></tr>
<tr><td>1</td><td>बैंक ऑफ इंग्लैण्ड एवं अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक में रखे गये 265.49 टन स्वर्ण को भारत सरकार द्वारा किस संव्यवहार के तहत रखा गया है एवं उसका उद्देश्य क्या है ?</td><td>भारत सरकार द्वारा किसी स्वर्ण संबंधी लेन-देन के बारे में हमको सूचना नहीं है। किन्तु, जैसे दिनांक 26 अक्तूबर 2015 के आपके रिया आवेदन सं RBIND/R/2015/03850/1 के उत्तर में दिनांक 24 नवंबर 2015 के हमारे पत्र संदर्भः बानिपवि. कैंका. जीपीएस. आरआईए.सं. 839 /21.04.034/2015-16 द्वारा सूचित किया गया, भंडार प्रबंध संचालन के हिस्से के रूप में,बैंक ऑफ इंग्लैण्ड एवं अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक में भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण रखा है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>भारतीय रिजर्व बैंक में रखे गये सोने,चाँदी एवं विदेशी मुद्रा भंडार की क्या मात्रात्मक परिणाम है ?</td><td>वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक में रखे गये सोने स्वर्ण की मात्रा 557.75 टन है। 11 मार्च 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक में रखे गये विदेशी मुद्रा भंडार का विवरण निम्नानुसार है:
<table>
<tr><th>मद</th><th>₹ बिलियन</th><th>अमरीकी डॉलर मिलियन</th></tr>
<tr><td>विदेशी मुद्रा आस्तियां</td><td>22,014.9</td><td>329,999.2</td></tr>
<tr><td>स्वर्ण</td><td>1,326.0</td><td>19,324.8</td></tr>
<tr><td>विशेष आहरण अधिकार (एस डी आर)</td><td>99.7</td><td>1,486.6</td></tr>
<tr><td>आईएमएफ में प्रारक्षित भंडार की स्थिति</td><td>174.2</td><td>2,597.2</td></tr>
<tr><td>**कुल भंडार**</td><td>**23,614.8**</td><td>**353,407.8**</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

प्रश्न क्र.4 :- उत्तर

आजादी के बाद से भारतीय रुपए का अवमूल्यन 1949, 1966 और 1991 में हुआ है। 22 सितम्बर 1949 को पाउंड स्टर्लिंग का अवमूल्यन के फलस्वरूप, स्वचालित रूप से रुपए का 30.5 फीसदी अवमूल्यन हुआ था।1966 में देश की भारत के बाह्य क्षेत्र में तनाव गंभीर सूखे और पश्चिमी देशों से सहायता बंद होने की वजह से और बढ़ गया था। इसके कारण 6 जून 1966 में रुपए का 36.5 फीसदी अवमूल्यन किया गया था (आर.बी.आई, हिस्टरी वॉल्यूम 1951-1968)। बड़े बजट घाटे और खाड़ी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों के कारण बढ़ते आयात बिल की वजह से भारत को 1991 में भुगतान संतुलन के संकट का सामना करना पड़ा। इस कारण रुपए की विनिमय दर दो चरणों में करीब 9 फीसदी और 11 फीसदी अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में 1 और 3 जुलाई 1991 में अवमूल्यन किया था।

स्त्रोत:- (मुद्रा और वित्त, 2001-02 पर रिपोर्ट, आर. बी. आई.)।

सूचना के लिए आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

समक्ष– केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, मुम्बई

आवेदक का नाम– घनश्याम वर्मा

आवेदक का पता– [illegible], जि0 देवरिया, उ0प्र0।

सूचना के लिए आपेक्षित बिन्दु– प्रार्थी को निम्न बिन्दुओं पर हिन्दी में सूचना चाहिए।

1. क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक नोटों के विनिमय में, केन्द्रीय सरकार से परिचालन हेतु आवश्यक वैद्य भारतीय सिक्कों की मांग किया था ? यदि हां तो कब और कितनी मात्रा में ? इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।
2. क्या करेन्सी नोंटों या बैंक नोटों के विनिमय में केन्द्रीय सरकार परिचालन हेतु आवश्यक वैद्य भारतीय सिक्का देनें में सफल रही है या असफल ? इसे सूचना के रुप में प्रकट करें।
3. भारतीय बैंक नोटों पर दर्शित "केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत" से क्या तात्पर्य है ? भारत सरकार द्वारा प्रतिभूति के तौर पर क्या व कितना रखा व दिया जाता है ?
4. वर्ष 1949, 1966, और 1991 में भारतीय रुपयें के अवमूल्यन के फलस्वरुप भारत के विकास दर, आयात–निर्यात तथा भारत की इकोनामी पर क्या असर हुआ ? कृप्या इस बिन्दु पर सन् 1935 से 2015 तक वार्षिक विवरण दीजिए।
5. भारतीय रु0 के अवमूल्यन का प्राधिकार देने वाले अधिनियम, नियम, आदेश की सूचना देवें।
6. भारतीय रुपया तथा पाउण्ड स्टर्लिंग के आपस में क्या सम्बन्ध है ? जिससे "22 सितम्बर 1949 को पाउण्ड स्टर्लिंग के अवमूलयन के फलस्वरुप रुपये का 30.5 फीसदी अवमूल्यन स्वचालित रुप से हुआ था" इसे सूचना के रुप में प्रकट करें।
7. क्या भारतीय रिजर्व बैंक का जन्म हिल्टन यंग कमीशन की सिफारिशो के फलस्वरुप हुआ है ? हिल्टंन यंग की भारतीय इकोनामी में क्या प्रास्थिति (Status) थी ? सूचना के रुप में प्रकट करें।

प्रार्थी
घनश्याम वर्मा

स्थानः जिला देवरिया।
दिनांकः 13.05.2016
पोस्टल आर्डर फीस का विवरण
नगद दस रुपये
नं.: 40T 266147

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

विबाविवि. क्र.549/RIA.02119/14.02.005/2015-16 मई 25, 2016

श्री घनश्याम वर्मा

जि. देवरिया,
उत्तर प्रदेश -274701

महोदय ,

सूचना अधिकार अधिनियम आवेदन - पत्र क्र. RBIND/R/2016/02119

सूचना अधिकार अधिनियम (2005) आवेदन के अंतर्गत आपके दिनांक 17 मई 2016 का पत्र क्र. RBIND/R/2016/02119 के संदर्भ में जानकारी इस प्रकार है।

क्र.सं.	प्रश्न	उत्तर
5.	भारतीय रु0 के अवमूल्यन का प्राधिकार देने वाले अधिनियम, नियम, आदेश की सूचना देवें ।	यह सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है । आपका प्रश्न वितीय बाजार परिचालन विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है जो आपको इस प्रश्न का उत्तर देंगे ।

आपकी जानकारी हेतु हम सूचित करते है कि भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी डॉ. (श्रीमती) दीपाली पंत जोशी, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001 हैं। उपरोक्त प्रत्युत्तर के संबंध में अपील, यदि कोई हो, तो प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को 30 दिनों के भीतर की जानी चाहिए।

भवदीय,

सुब्रमणियन

(आर सुब्रमणियन)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

वितीय बाज़ार विनियमन विभाग, केंद्रीय कार्यालय भवन, 23 वी मंज़िल, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400001.
फोन: (91-22) 22601000, फैक्स: (91-22) 22702290 ई-मेल: fmrd@rbi.org.in

Financial Markets Regulation Department, Central Office Building, Shahid Bhagat Singh Road, Fort, Mumbai – 400001.
Tel: (91-22) 22601000, Fax: (91-22) 22702290 e-mail- fmrd@rbi.org.in

हमारा उत्तर: - प्रश्न क्र 4 & 6

प्रश्न सं.4: भारतीय रिज़र्व बैंक के पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर तथा पण्य निर्यात एवं आयात के ब्यौरे नीचे सारणी में दिए गए हैं.

यह नोट किया जाए कि रुपये की विनिमय दर के अलावा, निर्यात और आयात पर घरेलू मांग, बाह्य मांग, क्षेत्रवार स्पर्धात्मकता, व्यापार नीति इत्यादि का भी प्रभाव पड़ता है।

Table 1: Annual GDP growth and Exports, Imports of India

	GDP growth rate (%)	Exports	Imports
			US$ Mn
1951-52	2.3	1527	2023
1952-53	2.8	1411	1462
1953-54	6.1	1105	1271
1954-55	4.2	1234	1368
1955-56	2.6	1269	1511
1956-57	5.7	1291	1768
1957-58	-1.2	1325	2163
1958-59	7.6	1187	1666
1959-60	2.2	1341	1808
1960-61	7.1	1338	2337
1961-62	3.1	1376	2274
1962-63	2.1	1428	2357
1963-64	5.1	1653	2548
1964-65	7.6	1701	2810
1965-66	-3.7	1678	2934
1966-67	1.0	1865	3229
1967-68	8.1	1577	2614
1968-69	2.6	1787	2513
1969-70	6.5	1880	2090
1970-71	5.0	2031	2162
1971-72	1.0	2152	2442
1972-73	-0.3	2569	2433
1973-74	4.6	3238	3793
1974-75	1.2	4192	5691
1975-76	9.0	4649	6064
1976-77	1.2	5728	5652
1977-78	7.5	6299	7012
1978-79	5.5	6960	8279
1979-80	-5.2	7926	11291
1980-81	7.2	8485	15867
1981-82	5.6	8704	15173

1982-83	2.9	9108	14787
1983-84	7.9	9449	15311
1984-85	4.0	9878	14412
1985-86	4.2	8905	16067
1986-87	4.3	9745	15727
1987-88	3.5	12089	17156
1988-89	10.2	13970	19497
1989-90	6.1	16613	21219
1990-91	5.3	18145	24073
1991-92	1.4	17865	19411
1992-93	5.4	18537	21882
1993-94	5.7	22238	23306
1994-95	6.4	26331	28654
1995-96	7.3	31795	36675
1996-97	8.0	33470	39132
1997-98	4.3	35006	41485
1998-99	6.7	33219	42389
1999-00	8.0	36822	49671
2000-01	4.1	44560	50537
2001-02	5.4	43827	51413
2002-03	3.9	52719	61412
2003-04	8.0	63843	78149
2004-05	7.1	83536	111517
2005-06	9.5	103091	149166
2006-07	9.6	126414	185735
2007-08	9.3	162904	251439
2008-09	6.7	185295	303696
2009-10	8.6	178751	288373
2010-11	8.9	251136	369769
2011-12	6.7	305964	489320
2012-13	4.5	300401	490737
2013-14	4.7	314416	450214
2014-15		310338	448033

Source: RBI

प्रश्न सं.6: जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक के बुलेटिन, नवंबर 1949 में उल्लेख है कि "भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की सहमति से, 20 सितंबर 1949 को रुपये का अवमूल्यन स्टर्लिंग के मूल्य के बराबर करने की घोषणा थी। यह भी घोषणा की गई थी कि अमरीकी मुद्रा के संबंध में रुपये का मूल्य रुपये में 30.225 सेंट्स से परिवर्तित होकर 21 सेंट्स होगा और सोने के संदर्भ में रुपये की तुलना में शुद्ध स्वर्ण का मूल्य 0.268601 से परिवर्तित होकर 0.186621 ग्राम होगा तथा रुपये और पाउंड स्टर्लिंग की विनिमय दर अपरिवर्तित रहेंगी"।

Annex

पंजीकरण सं. RBIND/R/2016/02119/4 - श्री घनश्याम वर्मा

Sr No	Question asked	Our comments
7.	क्या भारतीय रिज़र्व का जन्म हिल्टन यंग कमीशन की सिफ़ारिशो के फलस्वरूप हुआ है?	भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना हिल्टन यंग आयोग की सिफारिशों के आधार पर हुई थी । भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 में इस बैंक के कार्य के लिए सांविधिक आधार दिया गया है। इस बैंक ने 1 अप्रैल 1935 से कार्य प्रारंभ किया । हम आपकी सूचना हेतू भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की एक प्रति संलग्न कर रहे हैं जो कि हमारे वेबसाइट (https://rbi.org.in>प्रकाशन>सामयिक>भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम) पर भी उपलब्ध है।
	हिल्टन यंग की भारतीय इकोनोमी में क्या प्रास्थिति(Status) थी? सूचना के रूप में प्रकट करें।	यह जानकारी हमारे पास उपलब्ध नहीं है।

RBIND/R/2016/02119- श्री घनश्याम वर्मा

प्र.सं.	मांगी गयी जानकारी	हमारा जवाब
1	क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक नोटों के विनिमय मे, केन्द्रीय सरकार से परिचालन हेतु आवश्यक वैध भारतीय सिक्कों की मांग किया था ? यदि हा तो कब और कितनी मात्र मे? इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।	हाँ । यह जानकारी हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in में Home → Publications → Annual → Annual Report of the RBI→ Currency Management के link पर उपलब्ध है।
2	क्या करेंसी नोटों या बैंक नोटों के विनिमय मे केन्द्रीय सरकार परिचालन हेतु आवश्यक वैध भारतीय सिक्का देने मे सफल रही है या असफल ? इसे सूचना के रूप मे प्रकट करे।	सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 2(f) के तहत यह सूचना नहीं है, राय है।
3	भारतीय नोटों पर दर्शित "केंद्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत से क्या तात्पर्य है ? भारत सरकार द्वारा प्रतिभूति के तौर पर क्या व कितना रखा व दिया जाता है ?	भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 26 की प्रावधानों के तहत बैंकनोट भारत में किसी भी स्थान में उसमे अभिव्यक्त राशि की आदायगी में या लेखे वैध निविदा होगा और केंद्रीय सरकार द्वारा प्रत्याभूत होगा। जारी किए गए बैंक नोट इसी अधिनियम की धारा 33 में उल्लिखित आस्तियों के अधीन है।

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

विबाविवि. क्र. 577/RIA.02119/14.02.005/2015-16 जून 16, 2016

श्री घनश्याम वर्मा

उत्तर प्रदेश -274701

महोदय ,

सूचना अधिकार अधिनियम आवेदन - पत्र क्र. RBIND/R/2016/02119

कृपया हमारें दिनांक 25 मई 2016 के पत्र का संदर्भ ले। इस संबंध में जानकारी इस प्रकार है।

क्र.सं.	प्रश्न	उत्तर
5.	भारतीय रु0 के अवमूल्यन का प्राधिकार देने वाले अधिनियम, नियम, आदेश की सूचना देवें ।	यह सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है ।

आपकी जानकारी हेतु हम सूचित करते है कि भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी डॉ. (श्रीमती) दीपाली पंत जोशी, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001 हैं। उपरोक्त प्रत्युतर के संबंध में अपील, यदि कोई हो, तो प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को 30 दिनों के भीतर की जानी चाहिए।

भवदीय,

16.6.2016

(मनोज कुमार)

केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

वित्तीय बाज़ार विनियमन विभाग, केंद्रीय कार्यालय भवन, 23 वी मंज़िल, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400001.
फोन: (91-22) 22601000, फैक्स: (91-22) 22702290 ई-मेल: fmrd@rbi.org.in

Financial Markets Regulation Department, Central Office Building, Shahid Bhagat Singh Road, Fort, Mumbai – 400001.
Tel: (91-22) 22601000, Fax: (91-22) 22702290 e-mail- fmrd@rbi.org.in

अनेक्स –ए

प्रश्न	हमारा प्रत्युत्तर
5. भारतीय रु0 के अवमूल्यन का प्राधिकार देनेवाले अधिनियम, नियम, आदेश की सूचना देवें।	यह प्राधिकार भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 के अंतर्गत दिया गया है।

RESERVE BANK OF INDIA
F.M.O.D.
C. O. MUMBAI

DEPARTMENT OF CURRENCY MANAGEMENT

RESOURCE MANAGEMENT & MOVEMENT OF TREASURE DIVISION

Appeal under the Right to Information Act, 2005

Compliance with the order of the Appellate Authority

Reference No:	Appeal No. 00463(DCM)/ 2015-16 (arising from RIA No. RBIND/R/2016/02119)
Appellant :	Ghanshyam Varma

The captioned application (RIA No. RBIND/R/2016/02119) under the RTI Act, 2005 from Ghanshyam Varma was decided by the CPIO, DCM and the applicant was suitably advised.

The applicant preferred an appeal under Section 19(1) of the RTI Act, 2005. The Appellate Authority (AA) passed an order dated August 19, 2016 which has been received at our end from IFCD Division. The appeal has been partially allowed with certain directions and observations.

In view of the directions of the appellate authority we may reply as for the draft attached in respect of Query No. 1

Q. No.	Information Sought	Our Answer
1	The appellant had at query No.1 sought information on whether Reserve Bank had demanded valid Indian coins in exchange of notes for circulation and if yes, when and in what quantity, CPIO, DCM had replied to the query in affirmative and provided the appellant the website link from which the information could be accessed. In the appeal before me, the appellant contends that he is unable to operate the website and has therefore requested for a photocopy of the reply available on the website.	Information in respect of indents for coins for the years 2013-14, 2014-15, 2015-16 and 2016-17, printed from the website is enclosed.

Put up for approval please.

Table VIII.5: Indent and Supply of Coins by Mints (April-March)

(Million pieces)

Denomination	2013-14		2014-15		2015-16		2016-17
	Indent	Supply	Indent	Supply	Indent	Supply	Indent
1	2	3	4	5	6	7	8
50 Paise	50	40	40	20	40	30	30
₹1	5,418	3,092	6,000	3,247	6,100	3,753	6,300
₹2	3,546	2,424	4,000	2,367	4,000	2,899	4,200
₹5	1,819	1,393	2,000	1,091	2,100	1,492	2,270
₹10	1,200	728	1,800	1,187	2,000	1,084	2,200
Total	12,033	7,677	13,840	7,912	14,240	9,258	15,000

हमारा उत्तर : -

प्रश्न सं.4: भारतीय रिज़र्व बैंक के पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर तथा पण्य निर्यात एवं आयात के ब्यौरे नीचे सारणी में दिए गए हैं. जीडीपी तथा तुलनीय पण्य निर्यात एवं आयात के ब्यौरे 1935 से 1951 तक आरबीआई के पास उपलब्ध नहीं है। उपरोक्त अवधि के लिए जीडीपी वृद्धि दर से जुड़ी सूचना के लिए प्राथमिक स्रोत केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट (http://www.mospi.nic.in) देखें तथा तुलनीय पण्य निर्यात एवं आयात के ब्यौरे इस संबंध में डीजीसीआई एंड एस से, जो डेटा का प्राथमिक स्रोत है, परामर्श किया जा सकता है। यह नोट किया जाए कि रुपये की विनिमय दर के अलावा, निर्यात और आयात पर घरेलू मांग, बाह्यमांग, क्षेत्रवार स्पर्धात्मकता,व्यापार नीति इत्यादि का भी प्रभाव पड़ता है।

Table I: Annual GDP growth and Exports. Imports of India

			US$ Mn
	GDP growth rate (%)	Exports	Imports
1951-52	2.3	1527	2023
1952-53	2.8	1411	1462
1953-54	6.1	1105	1271
1954-55	4.2	1234	1368
1955-56	2.6	1269	1511
1956-57	5.7	1291	1768
1957-58	-1.2	1325	2159
1958-59	7.6	1187	1666
1959-60	2.2	1341	1808
1960-61	7.1	1338	2337
1961-62	3.1	1376	2274
1962-63	2.1	1428	2357
1963-64	5.1	1653	2548
1964-65	7.6	1701	2810
1965-66	-3.7	1678	2934
1966-67	1.0	1866	3229
1967-68	8.1	1577	2614
1968-69	2.6	1787	2513
1969-70	6.5	1880	2090
1970-71	5.0	2031	2162
1971-72	1.0	2152	2442
1972-73	-0.3	2569	2433
1973-74	4.6	3238	3793
1974-75	1.2	4192	5691
1975-76	9.0	4649	6064

1976-77	1.2	5728	5652
1977-78	7.5	6299	7012
1978-79	5.5	6960	8279
1979-80	-5.2	7926	11291
1980-81	7.2	8485	15867
1981-82	5.6	8704	15173
1982-83	2.9	9108	14787
1983-84	7.9	9449	15311
1984-85	4.0	9878	14412
1985-86	4.2	8905	16067
1986-87	4.3	9745	15727
1987-88	3.5	12089	17156
1988-89	10.2	13970	19497
1989-90	6.1	16613	21219
1990-91	5.3	18145	24073
1991-92	1.4	17865	19411
1992-93	5.4	18537	21882
1993-94	5.7	22238	23306
1994-95	6.4	26331	28654
1995-96	7.3	31795	36675
1996-97	8.0	33470	39132
1997-98	4.3	35006	41485
1998-99	6.7	33219	42389
1999-00	8.0	36822	49671
2000-01	4.1	44560	50537
2001-02	5.4	43827	51413
2002-03	3.9	52719	61412
2003-04	8.0	63843	78149
2004-05	7.1	83536	111517
2005-06	9.5	103091	149166
2006-07	9.6	126414	185735
2007-08	9.3	162904	251439
2008-09	6.7	185295	303696
2009-10	8.6	178751	288373
2010-11	8.9	251136	369769
2011-12	6.7	305964	489320
2012-13	4.5	300401	490737
2013-14	4.7	314416	450214
2014-15*	7.6	310338	448033

*: Growth rate is based on GDP constant prices (2011-12)

आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 28.09.2017

सूचना के लिए आवेदन पत्र अन्तगर्त धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

समक्षः केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, मुम्बई।

आवेदक का नामः घनश्याम वर्मा

आवेदक का पताः जिला देवरिया उ0प्र0 274701।

आपेक्षित सूचना का विवरणः प्रार्थी को निम्न बिन्दुओं पर हिन्दी में सूचना चाहिए:—

1. यदि कोई व्यक्ति सन् 1935 के सोने के सिक्के जिस पर 15 रु0 दर्शित है और सन् 1870 के सोने के सिक्के जिस पर 15 रु0 दर्शित है उक्त दोनों के वर्षों के पांच—पांच सोने के सिक्के व चादी के 50 सिक्के (वर्ष 1916 के 25 सिक्के एवं सन् 1940 के 25 सिक्के) है, व जिसपर एक रुपयें दर्शित है, उन्हे किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या आपके समक्ष जमा करें, तो उसे कुल कितने रुपये जमा अंकित होगा ? सूचना के रुप में प्रगट करें।
2. भारतीय रिजर्व बैंक रुपये को मूल्य की मापक मानती है ? या बाजार में बिकने वाली कोई वस्तु मानती है ? सूचना के रुप में प्रगट करें।
3. क्या वर्तमान में बैंक नोटों का निर्गमन प्रतिभूति रखकर किया जाता है ? यदि हां तो कौन सी प्रतिभूति व कितनी मात्रा प्रति रुपयें में रखी जाती है। इसे सूचना के रुप में प्रगट करें।
4. क्या भारतीय रिजर्व बैंक 1934 का कोई नियम (रुल) एवं शासक (रुलर) है ? यदि हां तो उसे सूचना के रुप में प्रगट करें।
5. क्या 01 अप्रैल 1935 से 15 अगस्त 1947 के बीच रुपये का अवमूल्यन किया गया है ? यदि हां तो उसकी दिनांक, सन, एवं प्रतिशत को सूचना के रुप में प्रगट करें।
6. क्या भारत में प्रचलित बैंक नोटों और रुपये के सिक्कों में विशेष बैंक — नोट एवं विशेष रुपयों के सिक्के प्रचलन में है ? जो भारत में वैद्य निविदा न होंगें। यदि हां तो वह विशेष बैंक नोट एवं विशेष रुपयों के सिक्के किस किस दिनांक व सन में कौन कौन से नोट एवं सिक्का कितने—कितने मात्रा में निर्गमन किये गये ? इसे सूचना के रुप में प्रगट करे।
7. क्या जिस विदेशी मुद्रा को भारत की विदेशी मुद्रा भण्डार के रुप में रिजर्व बैंक रखती है। वह विदेशी मुद्रा डालर एवं पाउण्ड आदि का वैद्य निविदा (लिगल टेण्डर) है ? यदि हां तो इसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावें।
8. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 01 जनवरी 1991 से 31 मार्च 2017 तक एक, दो, पांच, दस, बीस, पचास, सौ, पांच सौ, एक हजार, दो हजार, के बैंक नोट एवं रुपये के सिक्के प्रतिवर्ष कितनी—कितनी मात्रा में निर्गमन किये गये ? सम्पूर्ण ब्यौरे की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावें।
9. क्या ब्याज का रुपया वैद्य रुपया है ? यदि हां तो ब्याज के रुपये को वैध बताने वाले अधिनियम, नियम, या आदेश के वैध निविदा (लिगल टेण्डर) की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावें।

प्रार्थी

घनश्यामवर्मा

दिनांक:28.09.2017

~~पोस्टल आर्डर सं0~~..................दस. रुपये नगद.................।

J4C 630066

आरआईए क्र RBIND/R/2017/04682 –Ghanshyam Varma

Sr No	Query	Information provided
1	यदि कोई व्यक्ति सन 1935 के सोने के सिक्कें जिस पर रु दर्शित है और सन 15 के सोने के सिक्कें जिस 1870 रु दर्शित है उक्त दोनों 15 पर पाँच सोने के -वर्षों के पाँच सिक्कें 50 सिक्कें व चादी के (वर्ष सिक्के एवं 25 के 1916 है (सिक्के 25 के 1940 सान, व जिसपर एक रुपये दर्शित है, उन्हें किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या आपके समक्ष जमा करें, तो उस कुल कितने रुपये जमा अंकित होगा? सूचना के रूप में प्रगट करें।	काल्पनिक स्थिति पर आधारित इस विषयवस्तु में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी से राय देने की अपेक्षा की गयी है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, की धारा 2(f) में अभिप्रेत यह 'सूचना' नहीं है।
2	भारतीय रिज़र्व बैंक रुपये को मूल्य की मापक मानती है? या बाज़ार में बिकने वाली कोई वस्तु मानती है? सूचना के रूप में प्रगट करें।	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी बैंक नोट भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, के प्राव 1934धानों के तहत जारी किए जाते हैं। वांछित सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है।
3	क्या वर्तमान में बैंक नोटों का निर्गमन प्रतिभूति रखकर किया जाता है? यदि हाँ तो कौन सी प्रतिभूति व कितनी मात्रा प्रति रूपाएँ में रखी जाती है। इसे सूचना के रूप में प्रगट करें।	रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए सभी बैंक नोट भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 33 (1) में परिभाषित रूप में पात्र संपत्तियों द्वारा समर्थित हैं। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अध्याय 17-2016XI में दिए गए "वर्ष 2016-17 के लिए रिज़र्व बैंक का लेखा" का संदर्भ लें जो की निम्न लिंक पर दी गयी है: https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/AnnualReport.aspx

4	क्या भारतीय रिजर्व बैंक 1934 का कोई नियम (रूल) एवं शासक (रूलर) है ? यदि हा तो उसे सूचना के रूप मे प्रगट करे।	आपके द्वारा चाही गई जानकारी के संबंध में हम आपका ध्यान हमारे website https://www.rbi.org.in/Scripts/OccasionalPublications.aspx?head=Reserve%20Bank%20of%20India%20Act की ओर आकर्षित करते हैं जहॉ भारतीय रिजर्व बैंक से संबंधित जानकरी मौजूद हैं।
5	क्या 01 अप्रैल 1935 से 15 अगस्त 1947 के बीच रुपये का अवमूल्यन किया गया है? यदि हा तो उसकी दिनांक, सन, एवं प्रतिशत को सूचना के रूप मे प्रगट करे।	उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1941- 42 से 1947-48 तक भारतीय रुपए का अवमूल्यन नहीं हुआ था । 1935 से 1940 के लिए जानकारी उपलब्ध नहीं हैं।
6	क्या भारत में प्रचलित बैंक नोटों और रुपये के सिक्कों बैंक नोट एवं विशेष -रुपयों के सिक्कें प्रचलन में है? जो भारत में वैध निविदा न होंगे। यदि हाँ तो वह विशेष बैंक नोट एवं विशेष रुपयों के सिक्कें किस किस दिनांक व सन में कौन कौन से नोट एवं सिक्का कितनेकितने मात्रा में निर्गमन -किए गए? इसे सूचना के रूप में प्रगट करे।	भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 28A में अभिप्रेत विशेष नोट भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निम्न प्रकार के जारी किए गए थे- उपलक्ष्य देश जिसके / लिए नोटों का मुद्रण किया — कब जारी किया बर्मा — 1938 हज यात्रा — मई 1959 आखाती देश — 1959 (कुवैत, बहरीन, क्वतार, यूएई(सिक्कों के संबंध में सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3) के तहत विषय वस्तु का यह अंश निम्न लोक प्राधिकारी को अंतरित किया गया है- श्री पंकज गुप्ता अवर सचिव (सिक्का व एसपीएमसी) केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी भारत सरकार, वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग, कक्ष सं 63 नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली 110001

7	क्या जिस विदेशी मुद्रा को भारत की विदेशी मुद्रा भंडार के रूप मे रिजर्व बैंक रखती है। वह विदेशी मुद्रा डालर एवं पाउंड आदि का वैद्य निविदा (लिगल टेंडर) है? यदि हां तो इसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावे।	इस संबंध मे भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 33 का संदर्भ ले।
8	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 01 जनवरी 1991 से 31 मार्च 2017 तक एक, दो, पाँच, दस, बीस, पचास, सौ, पाँच सौ, एक हजार, दो हजार, के बैंक नोट एवं रुपये के सिक्के प्रतिवर्ष कितनी - कितनी मात्रा में निर्गमन किए गये? सम्पूर्ण ब्योरे की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावे।	यह सूचना जिस रूप में मांगी गयी है, उस रूप में हमारे पास उपलब्ध नहीं है तथा इसे एकत्र करने में बैंक के संसाधन असंगत रूप से विपथ होंगे, जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 7(9) के अंतर्गत नहीं दी जा सकती है।
9	क्या ब्याज का रुपया वैध रुपया है? यदि हाँ तो ब्याज के रुपये को वैध बताने वाले अधिनियम, नियम या आदेश के वैध निविदा (लिगल टेंडर) की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करवें।	इस संबंध में, कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम का संदर्भ ले। 26 की धारा 1934

भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
Security Printing and Minting Corporation of India Limited
मिनीरत्न श्रेणी-I, सीपीएसई
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
Miniratna Category-I, CPSE
(Wholly owned by Government of India)

No. CHO(HR)/RTI/10-9/2017/Vol.IX/4761 Date: 01-12-2017

श्री घनश्याम वर्मा,

विषय:-सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गयी जानकारी ।

महोदय,

कृपया सीपीआईओ तथा अवर सचिव (एसपीएमसी व. कॉइन), आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय के पत्र सं 12/02/2017-कॉइन/672 दिनांक 16.11.2017 का अवलोकन करें जो इस कार्यालय में दिनांक 24.11.2017 को प्राप्त हुआ। जिसमें उन्होने एसपीएमसीआईएल को आपके द्वारा किए गए आरटीआई के बिन्दु सं. 6 (केवल सिक्कों के संबंध) पर सूचना देने का अनुरोध किया है। आपके द्वारा मांगी गई जानकारी एसपीएमसीआईएल के विभाग के रिकोर्डो के अनुसार इस प्रकार है:

<u>बिन्दु सं. 6 का उत्तर</u>

वर्तमान में भारत में 50 पैसे, 1, 2, 5 तथा 10 के सिक्कों <u>के अलावा</u> जितने भी सिक्के बनाए जाते हैं वो सब स्मारक सिक्के कहलाते हैं, आपकी सूचना के लिए एक हज़ार तक के बनाए गए सिक्के वैध निविदा हैं।

अधिक जानकारी के लिए आप India Coinage Act 2011 का संदर्भ लें सकते हैं जो https://rbidocs.rbi.org.in/rdocs/Publications/PDFs/COIN281114.pdf पर उपलब्ध हैं।

2. यदि आपको दी गई जानकारी आपके आरटीआई आवेदन के अनुसार नहीं है तो आप एसपीएमसीआईएल में अपील प्राधिकारी से अपील कर सकते हैं। अपील प्राधिकारी का नाम श्री वी.जे. गुप्ता, अपर महाप्रबंधक तथा पता- 16वां तल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001 है।

भवदीय,

(के.पी. श्रीवास्तव) 01/12/17
जन सूचना अधिकारी

011-23701225-26 पंजीकृत कार्यालयः 16वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली–110001 फैक्स/Fax : 011-23701223
011-43582200 Regd. Office: 16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi - 110001 E-mail : info@spmcil.com
CIN : U22213DL2006GOI144763

DEPARTMENT OF CURRENCY MANAGEMENT

Before the Appellate Authority under the Right to Information Act, 2005, Reserve Bank of India, Central Office, Mumbai.

Appeal No.	**RBIND/A/00830** **(arising from RTI No. RBIND/R/2017/04682)**
Appellant:	**Shri Ghanshyam Verma**

Compliance by the Central Public Information Officer with the Order dated December 26, 2017 of the Appellate Authority

Query nos. in the application	Gist of the direction of the Appellate Authority	Compliance
4. क्या भारतीय रिजर्व बैंक 1934 का कोई नियम (रूल) एवं शासक (रूलर) है? यदि हा तो उसे सूचना के रूप मे प्रगत करे।	केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि अपीलकर्ता को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रासंगिक प्रावधानों के हिंदी संस्करण की एक प्रति प्रदान किया जाए।	आपके द्वारा चाही गई जानकारी के संबंध में हम आपका ध्यान हमारे website https://www.rbi.org.in/Scripts/OccasionalPublications.aspx?head=Reserve%20Bank%20of%20India%20Act%20 की ओर आकर्षित करते हैं जहाँ भारतीय रिजर्व बैंक से संबंधित जानकारी मौजूद हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रासंगिक प्रावधानों के हिन्दी संस्करण की प्रति संलग्न है।
7. क्या जिस विदेशी मुद्रा को भारत की विदेशी मुद्रा भंडार के रूप मे रिजर्व बैंक रखती है। वह विदेशी मुद्रा डॉलर एवं पाउंड आदि का वैद्य निविदा (लीगल टेंडर) है? यदि हाँ तो इसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराएं।		आवेदन की पुनः समीक्षा की गयी है। विदेशी मुद्रा के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 33 का संदर्भ लें।
9. क्या ब्याज का रुपया वैद्य रुपया है? यदि हाँ तो ब्याज के रुपये को वैद्य बटने वाले अधिनियम, नियम या आदेश के वैद्य निविदा (लीगल टेंडर) की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करावें।		ब्याज का रुपया के संबंध में, कृपया भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 26 का संदर्भ लें। अपीलीय प्राधिकारी के निर्देशानुसार भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 26 और 33 के हिंदी संस्करण की एक प्रति संलग्न की गई है।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

इस विधेयक का उद्देश्य भारत के लिए एक रिजर्व बैंक का गठन करना है। प्रथम गोलमेज सम्मेलन की परिसंघ संरचना उपसमिति ने यह सिफारिश की थी कि "भारतीय प्रत्यय और करेंसी के प्रबंध में विश्वास सुनिश्चित करने के लिए....,..........ठोस नींव पर और किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रभाव से मुक्त एक रिजर्व बैंक की यथासंभव शीघ्र स्थापना करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए जिसे करेंसी और विनिमय का प्रबंध सौंपा जाएगा।" तृतीय गोलमेज सम्मेलन की वित्तीय सुरक्षा समिति ने यह सिफारिश की थी कि "यथासंभव शीघ्र उपरोक्त आधार पर एक रिजर्व बैंक विधेयक भारतीय विधान-मंडल में पुरःस्थापित करने के लिए कदम उठाना चाहिए।" उस समिति की रिपोर्ट में यह भी लिखा गया था कि "सेक्रेटरी आफ स्टेट ने वचन दिया है कि रिजर्व बैंक की स्थापना की प्रस्थापनाओं को, जिनके अंतर्गत आरक्षिती से संबंधित प्रस्थापनाएं भी हैं, तैयार करने में प्रतिनिधिक भारतीय राय पर भी विचार किया जाएगा।"

2. उस वचन को प्रभावी करने के लिए एक प्रतिनिधि समिति का गठन किया गया था और उसकी रिपोर्ट की एक प्रति उपाबंध के रूप में संलग्न है। वर्तमान विधेयक का प्रारूप उस समिति की सिफारिशों के अनुसार तैयार किया गया है।

शिमला;
4 सितंबर, 1933

जार्ज शुस्टर

आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 07.05.2018

सूचना के लिए आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

सक्षम– केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी /रिजर्व बैंक ऑफ इन्डिया, मुम्बई

आवेदन का नाम– घनश्याम वर्मा

आवेदन का पता– ... **जिला–देवरिया उ०प्र०।**

अपेक्षित सूचना का विवरण– प्रार्थी को निम्न बिन्दुओं पर हिन्दी में सूचना चाहिए।

1. क्या भारतीय रूपये का अवमूल्यन भरतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अन्तर्गत किया जाता है? यदि हाँ तो उक्त अधिनियम में उल्लेखित धारा की सूचना देते हुए उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।
2. क्या प्रार्थी या कोई नागरिक सोने, चाँदी, लोहा, या कागज का रूपया बैंक में जमा करें तो उस पर अंकित मूल्य पर बैंक जमा करेगा या बाजार मूल्य पर जमा करेगा? इसे सूचना के रूप में प्रकट करें।
3. क्या रिजर्व बैंक के गवर्नर द्वारा नोटों पर लिखे "मै धारक को..........रूपये अदा करने का वचन देता हूँ।" यह वचन रिजर्व बैंक के प्रारम्भिक काल से है या परिवर्तन किया गया वचन है?
   यदि परिवर्तन किया हुआ है,तो
   - रिजर्व बैंक के प्रारम्भ में नोटों पर गवर्नर का वचन क्या होता था?
   - वर्तमान बैंक नोटो पर दिये गये गवर्नर का बचन किस दिनांक व सन् से चल रहा है।
   - रिजर्व बैंक के प्रारम्भ से अब तक कितने बार गवर्नर के वचनों में परिवर्तन किस–किस दिनांक को किये गये है? उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।

प्रार्थी

घनश्याम वर्मा

घनश्याम वर्मा

स्थानः ... **जिला देवरिया।**

दिनांकः 07.05.2018

पोस्टल आर्डर फीस का विवरण

44F 272163

सूचना का अधिकार अधिनियम - 2005 हमारी संदर्भ संख्या :RBIND/R/2018/02215

प्रश्न	हमारा उत्तर
1.क्या भारतीय रूपये का अवमूल्यन भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के अंतर्गत किया जाता है? यदि हाँ , तो युक्त अधिनियम मैं उल्लेकित धारा की सूचना देते हुए उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाए।	हाँ। आरबीआई अधिनियम,1934 की प्रस्तावना से और धाराएं 17(3)(ए), 40 और 45डब्ल्यू से आरबीआई को फॉरेक्स मार्केट परिचालनों के लिए शक्तियाँ प्राप्त हैं। प्रमाणित प्रतिलिपि संगलन है।
2. क्या प्रार्थी या कोई नागरिक सोने, चाँदी लोहा या कागज़ का रुपया बैंक मैं जमा करे तो उसस पर अंकित मूल्य पर बैंक जमा करेगा या बाज़ार मूल्य पर जमा करेगा? इस्रो सूचना के रूप मैं प्रस्तुस्त करें	पूछा गया प्रश्न अस्पष्ट है और मांगी गई जानकारी भी स्पष्ट नहीं है।
3.क्या रिजर्व बैंक के गवर्नर द्वारा नोटों पर लिखे "मैं धारक को .... रुपये अदा करने का वचन देता हूँ। " यह वचन रिजर्व बैंक के प्रारम्भिक काल से है या परिवर्तन किया गया वचन है? यदि परिवर्तन किया हुआ है, तो ■ रिजर्व बैंक के प्रारम्भ में नोटों पर गवर्नर का वचन क्या होता था? ■ वर्तमान बैंक नोटो पर दिये गए गवर्नर का वचन किस दिनांक व सन से चल रहा है। रिजर्व बैंक के प्रारम्भ से अब तक कितने बार गवर्नर के वचनों में परिवर्तन किस- किस दिनांक को किया गए हैं? उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर वचन खंड सिर्फ अंग्रेजी में छापा जाता था, जो था "I promise to pay the bearer a sum of Rupees............" इसके बाद सन 1968 से बैंक नोटों पर अंग्रेज़ी के साथ – साथ हिन्दी मे भी वचन खंड को छापे जाने की प्रथा शुरू की गयी, जिसे आज तक जारी रखा गया है।

भा. रि. बैं., के. का., मुंबई
वित्तीय बाजार परिचालन विभाग
FINANCIAL MKTS. OPERATIONS DEPTT.
R.B.I., C.O., MUMBAI

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934

अधिनियम की प्रस्तावना

भारतीय रिज़र्व बैंक गठित करने के लिए अधिनियम

बैंक-नोटों का निर्गमन करने और [2][भारत] में मुद्रा-स्थिति की सुदृढता बनाए रखने की दृष्टि से आरक्षित राशियों का रखा जाना नियत्रित करने के लिए तथा समष्टिगत रूप से देश की करेंसी और प्रत्यय व्यवस्था को देश के लाभार्थ चलाने के लिए एक रिज़र्व बैंक का गठित करना समीचीन है;

धारा 17

रिज़र्व बैंक एतत्पश्चात विनिर्दिष्ट अनेक प्रकार के कारबार चलाने और उनका निष्पादन करने के लिए प्राधिकृत होगा, अर्थात :-

3 (क) [विदेशी मुद्रा] अनुसूचित बैंको,''' से खरीदना और उनको बेचना;''''

धारा 40

रिज़र्व बैंक किसी ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति को या से, जो मुंबई, कलकता, दिल्ली या मद्रास के उसके कार्यालय में [9][या उसकी ऐसी शाखाओं में, जैसी केंद्रीय सरकार आदेश द्वारा अवधारित करे,] इसकी बाबत मांग करता है, विनिमय की ऐसी दरो पर और ऐसी शर्तों पर, जो केंद्रीय सरकार जहां तक विनिमय दरों का संबंध है अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा निधि की अपनी बाध्यताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर साधारण या विशेष आदेश द्वारा अवधारित करे, विदेशी मुद्रा का क्रय या विक्रय करेगा;

धारा 45W

डेरिवेटिव, मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंटस आदि मे लेनदेन को विनियमित करने की शक्ति। (1) रिज़र्व बैंक, सार्वजनिक हित मे, या अपने फायदे के लिए देश की वितीय प्रणाली को विनियमित करने, ब्याज दरों या ब्याज दर उत्पादों से संबंधित नीति का निर्धारण कर सकता है और उस तरफ सभी एजेंसियों या उनमें से कोई भी निर्देश दे सकता है प्रतिभूतिया, मुद्रा बाजार के साधन, विदेशी मुद्रा, डेरिवेटिव या अन्य तरह के औजार जैसे कि बैंक समय-समय पर निर्दिष्ट हो सकते हैं:

THE RESERVE BANK OF INDIA ACT 1934

Preamble to the Act

An Act to constitute a Reserve Bank of India

WHEREAS it is expedient to constitute a Reserve Bank for India to regulate the issue of Bank notes and the keeping of reserves with a view to securing monetary stability in 2[India] and generally to operate the currency and credit system of the country to its advantage

Section 17
The Bank shall be authorized to carry on and transact the several kinds of business hereinafter specified, namely:-

B. (3) *(a)* the purchase from and sale to scheduled banks 1* * * of foreign exchange* * *

Section **40.** The Bank shall sell to or buy from any authorised person who makes a demand in that behalf at its office in Bombay, Calcutta, Delhi or Madras 3[or at such of its branches as the Central Government may, by order, determine], foreign exchange at such rates of exchange and on such conditions as the Central Government may from time to time by general or special order determine, having regard so far as rates of exchange are concerned to its obligations to the International Monetary Fund

45W. Power to regulate transactions in derivatives, money market instruments, etc.

(1) The Bank may, in public interest, or to regulate the financial system of the country to its advantage, determine the policy relating to interest rates or interest rate products and give directions in that behalf to all agencies or any of them, dealing in securities, money market instruments, foreign exchange, derivatives, or other instruments of like nature as the Bank may specify from time to time:

आर टी आई रिजर्व बैंक दिनांक 12.09.2018

सूचना के लिए आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005

समक्ष– केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/ भारतीय रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, मुम्बई।

आवेदक का नामः घनश्याम वर्मा

आवेदक का पताः जि0 देवरिया उ0प्र0।

आपेक्षित सूचना का विवरण– प्रार्थी को निम्न बिन्दुओं पर हिन्दी में सूचना चाहिए।

1. क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर गर्वनर का बचन खण्ड सिर्फ अंग्रेजी में **"I PROMISE TO PAY THE BEARER ON DEMAND THE SUM OF————RUPEES AT ANY OFFICE OF ISSUE"** लिखा (छापा) जाता था या नही ?
   यदि यही उपरोक्त बचन खण्ड लिखा (छापा) जाता था तो,
   यह गर्वनर का बचन खण्ड किस दिनांक व सन् में परिवर्तन किया गया ? इसकी प्रमाणिक सूचना उपलब्ध करावें।
2. क्या भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक नोटों पर लिखें गर्वनर के बचन खण्ड के परिवर्तन करने का प्राविधान किसी अधिनियम, नियम, या संविधान में उल्लेखित है ? यदि हां तो उस उल्लेखित अधिनियम, नियम, या संविधान की धारा की जानकारी देते हुए उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्द्ध करावें।
3. क्या रिजर्व बैंक के परिचालन हेतु प्रारम्भिक काल में शेयर होल्डर थे ? यदि हां तो रिजर्व बैंक के प्रारम्भिक काल में शेयर होल्डरों की संख्या कुल कितनी थी ? उनका नाम एवं परिचय क्या है/था ? इसकी प्रमाणिक प्रतिलिपि उपलब्द्ध करावें।
4. क्या धातुओं से बने रुपयें के सिक्कों को बैंक द्वारा सिक्कों पर अंकित मूल्य के अनुसार जमा करता है ? या धातुओं के बाजार दर के अनुसार जमा करता है ?
   इसकी प्रमाणिक सूचना उपलब्द्ध करावें।
5. क्या बैंक प्राप्त ब्याज के रुपयें को मूलधन में परिवर्तन करता है या नही ? यदि हां तो – 01 अप्रैल सन 1960 से 31 मार्च सन् 2018 तक प्राप्त रुपयें के ब्याज को मूलधन में परिवर्तन किये गये रुपयें की मात्रा कितनी है ? प्रत्येक वर्ष कितने–कितने ब्याज के रुपयें को मूलधन में परिवर्तन किया गया ? इसका ब्यौरा उपलब्ध कराते हुए सूचना के रुप में प्रगट करें।
6. रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की स्थापना किस शासक (RULER) के द्वारा स्थापित किया गया ? उस शासक के नाम को सूचना के रुप में प्रकट करें

स्थानः जिला देवरिया

दिनाकः 12·9·2018

पोस्टल आर्डर का विवरणः
नं. 44 F 272355

प्रार्थी

घनश्याम वर्मा

घनश्याम वर्मा

मो0 :

Annex

RBIND/R/2018/03918/2

Shri Ghanshyam Verma

प्रश्न संख्या	प्रश्न	जवाब
1	क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर गवर्नर का बचन खंड सिर्फ अँग्रेजी में "I PROMISE TO PAY THE BEARER ON DEMAND THE SUM OF ____ RUPEES AT ANY OFFICE OF ISSUE" लिखा छापा जाता था या नहीं? यदि यही उपरोक्त बचन खंड लिखा (छापा) जाता था तो, यह गवर्नर का बचन खंड किस दिनांक व सन में परिवर्तन किया गया? इसकी प्रमाणिक सूचना उपलब्ध करावें।	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रारम्भिक काल से निर्गमित बैंक नोटों पर वचन खंड सिर्फ अंग्रेज़ी में छापा जाता था, जो था "I promise to pay the bearer a sum of Rupees............" इसके बाद सन 1968 से बैंक नोटों पर अंग्रेज़ी के साथ - साथ हिन्दी मे भी वचन खंड को छापे जाने की प्रथा शुरू की गयी, जिसे आज तक जारी रखा गया है।
2	क्या भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक नोटों पर लिखे गवर्नर के बचन खंड के परिवर्तन करने का प्रावधान किसी अधिनियम, नियम या संविधान में उल्लेखित है? यदि हाँ तो उस उल्लेखित अधिनियम, नियम, या संविधान क धारा की जानकारी देते हुए उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।	भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के धारा 25 के अनुसार बैंक नोट के डिज़ाइन, रूप और सामग्री से संबन्धित सभी निर्णय केन्द्रीय बोर्ड द्वारा की गयी सिफ़ारिश पर विचार करने के पश्चात केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाता है। अंतिम निर्णय केंद्र सरकार का होता है।
3	क्या रिजर्व बैंक के परिचालन हेतु प्रारम्भिक काल मे शेयर होल्डर थे?यदि हाँ तो रिजर्व बैंक के परिचालन हेतु प्रारम्भिक काल मे शेयर होल्डरों की संख्या कुल कितनी थी? उनका नाम एवं परिचय क्या है / था? इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करावें।	भारतीय रिज़र्व बैंक के मूल शेयरधारकों की संख्या विभिन्न रजिस्टरों में निम्नानुसार थी: बॉम्बे - 28,000 कलकत्ता - 23,890 दिल्ली - 23,000 मद्रास - 14,000, एवं रंगून - 3,157 उपरोक्त शेयरों के आबंटन से संबंधित जानकारी पुणे स्थित हमारे अभिलेखागार में उपलब्ध चार रजिस्टरों में हैं। प्रत्येक रजिस्टर में लगभग 240 पृष्ठ हैं। चूंकि सभी अभिलेख बड़े हैं, अत: यदि आपकी ऐसी इच्छा हो तो, अपनी

		लागत पर निम्नलिखित पते पर स्थित हमारे अभिलेखागार की पूर्व अनुमति से इन रजिस्टरों का निरीक्षण कर सकते हैं: डॉ. आर. एल. साहू, मुख्य पुरालेखपाल कृषि बैंकिंग महाविद्यालय भारतीय रिज़र्व बैंक विश्वविद्यालय रोड पुणे – 411 016 फोन : 020 2553 7086 ईमेल : rbiarchives@rbi.org.in
4	क्या धातुओं से बने रुपये के सिक्कों को बैंक द्वारा सिक्कों पर अंकित मूल्य के अनुसार जमा करता है? या धातुओं के बाज़ार दर के अनुसार जमा करता है? इसकी प्रमाणिक सूचना उपलब्ध काराएँ।	भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के धारा 33 (4) के प्रावधानों के अंतर्गत रुपये के सिक्कों का मूल्य अपने अंकित मूल्य के अनुसार लगाया जाता है।
5	क्या बैंक प्राप्त ब्याज के रुपये को मूलधन में परिवर्तन करता है या नहीं ? यदि हाँ तो -01 अप्रैल सन 1960 से 31 मार्च सान 2018 तक प्राप्त रूप ये के ब्याज को मूलधन में परिवर्तन किए गाय रूपये की मात्रा कितनी है? प्रत्येक वर्ष कितने - कितने ब्याज के रुपये को मूलधन में परिवर्तन किया गया? इसका ब्योरा उपलब्ध कराते हुए सूचना के रूप में प्रगत करे।	वांछित जानकारी हमारे पास उपलब्ध नहीं है।
6	रिजर्व बैंक आफ इंडिया की स्थापना किस शासक (RULER) के द्वारा स्थापित किया गया? उस शासक के नाम को सूचना के रूप मेन प्रकट करें।	भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल 1935 को हुई। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम में 'शासक' या 'रूलर' का कोई प्रावधान नहीं है|

भारतीयरिज़र्वबैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

कें.का. मा.सं.प्र.वि. आर.आई.ए. सं. S752 /07.50.05/2020-21 26 मार्च 2021

By Speed Post

श्री घनश्याम वर्मा
जि. देवरिया
उत्तर प्रदेश 274701

